राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-327
लखनऊ, बुधवार 17 जुलाई 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



राजधानी को मिलेगा नया नगर निगम मुख्यालय 03

छिंदवाड़ा को आधुनिक छिंदवाड़ा में बदलने के लिए सरकार प्रतिबद्ध 12

## यूपी में इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने पर छूट अक्टूबर 2027 तक बढ़ी

समृद्धि न्यूज

▸ इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण व गतिशीलता नीति-2022 में संशोधन

**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ सरकार ने उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने पर छूट को अक्टूबर 2027 तक बढ़ा दिया है। इस संबंध में राज्यपाल ने भी मंजूरी दे दी है।

उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने वाले ग्राहकों को सब्सिडी देने की व्यवस्था है, ताकि इसे खरीदने के प्रति लोगों का रुझान बढ़ सके। यह सब्सिडी दोपहिया वाहनों पर 5,000 रुपये और चार पहिया वाहनों पर 1 लाख रुपये है। अभी तक इलेक्ट्रिक वाहन खरीद पर छूट सिर्फ एक साल के लिए थी, जो अक्टूबर 2023 में खत्म हो गई थी।

राज्यपाल ने उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण एवं गतिशीलता नीति-2022 में संशोधन को मंजूरी दे दी है। इसके मुताबिक, तिपहिया वाहनों पर मिलने वाली छूट खत्म कर दी गई है। दोपहिया और चार पहिया वाहनों के साथ ही सरकार तिपहिया वाहनों पर भी 12,000 रुपये की छूट देती थी। सरकार ने इसकी अवधि नहीं बढ़ाने का फैसला किया है।

## योगी सरकार ने डिजिटल अटेंडेंस सिस्टम को दो महीने के लिए किया स्थगित

### मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने जारी किया आदेश, गठित होगी समिति, विचार-विमर्श करने के बाद तय होगी आगे की रणनीति

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के उस फैसले के खिलाफ सरकारी शिक्षक लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे थे जिसमें उसने डिजिटल अटेंडेंस सिस्टम को अनिवार्य कर दिया था, शिक्षकों के विरोध प्रदर्शन के आगे यूपी की योगी सरकार झुक गई हैं और उसने डिजिटल अटेंडेंस सिस्टम को दो महीने के लिए स्थगित कर दिया है।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने आदेश जारी कर दिया है। सरकार ने फैसला लिया कि विशेषज्ञ समिति बनाई जाएगी जो अगले दो महीनों में शिक्षकों के मुद्दों पर विचार-विमर्श कर आगे की रणनीति तय करेगी। मुख्य सचिव के साथ आज मंगलवार को शिक्षक संगठनों की बैठक हुई जिसमें प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा शानमुगम सुंदरम, डीजी स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा भी मौजूद रहीं। शिक्षक संघों में महिला शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुलोचना मौर्या के अलावा प्राथमिक शिक्षक संघ के दिनेश शर्मा, जूनियर शिक्षक संघ समेत कई अन्य शिक्षक नेता मौजूद रहे। बैठक में मुख्य सचिव ने डिजिटल अटेंडेंस को स्थगित कर अफसरों और शिक्षक संघ के पदाधिकारियों को शामिल कर कमेटी गठन कर निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं। उत्तर प्रदेश के सरकारी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के हजारों शिक्षकों ने बेसिक शिक्षा परिषद के डिजिटल अटेंडेंस सिस्टम को लागू करने के फैसले के खिलाफ विरोध जताया था। विरोध के जवाब में बेसिक शिक्षा विभाग का कहना था कि शिक्षकों आश्वासन दिया कि शिक्षक 30 मिनट तक देरी से अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकते हैं और देरी का कारण बताना होगा। इससे शिक्षकों की चिंता पूरी तरह से दूर नहीं हुई थीं और उन्होंने अपना विरोध जारी रखा।शिक्षकों का तर्क था कि दूरदराज के गांवों में खराब इंटरनेट कनेक्टिविटी के कारण ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करना मुश्किल हो जाता है।

### परिषदीय शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी का मुद्दा पहुंचा हाईकोर्ट

**लखनऊ।** पूरे प्रदेश में परिषदीय शिक्षकों के ऑनलाइन हाजिरी के विरोध के बीच हाईकोर्ट के पूर्व अधिवक्ता और 72825 भर्ती में चयनित शिक्षक अनुराग सिंह ने इस मुद्दे पर हाईकोर्ट में याचिका की है। उनका तर्क है कि शिक्षकों की नियुक्ति जिला या ब्लॉक मुख्यालय के साथ सुदूर और दुर्गम क्षेत्रों में होती है जहां शिक्षक 40 से 100 किमी दूर से नौकरी करने आते हैं। ऐसी परिस्थिति में बिना उनकी समस्याओं का समाधान किए वेतन काटने की धमकी देकर काम नहीं कराया जा सकता है। अनुराग सिंह का कहना है कि शिक्षकों की सैकड़ों समस्याओं को न सुलझाकर उनपर जबरन ऑनलाइन हाजिरी को थोपा जा रहा है। प्रदेश सरकार से मांग की गई है कि शिक्षक संगठनों से वार्ता करके और व्यवहारिक समस्याओं का समाधान करने के बाद ही ऑनलाइन हाजिरी लागू करने पर विचार किया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### सिसोदिया की याचिका पर सीबीआई-ईडी को सुप्रीम नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली की कथित आबकारी नीति घोटाले में भ्रष्टाचार और धनशोधन के अलग-अलग दर्ज मुकदमों के आरोपी पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर मंगलवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया हैं। न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने केंद्रीय जांच एजेंसियों- सीबीआई और ईडी को नोटिस जारी कर मामले पर अगली सुनवाई के लिए 29 जुलाई की तारीख मुकर्रर की। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री सिसोदिया की जमानत याचिका पर 11 जुलाई को संबंधित पीठ के सदस्य न्यायमूर्ति संजय कुमार के मामले से अपने को अलग कर लेने कारण तब सुनवाई नई पीठ के गठन तक टाल दी गई थी। इसके बाद मुख्य न्यायाधीश ने एक नई पीठ का गठन किया।

### राष्ट्रपति ने की सुप्रीम कोर्ट में दो जजों की नियुक्ति

**नयी दिल्ली।** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर तथा लद्दाख उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एन. कोटेश्वर सिंह और मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायाधीश आर. महादेवन को उच्चतम न्यायालय में नियुक्त किया गया है। विधि एवं न्याय मंत्रालय ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। विज्ञप्ति के अनुसार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा की गयी ये नियुक्तियां इन न्यायाधीशों के कार्यभार संभालने की तिथि से प्रभावी होंगी। विज्ञप्ति में कहा गया, राष्ट्रपति ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 124 के खंड (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह, मुख्य न्यायाधीश, जम्मू और कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय, (मूल उच्च न्यायायल मणिपुर) और आर. महादेवन, न्यायाधीश, मद्रास उच्च न्यायालय को वरिष्ठता के उस क्रम में भारत के उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों के रूप में नियुक्त किया है।

### एंटी करप्शन टीम ने रिश्वत लेते जेई को किया गिरफ्तार

**मेरठ।** एंटी करप्शन विभाग की टीम ने मंगलवार को 40 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए ग्रामीण अभियंत्रण सेवा में तैनात जेई को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित जेई के खिलाफ सिविल लाइन थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। विकास भवन स्थित ग्रामीण अभियंत्रण सेवा में तैनात अवर अभियंता धीरज कुमार ने एक ठेकेदार पुनीत जिंदल की बकाया रकम जारी करने के लिए चालीस हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। ठेकेदार ने एंटी करप्शन टीम से शिकायत करते हुए बताया कि उसने एक सड़क बनाई थी। उस सड़क का देखरेख का समय चल रहा है।

### आबकारी विभाग के दो निरीक्षक सहित तीन निलंबित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के आबकारी आयुक्त ने लखनऊ में तैनात आबकारी निरीक्षक सुनीता ओझा, प्रधान आबकारी सिपाही सुमंत मिश्र और प्रयागराज में तैनात आबकारी निरीक्षक आशुतोष उपाध्याय को कार्य में लापरवाही बरतने पर निलंबित कर दिया है। तीनों ही आबकारी विभाग के पदाधिकारी के विरुद्ध विभागीय शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। जांच के दौरान उन पर लापरवाही बरतने और अच्छा व्यवहार न करने के आरोप सही पाए गए।

## पंतनगर हो या इंद्रप्रस्थ नगर, हर निवासी की होगी सुरक्षा : योगी

### निजी भूमियों में बने निजी भवनों के ध्वस्तीकरण का कोई विषय विचाराधीन नहीं

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** मुख्यमंत्री योगी ने बीते एक माह से अपने सपनों के घर को तोड़े जाने की भ्रामक खबरों से परेशान पंतनगर, इन्द्रप्रस्थनगर एवं रहीमनगर आदि क्षेत्रों के लोगों की समस्या का समाधान कर दिया है।

मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास पहुंचे प्रभावित परिवारों के भय और भ्रम का समाधान करते हुए ने मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि पंतनगर हो या इंद्रप्रस्थ नगर, वहां निवासरत लोगों की सुरक्षा और शांतिपूर्ण जीवन के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। संबंधित प्रकरण में एनजीटी के आदेशों के क्रम में नदी के फ्लड प्लेन जोन का चिन्हांकन किया गया है। फ्लड प्लेन ज़ोन में निजी भूमि भी सम्मिलित है। लेकिन निजी भूमि को खाली कराने की न तो वर्तमान में कोई आवश्यकता है और न ही कोई प्रस्ताव है। निजी भूमियों में बने निजी भवनों के ध्वस्तीकरण का कोई विषय विचाराधीन नहीं है। यही नहीं, उन्होंने कहा कि फ्लड प्लेन जोन चिन्हींकरण के दौरान भवन निर्माणों पर लगाये गये संकेतों से आम जन में भय और भ्रम फैला है, इसका कोई औचित्य नहीं था और इसके लिए जवाबदेही तय की जाए। मुख्यमंत्री ने उक्त क्षेत्र में साफ-सफाई व जनसुविधाओं के विकास के लिए भी आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि तत्काल क्षेत्र में विजिट करें, लोगों से मिलें और उनका भय और भ्रम दूर किया जाए।

प्रभावित परिवारों से वार्ता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि रिवर बेड विकसित करने में यदि कोई निजी भूमि पर बना भवन निर्माण आता है, जिसका प्रमाणित स्वामित्व किसी निजी व्यक्ति का है, उसे नियमानुसार समुचित मुआवजा देकर ही अधिग्रहीत किया जाएगा। मुख्यमंत्री से मिलने के बाद प्रसन्नचित परिवारों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया और योगी हैं तो यकीन है के नारे भी लगाए।

### नदी के फ्लड प्लेन जोन का किया गया चिन्हांकन

बता दें कि कुकरैल नदी को प्रदूषण मुक्त व पुर्नजीवित करने के सम्बन्ध में सिंचाई विभाग द्वारा विगत दिनों एनजीटी के आदेशों के क्रम में नदी के फ्लड प्लेन जोन का चिन्हांकन किया गया है। नेशनल मिशन फार क्लीन गंगा की अधिसूचना-2016 के क्रम में उक्त कार्यवाही की जा रही है। कुकरैल नदी के दो प्लेन चिन्हित किये गये हैं। पहला, नदी तल और दूसरा फ्लड प्लेन जोन। रिवर बेड लगभग 35 मीटर चौड़ाई में तथा फ्लड प्लेन जोन नदी किनारे से 50 मीटर तक सिंचाई विभाग द्वारा चिन्हित किया गया है। कतिपय व्यक्तियों द्वारा फ्लड प्लेन जोन के चिन्हांकन के सम्बन्ध में कई मिथ्या तथ्यों को प्रचारित किया जा रहा था, जिसे लेकर स्थानीय जनता में भय और भ्रम का माहौल था।

### बिहार : संजीव हंस व पूर्व विधायक गुलाब यादव के घर ईडी की छापेमारी

**पटना।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने मंगलवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में भारतीय प्रशासनिक सेवा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी और पूर्व विधायक के आवास पर एक साथ छापेमारी की। हालांकि, अभी तक प्रवर्तन निदेशालय ने इसकी पुष्टि नहीं की है। जानकारी के मुताबिक, पूर्व विधायक और बसपा उम्मीदवार गुलाब यादव के झंझारपुर, पुणे जबकि आईएएस और प्रदेश के उर्जा विभाग के प्रधान सचिव संजीव हंस के पटना स्थित आवास और कार्यालय पर ईडी की टीम ने एक साथ धावा बोला। आईएएस संजीव हंस से सम्पर्क साधने की कोशिश की गई लेकिन उनका मोबाइल फोन स्विच ऑफ मिला है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, हंस और गुलाब यादव पर ईडी की यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट मामले में की गई है। ईडी की टीम मंगलवार की सुबह ईडी की टीम ने गुलाब यादव के लखनौर प्रखंड के गंगापुर स्थित आवास पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। हालांकि, इस दौरान आवास पर घर का कोई सदस्य मौजूद नहीं था।

## डोडा में आतंकवादियों से मुठभेड़ में कैप्टन समेत चार जवान शहीद

एजेंसी



**जम्मू ।** जम्मू कश्मीर के डोडा जिले में एक संयुक्त तलाश अभियान में सेना और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में सेना का एक अधिकारी समेत चार जवान शहीद हो गए हैं। यह मुठभेड़ सोमवार शाम जम्मू संभाग के डोडा कोटी गांव के शिया धार चौंढ माता वन क्षेत्र में शुरू हुई थी। सेना के शहीद जवानों की पहचान कैप्टन बृजेश थापा, नायक डी राजेश, सिपाही बिजेन्द्र और अजय के रूप में हुई है।

सैन्य अधिकारी की ओर से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुठभेड़ में एक कैप्टन समेत पांच सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। घायलों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें से एक अधिकारी समेत चार जवानों ने दम तोड़ दिया। सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर रखी है। घटनास्थल पर अतिरिक्त सुरक्षाबलों को भेजा गया। सेना की व्हाइट नाइट कोर ने कल रात सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया, विशिष्ट खुफिया सूचनाओं के आधार पर सेना और पुलिस की ओर से डोडा के उत्तर क्षेत्र में एक संयुक्त अभियान जारी किया था। रात लगभग नौ बजे आतंकवादियों की ओर से गोलीबारी की गयी, सेना की ओर से भी जवाबी कार्रवाई की गयी।

### रक्षा मंत्री ने सैनिकों के शहीद होने पर व्यक्त किया दुख

**नयी दिल्ली ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू कश्मीर के डोडा जिले में सोमवार रात आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में चार सैनिकों के शहीद होने पर गहरा दुख व्यक्त किया है। श्री सिंह ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, डोडा में आतंकवाद रोधी अभियान के दौरान सेना के चार बहादुर सैनिकों के मारे जाने पर बहुत दुखी हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। आतंकवाद रोधी अभियान जारी है और हमारे सैनिक आतंकवाद का सफाया कर क्षेत्र में शांति और व्यवस्था कायम करने के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ हैं।

### ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली, पंजाब व मध्य प्रदेश में की छापेमारी

**नयी दिल्ली।** ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में पंजाब, दिल्ली और मध्य प्रदेश के अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी की है। ओएसिस ग्रुप ऑफ कंपनी से जुड़े मालब्रोस इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के 7 अलग- अलग ठिकानों पर सर्च ऑपरेशन किया जा रहा है। इस कंपनी पर आरोप है कि इसकी यूनिट इंडस्ट्रियल वेस्ट को बोलवेल के लिए जरिए वापस जमीन में डाल रही थी। इससे मिट्टी और ग्राउंड वॉटर दूषित हो रहा था। यह मुद्दा संसद भवन के जीरो आवर में उठाया गया था। इस फैक्टरी के कारण हो रहे प्रदूषण के कारण आसपास के गांव के लोगों ने लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन भी किया था। कंपनी के खिलाफओफेन्सेस अंडर वॉटर एक्ट पीएमएलए 2002 के तहत केस दर्ज किया गया है।

## बदतर चिकित्सा पर एम्स की मांग को लेकर हाई कोर्ट में याचिका दायर

समृद्धि न्यूज

▸ हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय से मांगा जवाब

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सचिव से प्रयागराज शहर में एम्स जैसी संस्था स्थापित करने की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर जवाब मांगा है और याचिका पर अगली सुनवाई की तिथि 1 अगस्त नियत की है।

यह आदेश न्यायमूर्ति एमके गुप्ता तथा न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम की खंडपीठ ने सहज सारथी फाउंडेशन व एक अन्य की जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है। कोर्ट ने कहा कि यह कोई प्रतिकूल याचिका नहीं है। विश्वास है कि प्रयागराज शहर की स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति पर विचार करते हुए सरकार इस दिशा में सुधारात्मक उपाय करने पर विचार करेगी। याचिका पर याची अधिवक्ता सत्येन्द्र चंद्र त्रिपाठी व केंद्र सरकार की तरफ से अधिवक्ता संजय कुमार ओम ने पक्ष रखा। याची अधिवक्ता का कहना था कि प्रयागराज की चिकित्सा सुविधा की हालत सही नहीं है। यहां केंद्रीय विश्वविद्यालय व मेडिकल कालेज हैं। हाईकोर्ट सहित तमाम केंद्रीय व राज्य की संस्थाएं, लोक सेवा आयोग, डीआरटी, कैट, एनसीएलटी, रिसर्च इंस्टीट्यूट, तकनीकी कालेज आदि संस्थान हैं।

### भारत में विदेशी लॉ फर्म के आने से वकीलों को भी मिलेगा लाभ : बीसीआई

**नई दिल्ली।** बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) ने दिल्ली हाई कोर्ट में एक हलफनामा के जरिए कहा है कि भारत में विदेशी लॉ फर्म के आने से देश के वकीलों को भी लाभ मिलेगा। कार्यकारी चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 9 सितंबर को करने का आदेश दिया। बीसीआई ने कहा है कि विदेशी लॉ फर्म के भारत में आने से लीगल प्रोफेशन का स्तर ऊंचा होगा। इससे भारतीय वकीलों को ग्लोबल प्लेटफार्म पर अपनी दक्षता बढ़ाने का मौका मिलेगा। बीसीआई की ओर से किए गए संशोधन के मुताबिक अब एक साल में कोई विदेशी वकील भारत में 60 दिन काम कर सकेगा।

## 19 राज्यों में चार दिन तक भारी बारिश का अलर्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इस समय उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पूर्वोत्तर, महाराष्ट्र, केरल और कर्नाटक में मूसलाधार बारिश और बाढ़ से नदी-नाले उफान पर हैं। उत्तर प्रदेश, गुजरात, बिहार और असम तक कई राज्यों में बाढ़ का रौद्र रूप डरावना है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने आज से चार दिन तक 19 राज्यों में जोरदार बारिश का अलर्ट जारी किया है। विभाग ने पूर्वानुमान जारी किया है कि केरल, गोवा, महाराष्ट्र, कर्नाटक और गुजरात के सौराष्ट्र और कच्छ में भारी बारिश होगी। विभाग ने इसके लिए रेड अलर्ट जारी किया है। पूर्वानुमान में कहा है कि उत्तराखंड में 17-18, पूर्वी राजस्थान में 18, ओडिशा में 19 और आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में 18-19 जुलाई को भारी बारिश होगी। विभाग ने इन राज्यों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, बिहार, झारखंड, ओडिशा, पूर्वोत्तर और दक्षिण के राज्यों में भी भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। सनद रहे पिछले 24 घंटे में कई राज्यों में भारी बारिश हुई। गुजरात के वलसाड और नवसारी में घरों में पानी घुस गया। केरल के सात जिलों और कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में भारी बारिश के चलते सोमवार को स्कूल-कॉलेज बंद रहे।

### हरदोई में बाढ़ का कहर, जायजा लेने पहुंचे डीएम

**हरदोई ,समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के हरदोई सहित अन्य जिलों में बाढ़ ने भारी तबाही मचा दी है। आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो चुका है। सैकड़ों गांव और खेत खलिहान जलमग्न हो गए हैं। इस बीच, हरदोई के डीएम ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पूरी स्थिति का निरीक्षण किया। इस दौरान, उन्होंने अधिकारियों को बाढ़ में फंसे लोगों को बचाने के लिए तुरंत कदम उठाने के निर्देश दिए। बाढ़ की वजह से 83 स्कूलों को बंद करने का निर्देश दिए गए हैं। राहत एवं कार्य में तेजी लाने के लिए एसडीआरएफ, पीएसी व राजस्व की टीमें तैनात की गईं हैं। बाढ़ ने किसानों की फसलों को भी बर्बाद करके रख दिया है। बाढ़ प्रभावित गांवों के संपर्क मार्ग कट गए हैं। इससे प्रशासनिक अधिकारियों को राहत-सामग्री पहुंचाने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में बीते दिनों डीएम की अगुवाई में बैठक भी हुई।

## मुकेश सहनी के पिता की हत्या पर राहुल गांधी ने जताया दुख

एजेंसी

**पटना/दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के पिता की हत्या की निंदा करते हुए मंगलवार को कहा कि बिहार सरकार से अपेक्षा है कि वो तुरंत कार्रवाई कर हत्यारों को कड़ी सजा दिलवाएं और सहनी परिवार को न्याय दिलाएं।

राहुल गांधी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट किया, विकासशील इंसान पार्टी के संस्थापक, बिहार के पूर्व मंत्री और ढ्ढह्रष्ढ्ढ के हमारे साथी मुकेश सहनी जी के पिता जीतन सहनी जी की निर्मम हत्या का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। मुकेश जी और उनके समस्त परिवार को अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और इस निंदनीय अपराध की कड़ी भर्त्सना करता हूं।

### जल्द होगा खुलासा : डीआईजी

**दरभंगा।** दरभंगा में वीआईपी चीफ मुकेश सहनी के पिता जीतेन सहनी की बेरहमी से हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ा दावा किया है। दरभंगा रेंज के डीआईजी बाबू राम ने मामले में कहा कि हत्या से जुड़े कई अहम सुराग पुलिस को मिले हैं और पुलिस की अलग अलग टीम उस पर जांच कर रही है। अगले सात से आठ घंटे में पूरे मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। डीआईजी ने कहा है कि जिस कमरे में सहनी के पिता का शव मिला है वहां से तीन खाली ग्लास बरामद किया गया है, जिससे पता चलता है कि कमरे में हत्या के पहले कुछ लोग और मौजूद थे।

संबोधन

अतिम शाह ने महेंद्रगढ़ पाली में आयोजित पिछड़ा वर्ग सम्मान सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा

## भूपेंद्र, दीपेन्द्र से कुशासन का हिसाब मांगने का आ गया वक्त

एजेंसी



**चंडीगढ़।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि हरियाणा में 'नॉट फाउंड सूटेबल कैंडिडेट' बताकर पिछड़ों के आरक्षण का हक मारने वाली कांग्रेस और उनके नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा और दीपेंद्र हुड्डा से उनके कुशासन का हिसाब मांगने का वक्त आ गया है।

श्री शाह ने हरियाणा के महेंद्रगढ़ पाली में मंगलवार को आयोजित पिछड़ा वर्ग सम्मान सम्मेलन को संबोधित करते हुये कहा कि राज्य का संपूर्ण समाज और विशेष कर पिछड़ा वर्ग आगामी चुनाव में तीसरी बार पूर्ण बहुमत की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा )सरकार बनाकर कांग्रेस और पिता-पुत्र (भूपेन्द्र सिंह हुड्डा और दीपेन्द्र हुड्डा) से पिछड़ों से अन्याय का हिसाब लेगी, ऐसा उन्हें पूर्ण विश्वास है। उन्होंने कहा कि श्री हुड्डा के 10 साल के कुशासन का हिसाब भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता मांगेगा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 10 साल के कुशासन में हरियाणा को सिर्फ 41 हजार करोड़ रुपये दिये थे, वहीं 10 साल में भाजपा की सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दो लाख 59 हजार करोड़ रुपये हरियाणा को दिये हैं। परिवारवाद और क्षेत्रवाद से ग्रस्त श्री हुड्डा को हरियाणा की 6,225 पंचायतों को भी हिसाब देना पड़ेगा। श्री शाह ने कहा कि भाजपा के पास पाई-पाई का हिसाब है, लेकिन श्री हुड्डा ने 10 साल के अपने कुशासन में हरियाणा को क्या दिया था, उसका भी हिसाब उनको देना पड़ेगा। नौकरियों में भेदभाव, नौकरियां और ठेकों की खुली लूट, किसानों की जमीन की लूट क्षेत्रवाद और परिवारवाद का तांडव और पिछड़ों-दलितों के साथ घोर अन्याय इन सभी बातों का हिसाब अब भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता हुड्डा पिता-पुत्र और कांग्रेस से मांगेगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि श्री मोदी ने एक गरीब और पिछड़े वर्ग के व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाया है, ये संपूर्ण पिछड़े समाज का सम्मान है।

श्री सैनी ने कहा कि पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देकर पिछड़ों को पंचायत और नगर स्थानीय निकाय में भी आरक्षण देकर और हरियाणा को कांग्रेस की तुलना में छह गुना से भी ज्यादा धन देकर सच्ची नीयत से राज्य की उन्नति का प्रयास श्री मोदी ने किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार में 71 में से 27 मंत्री पिछड़े वर्ग से हैं।

**नौकरियों में भेदभाव, नौकरियां और ठेकों की खुली लूट, किसानों की जमीन की लूट क्षेत्रवाद और परिवारवाद का तांडव और पिछड़ों-दलितों के साथ घोर अन्याय इन सभी बातों का हिसाब अब भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता हुड्डा पिता-पुत्र और कांग्रेस से मांगेगा**

# राशन वितरण न होने पर ग्रामीणों ने काटा हंगामा



- बोले, गल्ला वितरित नही होने से कोटेदार मनमानी कर कम गल्ला कार्ड धारकों को देता है

**मितौली खीरी। समृद्धि न्यूज**

तहसील क्षेत्र मितौली के ग्राम अल्लीपुर में अन्नपूर्णा भवन में राशन वितरण नही होने से ग्रामीणों ने एकजुट होकर कोटेदार के खिलाफ हंगामा करते हुए प्रधानमंत्री को एक प्रार्थना पत्र दिया। ग्रामीणों का आरोप है कोटेदार ने अभीतक सरकारी भवन से राशन वितरण कार्य नही करता है जिसके चलते ग्रामीणों में काफी रोष व्याप्त है। ब्लॉक कुंभी गोला गोकर्णनाथ के गांव अल्लीपुर में अन्नपूर्णा भवन बने हुए कई माह बीत गए लेकिन कोटेदार ने राशन वितरण का कार्य अन्नपूर्णा भवन से वितरित नही करता है। ग्रामीणों का कथन है दो मार्च को अन्नपूर्णा भवन कोटेदार को हैंडओवर किया जा चुका है।रविवार को बलजीत, पंकज शुक्ला, पूजा अवस्थी, राजेश कुमार, सुशील कुमार, लालमोहम्मद, वाहिद अली, इसरार, सुनील, पुत्तू, अभिषेक शुक्ला, रघुनाथ, मोहम्मद आमीन समेत सैकड़ों ग्रामीणों ने एकत्रित होकर कोटेदार पिंकी देवी के खिलाफ प्रार्थना पत्र प्रधान प्रतिनिधि को सौंपा। प्रार्थनापत्र पर सैकड़ो हस्ताक्षर ग्रामीणों ने किए ग्रामीणों का कहना है कोटेदार अपने सभी कार्य सरकारी दुकान अन्नपूर्णा भवन से करें। जिससे ग्रामीणों को यूनिटों का पूरा राशन मिल सके। ग्रामीणों का कहना है अन्नपूर्णा भवन से गल्ला वितरित नही होने से ग्रामीणों को कोटेदार अपने घर से मनमानी करते हुए कम गल्ला कार्ड धारकों को देता है जिसकी शिकायत पहले भी उच्च अधिकारियों से की जा चुकी है। इस संबंध में प्रधान प्रतिनिधि मजिंदर सिंह ने बताया कि फरवरी में अन्नपूर्णा भवन बनकर तैयार हो गया था। 2 मार्च को इसको हैंडओवर कोटेदार को कर दिया गया था,।लेकिन कोटेदार ने अभी तक यहां से गल्ला वितरण नही किया। जिसको लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

## पुलिस ने जनता को किया सुरक्षा के प्रति आश्वस्त

**इटावा।** मोहर्रम एवं जनपदीय कानून/सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन में समस्त थाना प्रभारी/थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत पैदल गश्त एवं संदिग्ध व्यक्ति/ वाहन चेकिंग की गयी। मोहर्रम एवं जनपद की कानून व्यवस्था/ सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी तथा सुदृढ़ बनाए रखने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के निर्देशन में जनपद के समस्त थानाध्यक्ष/ थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में पुलिस बल के साथ आबादी वाले क्षेत्रों, चौराहों, बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त एवं संदिग्ध व्यक्ति/ वाहन चेकिंग करते हुए आम लोगों से संवाद किया गया एवं उनको सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया।

# नपा अध्यक्ष ने किया ताजिया को कर्बला तक ले जाने वाले मार्गों का निरीक्षण

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

मोहर्रम से पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष गोला विजय शुक्ला रिंकू ने सभासदों एवं पालिका कर्मचारियों के साथ ताजिया को कर्बला तक जाने वाले रास्तों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि मार्गों की मरम्मत, सफाई एवं प्रकाश की उचित व्यवस्था के साथ मेला कार्यालय बनाया जाएगा।



इस दिन मुस्लिम कैलेंडर के अनुसार मोहर्रम माह के 10वें दिन हजरत इमाम हुसैन अपने 72 साथियों के साथ कर्बला के मैदान में शहीद हो गए थे। उनकी शहादत और कुर्बानी के तौर पर इस दिन को याद किया जाता है।इस अवसर पर कोतवाल रमेशचन्द्र पाण्डेय, सभासद रज्जन खान, सुफियान खान, रियाजुद्दीन, दानिश राईन, कफील, साहिद अंसारी, रविन्द्र कटियार, एस आई संदीप वर्मा, मोहित गिरि, मोहित अवस्थी, अमित श्रीवास्तव सहित पालिका कर्मी मौजूद रहे।

# सार्वजनिक कुएं पर ताजिया रखने को लेकर दो संप्रदायों के बीच हुआ तनाव

- हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने धौरहरा कोतवाली में सूचना देते हुए एसडीएम धौरहरा को सौंपा ज्ञापन

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



कुएं पर ताजिया रखने को लेकर दो संप्रदायों के बीच तनाव, हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने 5 दिन पूर्व धौरहरा कोतवाली मे सूचना दी थी जिसपर कार्यवाही होता ना देख आहात होकर, दिनांक 15/07/2024 को एसडीएम धौरहरा को सौंपा ज्ञापन, जनपद लखीमपुर खीरी की कोतवाली/तहसील - धौरहरा क्षेत्र के कुम्हेना गांव में सार्वजनिक कुएं पर ताजिया रखने को लेकर दो संप्रदायों के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। हिंदू संप्रदाय के लोगों का आरोप है कि कुएं पर गांव के हिंदू लोग आषाढी की पूजा पाठ किया करते हैं। वही मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जबरन कुएं पर ताजिया रखने का प्रयास किया है। जिससे हिंदू संप्रदाय के लोगों में तनाव की स्थिति बनी हुई है और हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों के साथ मिलकर उप जिलाधिकारी धौरहरा राजेश कुमार को ज्ञापन सौंप कर अराजकता फैलाने वाले लोगों पर कार्यवाही की मांग की है।

सीडीओ ने टीएचआर प्लांट, गो आश्रय स्थलो का किया निरीक्षण

# पशु चिकित्साधिकारी को ईयर टैग लगाने के दिये निर्देश

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

सीडीओ अभिषेक कुमार ने ब्लॉक नकहा की टीएचआर प्लांट जगसड़ इकाई और दो अस्थायी गो आश्रय स्थलो का स्थलीय निरीक्षण किया, संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

सीडीओ ने टीएचआर प्लांट में कराये जा रहे निर्माण की प्रक्रिया, उससे सम्बन्धित दस्तावेजों की देखरेख की जानकारी ली।

दस्तावेजों में मिली विसंगतियों को जल्द सही करने के लिए निर्देशित किया। प्लांट में साफ-सफाई व्यवस्था और सामान का रख-रखाव उचित नहीं मिला, जिसके लिए बीडीओ को नयी रैक बनाने के लिए निर्देशित किया। सीडीओ ने डीएमएम को टीएचआर प्लांट का साप्ताहिक निरीक्षण करने के निर्देशित किया।



इसके बाद उन्होंने ब्लॉक नकहा के ग्राम परसा और भीरा घासी में स्थित अस्थायी गौ आश्रय स्थल का भी स्थलीय निरीक्षण किया। अस्थायी गौशाला परसा में 200 जानवर पाये गये, जिसमें 02 जानवर बीमार पाये गये। जिनका ईलाज कराया जा रहा था। पशुओं की संख्या के सापेक्ष टीन शेड कम पाए गये। सीडीओ ने गोवंश की संख्या देखते हुए एक टीन शेड बढ़ाने के लिए निर्देशित किया। गौशाला में जमे कीचड़ को जल्द से साफ करा कर वहां बालू डलवाने के निर्देशित किया। अस्थायी गौ आश्रय स्थल भीरा घासी के निरीक्षण में 196 पशु संरक्षित पाये गए, जिनमें 06 नये जानवर लिये जाने के कारण उनके पास ईयर टैग नहीं थे। इसके लिए सीडीओ ने पशु चिकित्सा अधिकारी को तत्काल ईयर टैग लगाने का निर्देश दिए।

सीडीओ ने गौशालाओं में कम्पोस्ट पिट गोबर प्रबंधन के लिए विशेष प्रयास करने, गौशाला में साफ-सफाई को बेहतर करने के लिए खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान जानवरों के पीने के लिए पानी की व्यवस्था और खाने के लिए हरा चारा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध मिला।

पीने के पानी हेतु अतिरिक्त हैड बनाने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त श्रम रोजगार विपिन कुमार चौधरी, बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी व अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## क्षेत्र पंचायत की बैठक में हुई विकास के मुद्दे पर चर्चा

**ईसानगर खीरी।** ईसानगर ब्लाक के प्रांगण में मंगलवार को क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान ब्लाक प्रमुख ग्राम प्रधान बीडीसी सदस्य सहित अन्य अधिकारियों ने क्षेत्र के विकास कार्यों पर मंथन किया।

ब्लाक प्रांगण में मंगलवार को आहूत बैठक में ब्लाक प्रमुख आलोक कटियार (दीपू भैया), बीडीओ नीरज दुवे के अलावा ग्राम प्रधान व बीडीसी सदस्य मौजूद रहे। इस दौरान ग्राम प्रधानों सहित अन्यों ने क्षेत्र में विकास को लेकर प्रस्ताव के पत्र दिए।ब्लॉक प्रमुख आलोक कटियार ने क्षेत्र में विकाश को पहली प्राथमिकता देते हुए कई विकाश कार्यों पर चर्चा की, साथ ही अधिकारियो से कहा हमारी भाजपा पार्टी बेहतर विकाश को प्राथमिकता देती है, ग्राम प्रधान हर ग्राम पंचायत को बेहतर विकसित करने के लिए पहली कड़ी होते है, ग्राम पंचायतों के विकाश में कोई बाधा न उत्पन्न होने पाए, ग्राम स्तर का बेहतर विकाश हो, इसको प्राथमिकता के आधार पर देखना सुनिश्चित करें। वहीं, कार्यक्रम में उपस्थित सपा पार्टी के उपाध्यक्ष सांसद प्रतिनिधि के तौर पर क्षेत्र पंचायत बैठक में उपस्थित रामपाल यादव, ने सर्वप्रथम सभागार हॉल का मुद्दा रखा, उन्हें कहा मीटिंग ब्लॉक परिसर में खुले में न करवाकर हाल में हो, साथ ही स्वास्थ्य व शिक्षा, विकास , को लेकर बात की ।

## खबरें एक नजर में

### व्यापार मंडल ने 14 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

**इटावा।** आनलाइन व्यापार पर अतिरिक्त टैक्स, मंडी टैक्स खत्म करनें,आयकर सीमा बढ़ाने आदि मांगों को केन्द्रीय बजट में शामिल करनें को लेकर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल नें केन्द्रीय वित्त मंत्री को संबोधित 14 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा इटावा- आगामी बजट में व्यापारियों व उद्योगों की समस्याओं को शामिल करनें हेतु उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल इटावा उ.प्र.के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित के नेतृत्व में व्यापारियों ने केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को संबोधित एक 14 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी इटावा के माध्यम से सौंपा गया जिसे अतिरिक्त मजिस्ट्रेट श्री कौशल किशोर ने लिया, ज्ञापन में मांग की गयी कि बढ़ती हुई महंगाई को ध्यान में रखकर नगद लेन-देन की सीमा बढ़ाकर 1 लाख करने की मांग को आगामी बजट में शामिल करने की कृपा करें। आयकर में छूट की सीमा को बढ़ाकर 10 लाख किया जाए। आयकर व जी.एस.टी. देने वाले व्यापारियों के परिवार के लिए शिक्षा व स्वास्थ्य की मुफ्त व्यवस्था की जाए।

### दिव्यांगजन शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना में करें आवेदन

**इटावा।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी लक्ष्मीकांत त्रिपाठी ने अवगत कराया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांगजन शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कर योजना का लाभ लेने हेतु ऐसे दिव्यांगजन जिनका विवाह वर्ष 2023-24 एव 2024-25 में हुआ हो वे दिव्यांग व्यक्ति आवेदन कर सकते है। ऐसे दम्पत्ति जिनमें केवल पति दिव्यांग हो को धनराशि रूपये 15 हजार की प्रोत्साहन राशि तथा ऐसे दम्पत्ति जिनमें केवल पत्नि दिव्यांग हो को धनराशि रूपये 20 हजार तथा ऐसे दम्पत्ति जिनमें पति एवं पत्नी दोनों ही दिव्यांग हो को को धनराशि 35 हजार की एक मुक्त राशि दोनों के संयुक्त खाते में भेजी जाती है। जो दिव्यांगजन शादी विवाह प्रोत्साहन योजना का लाभ लेना चाहते है वह दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की बेवसाईट पर ऑनलाइन आवेदन कराने के उपरान्त 15 दिवस के अन्दर आवेदन पत्र की हार्ड कापी समस्त संलग्नक प्रपत्रों के साथ कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कमरा नम्बर 37 विकास भवन इटावा में जमा कराया जाना अनिवार्य है।

### जायन्ट्स सहेली ने क्षय रोग पर नियंत्रण को लेकर किया जागरूक

**इटावा।** जायंट्स ग्रुप ऑफ इटावा सहेली ने जसवंतनगर सुघर सिंह पैरामेडिकल इंस्टिट्यूट में क्षय रोग पर कैसे नियंत्रण करें इस पर लोगो को जागृत करने का प्रयास किया। सर्व प्रथम डायरेक्टर रीमा वर्मा को तिलक वंदन कर व पटका पहना कर सम्मानित किया और जायंट्स प्रार्थना के साथ द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। पैरामेडिकल इंस्टिट्यूट के बच्चों ने नुक्कड़ नाटक कर टीवी रोग के बारे में लोगों को जागरूक करने का एक अच्छा प्रयास किया। किस प्रकार हमे इलाज कराना चाहिए और उसकी क्या पहचान है इसके बारे में बताया।जिसकी सभी ने सराहना की। जायंट्स सहेली ने छात्रों से इसी विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता कराई और प्रथम, द्वितीय, तृतीय श्रेणी पुरस्कार से सार्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया। अध्यक्ष मीनाक्षी सक्सेना ने कहा टीबी एक बड़ी बीमारी है। एक बार जब किसी व्यक्ति को टीबी रोग हो जाता है, तो वह बीमार हो जाता है और दूसरों को टीबी फैला सकता है। टीबी रोग जानलेवा हो सकता है।

# आंगनबाड़ी केंद्र में उगी घास, पड़े हैं कूड़े ढेर

- कुछ दिन पूर्व सीडीपीओ पूजा त्रिपाठी ने केंद्र का निरीक्षण कर अनुपस्थिति मिली रेहाना बानो के खिलाफ कार्यवाही की बात कही थी

**तिकुनिया खीरी, समृद्धि न्यूज।**



निघासन ब्लाक के अंतर्गत तकियापुरवा गावँ में बना आंगनबाड़ी केन्द्र सालों से नही खुला ताला। स्थानीय वासियों का कहना है कि केंद्र पर तैनात आंगनबाड़ी कार्यकत्री लखीमपुर से केंद्र चलाती है।

जानकारी के अनुसार तकियापुरवा में बना आगनबाड़ी केंद्र पर रेहना बानो तैनात है जोकि सालो से केंद्र पर नही आई है केंद्र में ताला लगा हुआ है जिससे केंद्र में कूड़ा करकट इकठ्ठा होने की वजह से बड़ी बड़ी घास जम गई है। कुछ दिन पूर्व सीडीपीओ पूजा त्रिपाठी ने केंद्र का निरीक्षण कर अनुपस्थिति मिली रेहाना बानो के खिलाफ कार्रवाई की बात कही थी जिसकी लिखित शिकायत ग्रामीणों ने सीडीपीओ को मौके पर दी थी लेकिन आगे सबकुछ ठीक हो गया। न तो कोई कार्रवाई हुई न ही आगनबाड़ी कार्यकत्री ड्यूटी पर आई। कभी भी खाद्यान व पुस्टाहार केंद्र पर नही आया है न ही कभी वितरण हुआ है। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत पोर्टल पर करने की बात कही है। इस बारे मे सीडीपीओ पूजा त्रिपाठी से बात की गई तो बताया कि उनको दो नोटिस दी जा चुकी है लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ है तीसरी नोटिस के बाद सेवा समाप्ति के लिए उच्चाधिकारियों को लिखा जाएगा।

# बाढ़ राहत-बचाव के कार्यों में हिस्सा ले रही स्वास्थ्य विभाग की टीम

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

बाढ़ राहत एवं बचाव के साथ ही आम जनमानस तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचने के लिए सभी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य टीम में काम कर रही हैं। जिसकी निगरानी के लिए एसीएमओ डिप्टी सीएमओ को भ्रमण कर निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि बाढ़ राहत एवं बचाव के कार्यों में स्वास्थ्य विभाग की टीम भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही है। मंगलवार को लखीमपुर तहसील के बाढ़ प्रभावित इलाकों के साथ ही धौरहरा, पलिया और निघासन तहसील के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ राहत स्वास्थ्य चौकिया सहित गांव-गांव तक स्वास्थ्य टीमों ने पहुंचकर लोगों को दवाएं उपलब्ध कराई। वहीं सेनेटरी पैड भी वितरित किए जा रहे हैं। इस दौरान दस्तक अभियान के अंतर्गत ओआरएस जिंक के वितरण के साथ ही स्वास्थ्य किट भी वितरित की गईं है। सभी बाढ़ राहत स्वास्थ्य चौकिया पर सर्पदंश के लिए भी पर्याप्त इंजेक्शन व दवाई उपलब्ध हैं। जिसकी मॉनिटरिंग लगातार जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा की जा रही है। इसी के साथ सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी पर्याप्त इंजेक्शन व दवाओ की उपलब्धता रखने के निर्देश सीएससी अधीक्षकों को दिए गए हैं और स्वास्थ्य टीम की निगरानी के लिए भ्रमण करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### कौशल दिवस पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**इटावा।** जन शिक्षण संस्थान प्रायोजित कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार ने आज जनपद के मोहल्ला बॉम्बे कॉलोनी सुंदरपुर मोड़ में विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर लाभार्थियों से कौशल आधारित प्रश्नोत्तरी, मेहंदी प्रतियोगिता एवं दसवें युवा कौशल दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन करके मनाया। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक हरिनारायण बाजपेई ने कहा आज भी कई ऐसे देश और समाज हैं जहां भारी संख्या में युवा बेरोजगार है यह एक वैश्विक चिंता का विषय बना हुआ है ऐसे में उन्हें कौशल बनाने और उनकी क्षमता के विकास के लिए जागरूकता पैदा करना जरूरी है इसलिए प्रत्येक वर्ष 15 जुलाई के दिन विश्व युवा कौशल दिवस मनाया जाता है।

# रुक-रुक कर सारदा नदी का कटान लगातार जारी

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

तराई क्षेत्र में नदी का जलस्तर घट रहा है लेकिन कटान में तेजी आ गई है, ग्रामीण में भय व्याप्त है,वही ग्रामीण पलायन करने को मजबूर है, दर्जनों घर नदी में विलीन होने की कगार पर खड़े हैं।

ब्लाक बिजुआ की ग्राम पंचायत बेल्हा सिकटिहा गांव में शारदा के घट रहे जलस्तर के बावजूद रविवार को करीब तीन बजे से कटान तेज हो गया है। शारदा नदी की डरावनी लहरें लोगों को आशंकित कर रही हैं। रविवार को गांव के किनारे बना देवी मंदिर देखते ही देखते सारदा नदी ने अपने आगोश में ले लिया। सैकडो एकड़ भूमि काटने के बाद शारदा बेल्हा सिकटिहा गांव के नजदीक



पहुंच गई है।ग्रामीणों का मानना है यदि इसी प्रकार सारदा का कटान जारी रहा तो जल्द ही बेल्हा गांव को भी सारदा अपने आगोश में ले लेगी। कटान की स्थिति को देखकर ग्रामीण गांव से सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर रहे हैं। स्थानीय कटान पीड़ित ग्रामीणों ने बताया कि नदी के तेज बहाव में

- बेल्हा सिकटिहा गांव के करीब पहुंची सारदा नदी, लोगो में दहशत

फसलें पहले ही बर्बाद हो चुकी हैं अब घरों का अस्तित्व खतरे में है इसलिए हम लोग अपना सामान सुरक्षित स्थान पर पहुंचा रहे है न जाने कब नदी तीव्र कटान चालू कर दे और हम लोगो के घर मकान कट जाए। ग्राम प्रधान ने बताया उपजिलाधिकारी विनोद कुमार गुप्ता व तहसीलदार गोला क्षेत्रीय लेखपाल मौके पर आए थे, कटान की स्थिति देखी नदी के किनारे रहने वालो को आगाह किया की आप लोग बाढ़ राहत चौकी या फिर किसी सुरक्षित ऊंचे स्थान पर चले जाए,एसडीएम गोला ने बताया पीड़ितो को प्रशासन द्वारा हर संभव मदद दी जाएगी।

## सूचना

**कार्यालय उप निबन्ध करनैलगंज, जनपद-गोण्डा।**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे कार्यालय (उप निबंधक करनैलगंज) में एक किता वसीयतनामा मरणोपरान्त अन्तर्गत धारा 40 जगदम्बा प्रसाद उर्फ जगदम्बिका निवासी दत्तनगर पूरे सुदई पुरवा परगना पहाडापुर तहसील करनैलगंज जिला गोण्डा वहक रामावती पत्नी जगदम्बा आदि निवासी दत्तनगर पूरे सुदई पुरवा परगना पहाडापुर तहसील करनैलगंज जिला गोण्डा भारतीय निबंधन अधिनियम अन्तर्गत धारा 40 कार्यालय में निबंधन हेतु प्रस्तुत हुआ है। जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त वसीयतनामा मरणोपरान्त अन्तर्गत धारा 40 के पंजीयन में कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अन्दर कार्यालय में प्रस्तुत होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, अन्यथा बीतने मियाद नियमानुसार मुकदमें में निर्णय कर दिया जायेगा।

## Notice

Mr. Brij Mohan Sarna s/o Nand Lal Sarna want to inform that the Original Allotment and Possession letter issued by Lucknow Development Authority. Whose address is house no 4/87, Aashirwad, situated at Vipul Khand Gomti Nagar Lucknow, which has been lost somewhere from the possession of the informant. Whoever meets Kindly send it to the said address.

**Brij Mohan Sarna, H.No 4/87, Aashirwad, Vipul Khand Gomti Nagar, Lucknow**

## सूचना

मैं श्री बृज मोहन सरना पुत्र नन्द लाल सरना सूचित करना चाहता हूं कि लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा जारी मूल आवंटन एवं कब्जा पत्र जिसका पता मकान नं 4/87, आशीर्वाद है। विपुल खंड गोमती नगर लखनऊ में स्थित है। जो सूचना देने वाले के पास से कहीं खो गया है। जो भी मिले कृपया बताए गए पते पर भेजें।

**बृज मोहन सरना, म.नं. 4/87, आर्शिवाद, विपुल खण्ड गोमती नगर, लखनऊ**

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने जनपद वासियों से किया आग्रह

# दैवीय आपदा में सरल जानकारियों का रखें विशेष ध्यान

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

जनपद खीरी के निवासियों से आग्रह करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि यदि किसी भी प्रकार की दैवीय आपदा जैसे – बिजली गिरना, सांप काटना या बाढ़ आना। ऐसी स्थितियों में कुछ सरल जानकारियो का विशेष ध्यान रखें। प्रशासन 24 घंटे जनपदवासियों के सहयोग के लिए तत्पर है। खुद को बचाएं और नजदीकी लोगों को भी इन जानकारियो के बारे में बताएं।

**डीएम की अपील, बाढ़ के पानी में बच्चों को खेलने, तैरने न दें:** डीएम ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अपने बच्चों को अकेले तालाब व नदी में नहाने व खेलने न दें, परिवार का कोई बड़ा सदस्य बच्चों के साथ अवश्य जाये। आगामी वर्षा के मौसम में तालाबों में जलस्तर बढ़ने से दुर्घटना की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। कृपया सभी विशेष ध्यान रखें। यदि आपके क्षेत्र में बाढ़ आ जाती है तो कृपया ध्यान रखें कि बाढ़ के पानी से दूरी बनाए रखें। बच्चों को बाढ़ के पानी में खेलने, तैरने न दें। बाढ़ के पानी के संपर्क में आए खाने-पीने की वस्तुओं का सेवन बिलकुल न करें। यदि आपको उल्टी, बुखार, दस्त, आंखों में खुजली की शिकायत होती है। तो कृपया नजदीकी बाढ़ चौकी में संपर्क कर वहां अपना उपचार कराए।

**आसमान से बिजली गिरे तो क्या करें इन बातों का रखें ध्यान:** डीएम ने बताया कि अगर बिजली गिरती है तो कृपया पक्के मकान के अंदर ही रहे और मकान के दरवाजे, बरामदे, और छत से दूरी बनाकर रखें। यदि आप रास्ते में कहीं जा रहे हैं, तो अपने वाहन के अंदर ही रहे। यदि आप खेत खलिहान में हैं, तो कृपया तुरंत अपने पैरों के नीचे कुछ सूखे पत्ते, प्लास्टिक, लकड़ी या बोरे रख ले। यदि आप कहीं सुरक्षित स्थान से दूर है, तो कृपया अपने कानों को बंद करके उकडू की स्थिति में आए।

**सांप ने काट लिया तो घबराएं नहीं, नजदीकी अस्पताल लेकर जाएं:** डीएम ने बताया कि यदि आपके यहां किसी को सांप काट जाता है। तो कृपया घबराएं नहीं, उसको नजदीकी अस्पताल लेकर जाएं। किसी भी ओझा या तांत्रिक के झाड़-फूंक के लिए ना लेकर जाएं।यह ध्यान रखें जिस अंग पर सांप काटा है, उसे मुड़ने ना दें और कसाव वाली वस्तुएं जैसे बेल्ट, जूता इनको ढीला खोल दे।

# अब ट्राली से मरीजों के वार्ड में उनके बेड तक पहुंच रहा है भोजनः सीएमएस

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

जिला पुरुष चिकित्सालय/ मेडिकल कॉलेज में भर्ती मरीज व एक तीमारदार को दिए जा रहे भोजन के लिए अब ट्रॉली की व्यवस्था कर दी गई है। जिससे अब प्रत्येक वार्ड में पहुंचकर भोजन वितरण किया जाएगा। जिसकी शुरुआत मंगलवार से हो गई है।

सीएमएस डॉ आरके कोली ने बताया कि जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों व एक तीमारदार के लिए शासन द्वारा भोजन की व्यवस्था की गई है। इसके लिए पहले से निर्धारित कैंटीन संचालित है। जहां पर शुद्ध एवं



गुणवत्ता पूर्ण भोजन बनाया जा रहा है। अभी तक ट्रॉली की व्यवस्था न होने के चलते मरीजों के लिए उनके तीमारदारों को किचन तक जाकर भोजन लेने जाना पड़ता था इस संबध में सीएमएस ने प्राचार्य डॉ आर्य देश दीपक से भोजन ट्रॉली उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था। जिससे मरीज के बेड तक भोजन पहुंचाया जा सके। मंगलवार से इस ट्राली की शुरुआत हो गई है। जिससे अब मरीजों को ना तो दौड़ भाग करनी होगी और उन्हें समय पर उनके बिस्तर पर ही भोजन उपलब्ध हो जाएगा।

# निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित निरीक्षण करें अधिकारी

**उच्च शिक्षा मंत्री ने की विवि के निर्माण कार्यों की समीक्षा**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने मंगलवार को विधानसभा समिति सभागार में सहारनपुर, अलीगढ़, आजमगढ़, बलिया विश्वविद्यालय के निर्माण कार्यों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक की।

इस बैठक में उन्होंने माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़, महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़, और जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और उन्हें गुणवत्ता के साथ समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए। मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित निरीक्षण किया जाए। इसके अतिरिक्त, विश्वविद्यालयों में रिक्त पदों को शीघ्र भरने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए ताकि शैक्षणिक वातावरण को और बेहतर बनाया जा सके। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि योगी सरकार युवाओं को उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए कटिबद्ध है।

# छात्रों की बायोमेट्रिक उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम हुई तो नहीं मिलेगी छात्रवृत्ति

## विशेष सचिव संजय कुमार दुबे की ओर से जारी किया गया पत्र, उच्च शिक्षण संस्थानों में बायोमेट्रिक्स मशीन लगाना अनिवार्य

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई करने और छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य है। उच्च शिक्षण संस्थानों में यह मशीन लगाई जानी है। छात्रों की बायोमेट्रिक उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम हुई तो छात्रवृत्ति नहीं मिलेगी।

उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओर से संचालित पूर्व दशम, दशमोत्तर और पीएम यशस्वी योजना के तहत उच्च शिक्षण संस्थानों में दी जा रही छात्रवृत्ति के लिए बायोमेट्रिक्स उपस्थिति अनिवार्य की गई है। विशेष सचिव संजय कुमार दुबे की ओर से पत्र भी जारी किया गया है। पत्र में लिखा है कि साल 2024-25 में छात्रवृत्ति केवल उन्हीं विद्यार्थियों को मिलेगी जिनकी संस्थान में 75 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज होगी। उच्च शिक्षण संस्थानों में बायोमेट्रिक्स मशीन अनिवार्य रूप से लगानी होगी। शिक्षकों की तरह छात्रों को बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करानी होगी। प्रत्येक माह संस्थान की ओर से इस उपस्थिति को समाज कल्याण विभाग के पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। सत्र 2023-24 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना में छात्रों के स्तर पर आवेदन में संशोधन की अंतिम तिथि 15 फरवरी निर्धारित की गई थी लेकिन परीक्षा नियामक प्राधिकारी प्रयागराज और स्टेट मेडिकल फैकल्टी की ओर से पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों का परिणाम तय तिथि के बाद घोषित किया गया। करीब 37 हजार छात्र पूरे प्रदेश में छात्रवृत्ति से वंचित रह गए थे। डॉ. भीम राव आंबेडकर विवि के नोडल अधिकारी प्रो. अनिल गुप्ता ने बताया कि सत्र 2024-25 में छात्रवृत्ति के लिए वही विद्यार्थी पात्र होंगे जो बायोमेट्रिक हाजिरी लगाएंगे और जिनकी हाजिरी 75 प्रतिशत या इससे अधिक होगी। 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति वाले अभ्यर्थी छात्रवृत्ति योजना का लाभ नहीं उठा पाएंगे।

### वंचित छात्र 25 जुलाई से करें आवेदन

संस्थानों में बायोमेट्रिक डिवाइस लगाने के लिए श्रीट्रान इंडिया लिमिटेड को अधिकृत किया जा चुका है। सत्र 2023-24 में छात्रवृत्ति से वंचित रह गए पात्र छात्र 25 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। छात्रों के स्तर से आवेदन को सही करने की अंतिम तिथि 24 जुलाई है। आवेदन 15 जुलाई से शुरू हो गये। 30 जुलाई तक संस्थानों को आवेदन सत्यापित कर अग्रसारित करने हैं। 30 अगस्त तक छात्रों के खाते में छात्रवृत्ति की राशि हस्तांतरित कर दी जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### छात्र को ट्रैक्टर ने रौंदा, मौत, लोगों ने किया हंगामा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के गोसाईगंज में ईंट लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने छात्र को रौंद दिया। सिर पर पहिया चढ़ने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना पर भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। लोगों को देख ट्रैक्टर ड्राइवर फरार हो गया। ग्रामीण कार्रवाई की मांग करते हुए हंगामा करने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को शांत कराया। शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा दिया। इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया, कुतुबपुर के रहने वाले वीरेंद्र कुमार का बेटा राज (10) नारायनपुर में जूनियर हाई स्कूल में कक्षा सात का छात्र था। मंगलवार सुबह साइकिल से स्कूल के लिए निकला था। मोहम्मदपुर गढ़ी के पास गोमी खेड़ा की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने सामने से राज को रौंद दिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### महिला की सड़ी-गली लाश मिली, नाले में शव मिला

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में सैरपुर थाना क्षेत्र के नाले में अज्ञात महिला का पैर कटा हुआ शव मिला है। मंगलवार सुबह क्षेत्रीय लोगों ने नाले पड़े शव की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी। मौके पर पहुंची सैरपुर थाना पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकलवाया। पुलिस ने महिला के शव की शिनाख्त करवाने का प्रयास किया लेकिन पहचान नहीं हो पाई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। सैरपुर थाना क्षेत्र के आईआईएम के पीछे हनुमान टेकरी मार्ग पर नाले में शव मिला है। अज्ञात महिला का शव सड़ चुका था। हाथ पैर सड़ने के कारण कीड़े पड़ चुके थे। वहीं चेहरा भी गला हुआ था। पास में ही एक सड़ा गला पैर रोड पर पड़ा था। मृतक महिला के शरीर पर लाल छींटदार मैक्सी थी। सैरपुर थानाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार गुप्ता ने बताया कि शव मिलने पर फारेंसिक टीम को बुलाया गया। पहचान कराने की कोशिश की जा रही है।

### कांग्रेस नेताओं ने लगाए नीम, सागौन और आंवला के पौधे

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में कांग्रेस पदाधिकारियों द्वारा मंगलवार को सरोजनी नगर में कई जगह पौधरोपण अभियान चलाकर पौधे लगाए गए। कांग्रेस के प्रदेश सचिव व जिला प्रभारी अतुल सिंह के नेतृत्व में चलाए गए पौधारोपण अभियान के तहत सरोजनी नगर में अवध विहार कॉलोनी स्थित प्राथमिक विद्यालय फर्रुखाबाद चिल्लावां परिसर में पौधे लगाए गए। अवध विहार स्थित पार्क, तपोवन नगर स्थित शेख मीर शाह मजार परिसर और बाग नंबर तीन स्थित खाली पड़े स्थानों पर नीम, सागौन, अमरूद व आंवला सहित कई प्रकार के फलदार व छायादार पौधे लगाए गए। अतुल सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में ग्लोबल वार्मिंग चल रही है। जिसके कारण देश का तापमान लगातार कम-ज्यादा हो रहा है, जो मानव जीवन के साथ-साथ अन्य जीव जंतुओं के लिए बहुत ही हानिकारक है। इस मौके पर कांग्रेस के शहर अध्यक्ष डॉ. शहजाद आलम, पूर्व जिला अध्यक्ष व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी गौरव चौधरी मौजूद रहे। साथ ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य रामपाल यादव, प्रदेश महासचिव (अल्पसंख्यक) लुकमान सिद्दीकी, शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अजय कुमार, मो. सोहेल सिद्दीकी, पंकज यादव, इमरान अली, मो. निसाब सिद्दीकी, मोहम्मद सलीम, इसहाक अली, अहमद सलीम और शाहिद सहित करीब दो दर्जन से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ता व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### मदरसों में भी चलेगा एक पेड़ मां के नाम अभियान : दानिश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फएवं हज दानिश आजाद अंसारी ने कहा है कि मुख्यमंत्री ने 20 जुलाई को प्रदेश में 36.46 करोड़ पौधारोपण का संकल्प लिया है। अल्पसंख्यक विभाग के अधीन आने वाले मदरसों में भी एक पेड़ मां के नाम अभियान को सफल बनाने के लिए वृक्षारोपण किया जाना है ।राज्य मंत्री ने 16 जुलाई को निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण को निर्देश दिए हैं कि 20 जुलाई को बृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत सभी मदरसों में पौधारोपण किया जाए। उन्होंने कहा कि पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ वृक्षारोपण जन अभियान के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी मदरसा हर संभव प्रयास करें। कार्यक्रम का आयोजन करके देसी प्रजातियांपाकड़,पीपल,आम,महुआ आदि का रोपण कराएं।श्री अंसारी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण प्राकृतिक आपदाएं बढ़ रही है। इसके प्रभाव से कहीं सूखा तो कहीं अतिवृष्टि जैसी प्राकृतिक आपदाएं उत्पन्न हो रही हैं। जंगलों के अंधाधुंध कटान से पारिस्थितिक तंत्र प्रभावित हो रहा है। भावी पीढ़ी को स्वच्छ वातावरण देने के लिए पौधारोपण जरूरी है।

### पुरानी पेंशन बहाली के लिए पीएम व सीएम को ज्ञापन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पुरानी पेशंन योजना की बहाली के चलाये जा रहे आन्दोलन के क्रम में प्रदेश के समस्त जनपद मुख्यालयों सहित राजधानी लखनऊ में प्रधानमंत्री, वित्तमंत्री भारत सरकार एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को ज्ञापन सौंपने के लिए कर्मचारी प्रेरणा स्थल पर बड़ी संख्या में कर्मचारी एंव शिक्षक एकत्र हुए। अवगत कराना है कि पुरानी पेंशन योजना बहाली संयुक्त मंच केन्द्रीय कर्मचारियों (रेलवे, सिविल डिफेंस, पोस्टल, इनकम टैक्स आदि), राज्य कर्मचारियों व शिक्षकों के संयुक्त मंच द्वारा केन्द्रीय कर्मचारियों को 01 जनवरी, 2004 से व उ0प्र0 के कर्मचारियों व शिक्षकों को 01 अप्रैल, 2005 से लागू नई अंशदायी पेंशन योजना को समाप्त कर पूर्वपरिभाषित सुनिश्चित लाभ वाली पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने की मॉग की जा रही है। समेकित मंच के आवहन पर देश,प्रदेश भर के राजकीय कर्मचारी,शिक्षक विगत एक वर्ष से लगातार चरणबद्ध आन्दोलन पर थे। अखिल भारतीय स्तर पर केन्द्र व राज्य कर्मचारियों,शिक्षकों द्वारा चलाये जाने वाले आन्दोलन की श्रंखला में 07 जनवरी, 2023 को पुरानी पेंशन योजना बहाली संयुक्त मंच का गठन किया गया तथा 21 जनवरी, 2023 को प्यारे लाल भवन सभागार, नई दिल्ली में राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित कर सर्वसम्मति से वृहद आन्दोलन चलाये जाने का निर्णय लिया गया।

# जनहित के कार्यों में होगा राजस्व से मिली धनराशि का इस्तेमाल : योगी

**राजस्व बढ़ाने के लिए नए स्रोत तलाशने के अधिकारियों को निर्देश**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राजस्व के तौर पर मिली धनराशि का इस्तेमाल जनहित के कार्यों में किया जायेगा। उन्होंने एक समीक्षा बैठक में अधिकारियों से कहा कि वे राजस्व बढ़ाने के लिए नए स्रोत तलाशें। चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही के कर-करेत्तर राजस्व प्राप्तियों की समीक्षा की और कहा, लक्ष्य के सापेक्ष तेज प्रयास करने की जरूरत है।

खनन, स्टांप व निबंधन, आबकारी, परिवहन सहित हर सेक्टर में राजस्व संग्रह बढ़ा है जो संतोषप्रद है। मुख्यमंत्री ने बारी-बारी से जीएसटी, वैट, आबकारी, स्टाम्प एवं पंजीयन, परिवहन, भू-राजस्व और ऊर्जा में राजस्व संग्रह के लक्ष्य और उसके सापेक्ष प्राप्तियों का विवरण प्राप्त किया साथ ही विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नियोजित प्रयासों से प्रदेश के कर-करेत्तर राजस्व संग्रह में सतत वृद्धि हो रही है। वर्तमान वित्तीय वर्ष की प्रथम तिमाही में विविध माध्यमों से अब तक 51 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राजस्व प्राप्ति हुई है। इसमें जीएसटीध्वैट से लगभग 28 हजार करोड़, एक्साइज टैक्स के रूप में 12 हजार करोड़, स्टाम्प एवं पंजीयन से 7500 करोड़, परिवहन से तीन हजार करोड़, ऊर्जा से 733 करोड़ और भू-राजस्व के रूप में 114 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व संग्रह हुआ है। यह स्थिति संतोषजनक कही जा सकती है।

यह जनता से एकत्रित राशि है जो प्रदेश के विकास में, जनता के हित में, लोक कल्याणकारी कार्यों में व्यय होगा। हमें हर एक बायर के हितों की सुरक्षा करनी है। बायर को उसके फ्लैट की रजिस्ट्री समय से मिलनी चाहिए। इसके लिए हर आवश्यक कदम उठाए जाएं। योगी ने कहा कि बिना परमिट बिना फिटनेस एक भी वाहन सड़क पर नहीं आनी चाहिए। इसके लिए सघन चेकिंग करें। जांच की यह कार्रवाई सड़क पर आवागमन बाधित कर नहीं होना चाहिए। आरटीओ कार्यालयों को दलालों से मुक्त करें। यह लोग व्यवस्था में बाधक हैं।

### प्रदेश में 31 लाख से अधिक जीएसटी पंजीकृत व्यापारी

सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में अपार संभावनाएं हैं। लगातार प्रयासों से आज प्रदेश में 31 लाख से अधिक जीएसटी पंजीकृत व्यापारी हैं। इसे और बढ़ाया जाना चाहिए। राजस्व संग्रह बढ़ाने के लिए हमें नए स्रोत भी बनाने चाहिए। नियमों को सरल बनाएं, तकनीक को अपनाएं, रिफॉर्म करें। राजस्व की चोरी राष्ट्रीय क्षति है। जीएसटी की चोरी/अपवंचन की कोशिशों को रोकने के लिए सजगता बढ़ाये जाने की जरूरत है। राज्य कर विभाग की विशेष अनुशासनिक इकाइयों और सचल दल इकाइयों की सक्रियता और बढ़ाये जाने की जरूरत है। यद्यपि हाल के समय में इनकी सजगता से कर चोरी/पवंचन पर प्रभावी रोक लगाने में सफलता मिली है। फिर भी अभी कार्यशैली में व्यापक सुधार की जरूरत है। इनके लिए टारगेट तय करें और प्रदर्शन की रिपोर्ट प्रत्येक माह मुख्यमंत्री कार्यालय में उपलब्ध कराई जाए।

### अवैध मदिरा, कच्ची शराब बनाने पर लगी रोक

मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध मदिरा, कच्ची शराब बनाने और बेचने की गतिविधियों को बंद करने में हमें सफलता मिली है। ऐसी गतिविधियों पर कार्रवाई लगातार जारी रखी जानी चाहिए। दूसरे प्रदेशों से अनाधिकृत मदिरा प्रदेश में न आने पाए, इसके लिए हर समय एक्टिव रहना होगा। राजस्व संग्रह लक्ष्य के सापेक्ष आबकारी विभाग द्वारा और बेहतर प्रयास किया जाना अपेक्षित है। उन्होने कहा कि नोएडा/ग्रेटर नोएडा में बिल्डर-बायर्स के बीच समस्याओं का समाधान तेजी के साथ किया जाए।

# मथुरा के मुड़िया मेले में एक करोड़ श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना

**श्रद्धालुओं के लिए सृजित की गई बुनियादी सुविधाएं : जयवीर**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के मथुरा में विश्वप्रसिद्ध मुड़िया मेला 17 जुलाई से प्रारंभ होकर 22 जुलाई को समाप्त होगा।मेले में एक करोड़ श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना हैं। इस ऐतिहासिक मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को बुनियादी सुविधायें उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

पर्यटन विभाग का प्रयास है कि दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालु मथुरा से विशिष्ट अनुभव लेकर लौटें। मथुरा का मुड़िया मेला हो या प्रदेश के अन्य पर्यटन स्थल हों। यहां पर आने वाले पर्यटकों के लिए विशेष सुविधायें विकसित की जा रही हैं। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि मेले में भारी भीड़ आने की संभावना को देखते हुए केन्द्र सरकार की प्रसाद स्कीम के तहत कुसुम सरोवर को फ्साड लाइटिंग समेत बुनियादी सुविधाओं से लैस किया गया है। देशी-विदेशी सैलानियों एवं श्रद्धालुओं को असुविधा का सामना न करना पड़े। पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन विशेष व्यवस्था की है। भारत के विशाल राजकीय मुड़िया मेला पूर्णिमा को लगता है, इसमें श्रद्धालु गिरिराज की परिक्रमा करने गोवर्धन पधारते हैं। 21 किमी की परिक्रमा वाले मार्ग में मानव श्रृंखला बनती है जिसमे मुख्य रूप से गुरु पूर्णिमा 20 जुलाई की रात से 21 जुलाई तक चलेगा। मेले में मध्यप्रदेश, राजस्थान, एनसीआर समेत कई प्रदेश से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। ऐसे में बड़ी संख्या में वाहन पहुंचेंगे। पार्किंग के लिए केंद्र सरकार की प्रसाद स्कीम के तहत मल्टीलेवल पार्किंग बनाई गई है। पीए सिस्टम लगाया गया है। लोगों को बैठने के लिए बेंचेज बनाई गई है। डस्टविन का प्रबंध किया गया है। लाखों लोगों की भीड़ की अच्छी निगरानी हो सके, इसके लिए जगह-जगह कैमरे लगाए गए हैं।



सीएम योगी ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से उनके 16-कालिदास मार्ग स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट की।

### गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई के लिए शिक्षकों की भर्ती ज्यादा जरूरी : मायावती

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने मंगलवार को राज्य सरकार को सलाह दी कि गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई के लिए डिजिटल हाजिरी से कहीं ज्यादा शिक्षकों की समुचित संख्या में भर्ती जरूरी है। बसपा प्रमुख ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा उत्तर प्रदेश के सरकारी स्कूलों में जरूरी बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव होने के कारण बदहाली की शिकायतें आम रही हैं, जिस पर समुचित बजटीय प्रावधान करके उन गंभीर समस्याओं का उचित हल करने के बजाय सरकार उस पर से ध्यान बंटाने के लिए केवल दिखावटी कार्य कर रही है। यह क्या उचित है? उन्होंने आरोप लगाया ''शिक्षकों की डिजिटल हाजिरी'' भी सरकार का ऐसा ही नया कदम लगता है जो जल्दबाजी में बिना पूरी तैयारी के ही थोप दिया गया है। मायावती ने इसी पोस्ट में सुझाव दिया इससे कहीं ज्यादा जरूरी है शिक्षकों की समुचित संख्या में भर्ती तथा बुनियादी सुविधाओं का विकास ताकि अच्छी, गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई सुनिश्चित हो सके। उप्र सरकार ने गत दिनों राज्य के प्राथमिक विद्यालयों में तैनात शिक्षकों की उपस्थिति के लिए डिजिटल हाजिरी के निर्देश दिए थे, जिसका शिक्षकों द्वारा विरोध किया जा रहा है। शिक्षकों की डिजिटल हाजिरी भी सरकार का ऐसा ही नया कदम लगता है जो जल्दबाजी में बिना पूरी तैयारी के ही थोप दिया गया है।

### मुख्य सचिव से मिला कर्मचारियों का प्रतिनिधि मंडल, बताईं समस्याएं

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी राज कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राम राज दुबे, राष्ट्रीय जनरल सेक्रेटरी रामगोपाल गौतम सरवन कुमार और राष्ट्रीय डिप्टी जनरल सेक्रेटरी सुरेश सिंह यादव प्रदेश महासचिव उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ ने आज प्रदेश के मुख्य सचिव से भेंट की। मुख्य सचिव को गुलदस्ता भेंट कर मुख्य सचिव का स्वागत किया और कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराते हुए कर्मचारियों की तरफ से उन्हें आश्वस्त किया कि कर्मचारी कंधे से कंधा मिलाकर सरकारी कामकाज को तन्मयता से करेंगे।

मुख्य सचिव के समक्ष मुख्य रूप से भर्ती पर लगी रोक हटाने, सामूहिक रूप से ग्रेड पे 1900 रुपया दिए जाने एवं समस्त विभागों में विभागीय संविदा रखे जाने एवं विभाग द्वारा श्रमिकों का भुगतान किये जाने, प्रदेश में 2001 के बाद नियमित हुए कर्मचारियों को पूर्व सेवा जोड़कर पेंशन एवं ग्रेविटी का लाभ दिये जाने की बात रखी। मुख्य सचिव ने आश्वासन दिया कि शीघ्र कर्मचारियों की समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा।

# राजधानी को मिलेगा नया नगर निगम मुख्यालय

**मंत्री एके शर्मा व मेयर ने किया भूमि पूजन**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** 150 साल बाद राजधानी लखनऊ की जनता को नया नगर निगम मुख्यालय मिलने वाला है। मंगलवार को नगर निगम लखनऊ के नए मुख्यालय का गोमतीनगर स्थित आरआर विभाग में भूमिपूजन हुआ।

यूपी के नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने भूमि पूजन करते हुए नींव की पहली ईट रखी। इस मौके पर महापौर सुषमा खर्कवाल, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह समेत कई अधिकारी और पार्षद मौजूद रहे। नगर निगम लखनऊ के नए मुख्यालय की बिल्डिंग लोकभवन की तर्ज पर बनाई जाएगी। 2 लाख स्क्वायर फीट में बनने वाले इस मुख्यालय में मॉर्डन तकनीक के साथ अधिकारियों, पार्षदों और आम जनमानस से जुड़ी कई अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके अलावा इस नए मुख्यालय में विधानसभा की तर्ज पर हॉउस बनाया जायेगा, जिसमें विधानसभा की तरह नगर निगम की कार्यवाही होगी। बता दें कि 200 करोड़ की लागत से बन रहा ये नया नगर निगम मुख्यालय करीब 18 महीनों में बनकर तैयार हो जायेगा। इस भव्य बिल्डिंग में कुल 6 फ्लोर होंगे और 400 गाड़ियों की पार्किंग व्यवस्था होगी। दरअसल, 150 साल पुराने नगर निगम लखनऊ मुख्यालय की लालबाग स्थित बिल्डिंग जर्जर हो चुकी है, साथ ही लखनऊ में बढ़ते विकास और क्षेत्र विस्तार की वजह से नगर निगम मुख्यालय पर अधिकारियों, कार्मिकों, जन प्रतिनिधियों और आम जनमानस के लिए उचित सुविधा और व्यवस्थाएं नहीं मिल पा रही थी। साथ ही पार्किंग को लेकर भी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। अब जबकि राजधानी से सटे इलाकों में भी नगर निगम की सीमा का विस्तार हो गया है, ऐसे में ये नया भवन काफी उपयोगी साबित होगा।

### मंत्री ने किया यूपी, एमपी, उत्तराखंड के नोडल अफसरों के प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने पं दीन दयाल उपाध्याय राज्य ग्राम विकास संस्थान बक्शी का तालाब लखनऊ में 21वीं पशुगणना की तैयारी के अर्न्तगत एक दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में देश के 03 राज्यों उत्तर प्रदेश के साथ-साथ मध्य प्रदेश एवं उत्तराखण्ड के राज्य एवं जनपदीय नोडल अधिकारियों को संयुक्त रूप से प्रशिक्षण प्रदान कर मास्टर्स ट्रेनर तैयार किये जायेगें। कार्यक्रम में 175 पशुचिकित्साविदों, संख्याधिकारियों तथा नोडल अधिकारियों ने भारत सरकार, मत्स्य, पशुपालन मंत्रालय के सहयोग से आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए। धर्मपाल सिंह ने कहा कि कार्यक्रम में शामिल प्रतिनिधि पशुगणना की तकनीक को अपनाते हुए पशुगणना अभियान को सफल एवं उपयोगी बनायें। भारत कृषि प्रधान देश है। पशु पालन अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है

# चेकिंग से परिवहन निगम को रोजाना दो करोड़ रुपए का लाभ

**यात्रियों की संख्या में भी हुआ इजाफा : जीएम**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम परिवहन विभाग द्वारा अनधिकृत वाहनों तथा बिना परमिट एवं फिटनेस के संचालित वाहनों के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई से परिवहन निगम को प्रतिदिन लगभग 2 करोड़ रुपए अतिरिक्त आय हो रही है। यात्रियों की संख्या भी प्रतिदिन 2 लाख के आसपास बढ़ गई है यह अभियान एक माह तक चले तो परिवहन निगम को अच्छी आमदनी अर्जित करने में सफलता मिलेगी।

परिवहन निगम के प्रधान प्रबंधक अजीत कुमार सिंह ने बताया कि 14 जुलाई के उपरांत परिवहन निगम को लगभग तीन से चार करोड़ रुपए अतिरिक्त आय प्राप्त हुई है। यात्रियों की संख्या में भी लगातार वृद्धि हुई है। यदि यह अभियान एक माह तक चलाया जाता है तो परिवहन निगम को कम से कम 50 से 60 करोड़ रुपए अतिरिक्त आय अर्जित करने में सफलता प्राप्त होगी। विगत 14 जुलाई को 13.5 करोड़, 15 जुलाई को 16 करोड़ 80 लाख एवं 16 जुलाई को 18 करोड़ 42 लाख रूपये की आय अर्जित हुई है। बिना परमिट, बिना फिटनेस संचालित वाहनों से परिवहन निगम को नुकसान उठाना पड़ता है। अंतरराज्यीय एवं अंतरनगरीय प्राइवेट बसें अत्यधिक संख्या में संचालित हो रही है, जो परिवहन निगम की आय में सेंध लगाती है।

### छात्र स्कूल से किडनैप, मां ने कहा, पति ने किया अपहरण

**लखनऊ।** लखनऊ में पिता ने ही अपने बेटे का अपहरण कर लिया है। स्कूल के सीसीटीवी में यह साफ दिखाई दे रहा है। बच्चे की मां ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पति-पत्नी के बीच बच्चे की कस्टडी को लेकर कोर्ट में केस चल रहा है। मामला लखनऊ के गोसाईगंज थाना क्षेत्र के लाला गणेश प्रसाद वर्मा बालिका इंटर कॉलेज का है। मां की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और बच्चे की तलाश की जा रही है। गोसाईगंज बाजार निवासी शगुफ्ता परवीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बेटा माहिब (8) लाला गणेश प्रसाद वर्मा बालिका इंटर कॉलेज में कक्षा 3 का छात्र है। मंगलवार सुबह 7.30 बजे वह अपने मामा के साथ स्कूल गया था। शगुफ्ता ने आरोप लगाया कि उसके पति सज्जाद हसन मसूद ने ही बेटे को किडनैप कर लिया है।

**लक्ष्य** — पौधारोपण अभियान में जनप्रतिनिधियों के साथ आम जनमानस की हो सहभागिता

# अभियान : ग्राम्य विकास विभाग रोपित करेगा 13 करोड़ पौधे

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि वह वृक्षारोपण हेतु ग्राम्य विकास विभाग को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप 20 जुलाई को पौधरोपण कराना सुनिश्चित करें।

प्रदेश में वर्ष 2024-25 हेतु पौधारोपण के लक्ष्य को संशोधित करते हुए 36.50 करोड़ पौधों के रोपण का निर्णय लिया गया है जिसके क्रम में ग्राम्य विकास विभाग को 13.00 करोड़ का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जनपदवार लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है पूर्व में ग्राम्य विकास विभाग को 12.59 करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जो बढ़ाकर 13 करोड़ कर दिया है। डिप्टी सीएम ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में एक पेड़ मां के नाम महाअभियान को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि ग्राम्य विकास विभाग के सभी अधिकारी व अन्य स्टाफ आपसी समन्वय से इस लक्ष्य को हर हाल में आगामी 20 जुलाई को पूरा करें।

प्रदेशव्यापी पौधरोपण महाअभियान के लिए विभाग का जनपदवार लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है।उप मुख्यमंत्री ने कहा है कि पौधरोपण महाअभियान की सफलता के लिए बहुत जरूरी है कि उनकी सुरक्षा के ठोस व प्रभावी प्रबन्ध किये जाय। पौधों का पालन पोषण अपने बच्चों की तरह किया जाय, पौधरोपण स्थलों की जियो टैगिंग की जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को सहजन का पौधा उपलब्ध कराएं और आंगनवाड़ी केंद्रों में सहजन का पौधा लगाया जाए। यह पौधा कुपोषण से बचाव में काफी कारगर साबित होता है। श्री मौर्य ने निर्देश दिए हैं कि अमृत सरोवरों, ग्राम पंचायत की खाली जमीनों, ओपन जिम, खेल मैदानों आदि में आवश्यकतानुसार फलदार व छायादार पौधे रोपित किए जाएं। जिस क्षेत्र की जमीन, जिन पौधों के लिए विशेष रूप से उपयोगी हो, उसी के अनुरूप पौधों की प्रजातियों का चयन करते हुए वृक्षारोपण किया जाय। नदियों के तटवर्ती क्षेत्रों में सघन पौधरोपण किया जाए। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि वृक्षारोपण अभियान में जनप्रतिनिधियों के साथ जनमानस की सहभागिता सुनिश्चित की जाय।निजी क्षेत्रों, स्वयं सेवी संस्थाओं धार्मिक-सामाजिक संस्थाओं को भी इस अभियान के साथ जोड़ा जाए। ग्राम्य विकास आयुक्त जीएस प्रियदर्शी ने डीएम, जिला कार्यक्रम समन्वयको को परिपत्र जारी कर निर्देश दिए कि शासनादेश में वर्णित बिन्दुवार निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए वृक्षारोपण के निर्धारित लक्ष्य को हासिल किया जाय।

# 'सरकारी धन की लूट है लूट सके तो लूट फिर पछताएगा जब प्रधानी जाएगी छूट'

▸ विकासखंड पड़री कृपाल के ग्राम पंचायत बकठोरवा का है प्रकरण

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।

पड़री कृपाल ब्लॉक में ग्राम पंचायत बकठोरवा में शासन की योजनाओं के तहत कराए जाने वाले कार्यों में घोर लापरवाही बरती जा रही है।कहा जा रहा है कि शासकीय धन की निजी हित के लिए हेराफेरी की जा रही है। सरपंच और सचिव सभी कार्य आधे-अधूरे कराकर शासन की मंशा पर पानी फेर रहे हैं। इसका खामियाजा ग्रामीण भुगत रहे हैं।

योगी सरकार ने ग्रामों के समुचित विकास के लिए अनेक निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान कर राशि दी है।लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही के चलते क्षेत्र में अनेक निर्माण कार्य वर्षों बीत जाने के बाद भी आज तक अधूरे पड़े हुए है। ऐसा ही एक प्रकरण सदर तहसील मुख्यालय से दस किमी दूर स्थित ग्राम पंचायत बकठोरवा का प्रकाश में आया है। जहां निर्माणाधीन पंचायत भवन में अतिरिक्त कक्ष का करीब छ महीने से अपने निर्माण कार्य पूर्ण होने का इंतजार कर रहा है। जानकारी के अनुसार छह महीने पूर्व लगभग पांच लाख रुपए की लागत से ग्राम पंचायत बकठोरवा में पंचायत भवन में अतिरिक्त कक्ष के निर्माण के लिए शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई थी।इनता ही नहीं शासन ने राशि भी आबंटित कर दी थी। सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि ग्राम प्रधान ने महज कुछ माह तक कार्य करने के बाद उसे पूर्णरुप से बंद कर दिया। जबकि इस पंचायत भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण किए जाने के साथ के अन्य ग्राम पंचायत में अतिरिक्त कक्ष बनकर तैयार हो चुके है। उन पंचायत भवनों का लोकार्पण कर पंचायत का कामकाज भी शुरू कर दिया गया है।लेकिन ग्राम पंचायत बकठोरवा में बन रहे पंचायत भवन में अतिरिक्त कक्ष छः महीने बीत जाने के बाद भी अधूरा पड़ा हुआ है।जो पंचायत भवन बना हुआ है उसकी भी टाइल्स टूटी पड़ी हुई है। पंचायत भवन में बन रहे अतिरिक्त कक्ष अभी दिवाल तक ही खड़ी हुई है अभी ना तो छत पड़ा हुआ है। ना प्लास्टर हुआ है।




### छोटे पंचायत भवन में ही संचालित हो रही पंचायत

छोटे पंचायत भवन के अभाव के चलते ग्रामीणजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। छोटे पंचायत भवन में कामकाज संचालित किया जा रहा है।जबकि शासन द्वारा पंचायतों को हाईटेक बनाने पर जोर दिया जा रहा है।ऐसे में पंचायत भवन के अभाव में वर्षों से ग्राम बडग़ांव के लोगों के लिए अतिरिक्त कक्ष पंचायत का सपना महज सिर्फ दिखावा ही साबित हो रहा है।वही बकठोरवा ग्राम पंचायत में कुछ वर्ष पूर्व शासकीय माध्यमिक शाला में बैठक व्यवस्था पर्याप्त नहीं होने के कारण अतिरिक्त कक्ष की स्वीकृति मिली थी।लेकिन ग्राम प्रधान ने अब तक उन अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया गया है।अब अधूरा अतिरिक्त कक्ष धीरे-धीरे बरसात के मौसम में जर्जर होने लगा है।

### बोले एडीओ पंचायत...

वही विकास खण्ड पंडरी कृपाल के एडियो पंचायत से दूरभाष पर बकठोरवा ग्राम पंचायत में बन रहे अतिरिक्त कक्ष के निर्माण में जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि ग्राम प्रधान को अतिरिक्त कक्ष के निर्माण के लिए दो बार नोटिस भेजी जा चुकी है।और उसका निर्माण जल्द से जल्द हो जाएगा अगर जल्द निर्माण नहीं होता है तो कार्रवाई होगी। जब इस प्रकरण में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संचित लाल यादव से जानकारी मांगी गई तो उन्होंने कहा की पंचायत भवन का काम अभी चल रहा है और इंडियामार्का नल हमने बनवाया था किंतु बच्चों ने खराब कर दिया विदित हो आंगनबाड़ी केंद्र 10.30 तक खुला ही नहीं था वहां के ग्रामीण ने बताया कि कभी-कभी खुलता है ज्यादातर बंद रहता है।

# जिला प्रशासन लाचार, अवैध खनन की हो रही भरमार

▸ अब तो अवैध खनन की गवाही जिले की सड़कें भी दे रही है जिन पर यदा- कदा मिट्टी गिरा रहता है

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।




जिला प्रशासन की नाक के नीचे चांदपुर कपूरपुर विकासखंड झंझरी में अवैध खनन करने वालों ने अपना डेरा जमा लिया है मंगलवार को मिली एक सूचना के अनुसार जब वहां पत्रकारों की एक टीम पहुंची तो स्थिति ऐसी बनी लग रहा था कि खनन माफिया फौजदारी करने के मूड में है क्योंकि पत्रकारों की संख्या लगभग पांच की थी इसलिए बातचीत में मामला समाप्त हो गया दबंग खनन माफिया ने बताया यह मिट्टी चाक घर पर जा रही है सरकारी काम के लिए जा रही है पूछा गया तो कहा हमारा परमिशन है और इसको बड़े-बड़े अक्षरों में छाप देना जिससे कि अधिकारी भी पढ़ ले मेरा कोई कुछ बिगाड़ नहीं पाएगा।

जब वहां से लौट कर खनन अधिकारी के दफ्तर में जाकर जानकारी ली गई तो मालूम हुआ किसी भी प्रकार का कोई परमिशन नहीं है बात परमिशन की ही हो ऐसी नहीं यहां तो खनन माफिया इतने हावी हो गए हैं कि उनको प्रशासन से भी भय नहीं लगता और प्रतिदिन सैकड़ो ट्रॉली मिट्टी खोदकर शहरी क्षेत्र में डाला जा रहा है उनका कहना है की जिला प्रशासन मेरी मुट्ठी में है मेरा कोई कुछ बिगाड़ नहीं पाएगा मैं इस काम के लिए सुविधा शुल्क भी देता हूं बात अगर रात की होती तो भी कहा जाता किंतु चांदपुर में यह खनन दिन दहाड़े दोपहर के समय हो रहा था जब इस प्रकरण पर खनन अधिकारी अभय रंजन से जानकारी मांगी गई तो उन्होंने कहा की परमिशन है जब पत्रकार ने उनसे कहा कि आपके यहां सिस्टम पर जो लड़की बैठती है उससे पूछा गया तो उसने कहा कोई परमिशन नहीं है।

तत्पश्चात दोबारा उन्होंने फोन मिलाकर बताया कि बनघुसरा में परमिशन है लेकिन यहां यह बताया जा रहा है यह खनन कपूरपुर चांदपुर में हो रहा था ना कि बनघुसरा में । खनन अधिकारी से एक प्रश्न यह भी है क्या जिले में एक जगह परमिशन लेकर पूरे जिले में खनन किया जा सकता है?

# कर्नलगंज में रेलवे क्रासिंग बना जी का जंजाल ओवर ब्रिज न होने से राहगीर होते हैं परेशान

कर्नलगंज/गोंडा ,समृद्धि न्यूज!




जनहित के मुद्दे को लेकर अपने कार्यकर्ता साथी के साथ समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश सचिव डॉक्टर अभिषेक गोस्वामी ने चार बिंदु पर मांग को लेकर एसडीएम कर्नलगंज को ज्ञापन सौंपा है।

दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि गोण्डा - लखनऊ रेलवे पर 24 घंटे में 100 के आसपास ट्रेन गुजर रही हैं। जिसकी वजह से जनपद गोण्डा के विकासखंड करनैलगंज अंतर्गत चार रेलवे क्रासिंग काफी व्यस्त रहती है। जिसकी वजह से जनता को घंटो तक जाम के जाम से जूझना पड़ता है। इतना ही नहीं बल्कि मरीजों को जाम में फंसने की वजह से जिन्दगी मौत से जूझना पड़ता है। जिसमे करनैलगंज हुजूरपुर-बहराइच रेलवे क्र ासिंग, करनैलगंज- कटरा बाजार रेलवे क्रासिंग, गोंडा लखनऊ मार्ग स्थित सरयू रेलवे क्र ासिंग व जहांगिरवा रेलवे क्रासिंग शामिल है। ज्ञापन के माध्यम से जनहित को देखते हुए गोण्डा - लखनऊ पेसेंजर ट्रेन का संचालन कराने के साथ ही चारो रेलवे क्रासिंग पर ओवर ब्रिज बनवाने की मांग की गई हैद्य इस मौके पर आरिफ खान,सब्बू ,रजनीकांत, आतिफ खान, रवि गोस्वामी, एडवोकेट अवध राजा गोस्वामी, शाहबाज,तस्लीम , फिरोज ,नदीम, अभिजीत गोस्वामी संजय आदि लोग मौजूद रहे।

## सीएमओ ने किया सीएचसी विशेश्वरगंज का औचक निरीक्षण

विशेश्वरगंज,बहराइच। नवागंतुक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय कुमार ने डीसीपीएम के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विशेश्वरगंज पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। अस्पताल की साफ सफाई व्यवस्था संतोष जनक मिलने पर अधीक्षक डॉ धीरेंद्र तिवारी की प्रशंसा की। सीएमओ ने ओपीडी, आईपीडी, इमरजेंसी कक्ष,प्रसव कक्ष, आयुष्मान ,प्रयोगशाला,का गहन जांच किया। आशा क्लस्टर मीटिंग में आशाओं से वर्तमान में चल रहे कार्यक्रम के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। अस्पताल की व्यवस्था से सीएमओ संतुष्ट दिखे।निरीक्षण के समय मुकेश गौतम अर्श काउंसलर, डॉ नेहा सिंह महिला चिकित्सक,तथा संजीव पांडेय स्वीपर कम चौकीदार अनुपस्थित मिले।

## सड़क दुर्घटना में परिचारक की दर्दनाक मौत

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़। जिले के जनता इंटर कॉलेज कौड़िया के परिचारक की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। यह जानकारी देते हुए विनय कुमार शुक्ल प्रतिनिधि नेता शिक्षक दल गोंडा उत्तर प्रदेश ने बताया कि मृतक आश्रित कोटे के अंतर्गत अपने पिता के स्थान पर नौकरी कर रहे परिचारक अरविंद कुमार विश्वकर्मा की आज मंगलवार सुबह 7:30 पयागपुर तथा विशेसरगंज चौराहे के पास मार्ग दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। उक्त कर्मचारी की उम्र मात्र 35 वर्ष ही थी और उसके 3 बच्चे हैं जिनमे 3 वर्ष की एक बेटी और 2 वर्ष की बेटी तथा 6 माह का बेटा अपने माँ की गोद मे पल रहा है। उनका कहना है कि कुदरत का कहर यह देखिए कि मृतक परिचारक श्री विश्वकर्मा के पिता तुलसी राम विश्वकर्मा उक्त संस्था में परिचारक के पद पर कार्यरत थे और उनकी भी सेवाकाल के दौरान दर्दनाक मृत्यु हुई थी। मृतक परिचारक की सहायता के लिए ना तो उसे भविष्य निधि मिलना है और ना ही पेंशन का कोई सहारा है, क्योंकि उक्त परिचारक की 1 अप्रैल 2005 के मृत आश्रित कोटे के अंतर्गत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर नियुक्ति हुई थी। इस दुःखद अवसर पर जनपद के शिक्षकों और कर्मचारियों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज में हुई पोस्टर प्रतियोगिता




गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।

श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोण्डा एवं भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय लखनऊ द्वारा निर्देशित क्लब द्वारा महाविद्यालय के विज्ञान परिसर में अवध की सांस्कृतिक विरासत विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसकी संयोजिका डॉ ममता शुक्ला रहीं। जिसमे कई विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें बीएससी छठवें सेमेस्टर की छात्रा प्रियांशी साहू प्रथम स्थान बीएससर चौथे सेमेस्टर की रुचि द्वितीय स्थान पर क्रूरू बीएससी चौथे सेमेस्टर की इकरा खान तृतीय स्थान पर रहीं। उपरोक्त विषय पर ही भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसके संयोजक प्रो संदीप कुमार श्रीवास्तव रहे। विजयी प्रतिभागियों में प्रथम स्थान पर बीए सेकेंड सेमेस्टर की प्रिया शुक्ला प्रथम स्थान ,पर बीकॉम चौथे सेमेस्टर की निधि श्रीवास्तव द्वितीय स्थान पर बीएससी चौथे सेमेस्टर की अनूपा यादव तृतीय स्थान पर रहीं।

दोनों प्रतियोगिताओं के निर्णायक मण्डल के सदस्य के रूप में रसायन विज्ञान विभाग के अस्सिस्टेंट प्रोफेसर डॉ पुनीत कुमार एवं अंग्रेजी विभाग असिस्टेंट प्रोफेसर श्री विवेक प्रताप सिंह रहे।

कार्यक्रम में सक्रिय योगदान बीबीए की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ स्मृति शिशिर का रहा।

## ओ लेवल व ट्रिपल सी के प्रशिक्षण के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़। बवित्तीय वर्ष 2024-25 में पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक व युवतियों के लिए संचालित ओ लेवल व ट्रिपल सी कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना के अन्तर्गत भारत सरकार से मान्यता प्राप्त संस्था नीलिट से जनपद के विभिन्न संस्थानों का चयन निदेशालय, पिछड़ा वर्ग कल्याण लखनऊ द्वारा किया गया है। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गौरव स्वर्णकार ने बताया कि पिछड़े वर्ग के इच्छुक बेरोजगार युवक व युवतियां ओ लेवल एवं ट्रिपल सी कोर्स का निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु अपना आवेदनपत्र 5 अगस्त 2024 तक सम्बन्धित वेबसाईट पर आनलाईन करते हुए आवेदन की प्रति डाउनलोड कर समस्त अभिलेखों सहित निर्धारित अवधि में कार्यालय जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी, गोण्डा कक्ष सं0 2106 विकास भवन में जमा किया जा सकता है। प्रशिक्षार्थियों को ओ लेवल एवं सीसीसी निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु निम्नलिखित अर्हता होना अनिवार्य है अभ्यर्थी पिछड़ी जाति का हो। ओ लेवल प्रशिक्षण के लिए (10+2) इण्टरमीडिएट न्यूनतम शैक्षिक अर्हता अनिवार्य है।

# डिजिटल अटेंडेंस का स्थगन स्थाई समाधान नहीं, जारी रहेगा आंदोलन...

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।



डिजिटल अटेंडेंस के स्थगन का स्वागत करते हुए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने इसे शिक्षकों की जीत बताया है साथ ही शासन द्वारा इसे आगामी कुछ दिनों के लिए स्थगित करने के स्थान पर आदेश को निरस्त करने की मांग की है। जिलाध्यक्ष विनय तिवारी ने कहा कि डिजिटल अटेंडेंस को स्थगित करना समस्या का स्थाई समाधान नहीं है। शिक्षकों की समस्याओं का गंभीरता पूर्वक हल निकालना होगा। प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जब तक हमारी मांगो/समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता है तब तक आन्दोलन जारी रहेगा।

जिलाध्यक्ष विनय तिवारी ने कहा कि शिक्षकों का संघर्ष रंग लाया है और सरकार मांगों पर विचार करने के लिए मजबूर हुई है इस संघर्ष में साथ देने के लिए स्नातक क्षेत्र के एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह,सांसद कैसरगंज करणभूषण सिंह,विधायक तरबगंज प्रेम नरायन पांडेय,एमएलसी गोंडा बलरामपुर स्थानीय प्राधिकारी क्षेत्र अवधेश कुमार सिंह उर्फ मंजू सिंह जी के भी हम आभारी हैं जिन्होंने शिक्षकों की पीड़ा को उत्तर प्रदेश सरकार तक पहुंचाने का कार्य किया है। जिला मंत्री उमाशंकर सिंह ने जिला स्तर पर लंबित समस्याओं के भी तत्काल समाधान की मांग करते हुए नवनियुक्त शिक्षकों का सत्यापन कराकर तत्काल वेतन भुगतान कराए जाने की मांग की। शिक्षक,शिक्षा मित्र,अनुदेशक संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने प्रांतीय स्तर पर यह निर्णय लिया है कि जब तक प्रदेश के शिक्षकों को हाफ सी एल,30 ई एल,कैशलेस चिकित्सा सुविधा,पदोन्नति,अंतर्जनपदीय व अंतःजनपदीय स्थानांतरण, पुरानी पेंशन बहाली आदि बिंदुओं पर सकारात्मक आदेश जारी नहीं हो जाता तब तक हम अपना आंदोलन जारी रखेंगे और आगामी 29 जुलाई को महानिदेशक स्कूल शिक्षा के कार्यालय का घेराव करेंगे।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवधेश त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष अखिलेश शुक्ला, संयुक्त मंत्री बलवंत सिंह,संगठन मंत्री कुलदीप पाठक,मीडिया प्रभारी देवकीनंदन शुक्ला, सोशल मीडिया प्रभारी आनंद देव सिंह, अवनीश पांडेय, अंगद प्रसाद,देवेंद्र सिंह,विपिन सिंह, अरूण कुमार शुक्ल,मुरली मनोहर शुक्ल, मोहम्मद सऊद ,इरफान मोईन, मंजूर इलाही,शकुंतला सिंह, ऋचा सिंह,अनिल सिंह, आलोक पांडेय, शैलेश मिश्रा, संदीप श्रीवास्तव, संदीप त्रिपाठी,अनुपम पांडेय, अभिषेक त्रिपाठी,सुजीत त्रिपाठी ,रामगोपाल सिंह,कृष्ण मोहन सिंह, अतुल कुमार मिश्रा, दिनेश कुमार मिश्रा,डॉ अरुण सिंह,प्रदीप सिंह, सुशील पांडेय,कन्हैयालाल मौर्या, राजेश तिवारी,अजय दुबे, धनंजय, चंद्र प्रकाश वर्मा, आलोक पांडेय,आलोक श्रीवास्तव, अनुराग शुक्ला, ममता सिंह सहित सभी संगठन पदाधिकारियों ने प्रांतीय नेतृत्व से प्राप्त निर्देशो के पालन में पूर्व निर्धारित आगामी 29जुलाई के प्रदेश स्तरीय विशाल धरना प्रदर्शन को सफल बनाने का संकल्प लिया है।

## खबरें एक नजर में

### आगामी त्यौहार को लेकर एसपी ने किया भ्रमण

बहराइच समृद्धि न्यूज़। सोमवार को देर रात आगामी त्यौहार मुहर्रम, श्रावण मास, कावड़ यात्रा के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा त्यौहारों को सकुशल, शान्तिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के दृष्टिगत श्रीमान् पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने थाना दरगाह शरीफ, चौकी सलारगंज क्षेत्र में रात के समय पुलिस बल के साथ भ्रमण किया गया तथा भ्रमण के दौरान सुरक्षा की स्थिति का जायजा लिया। तथा जनमानस को आश्वस्त किया कि बहराइच पुलिस शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सदैव कटिबद्ध है।

### छात्र सभा के राष्ट्रीय सचिव बने सर्वेश यादव



जरवल,बहराइच समृद्धि न्यूज़। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर छात्र सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ इमरान ने युवा नेता सर्वेश यादव को छात्र सभा का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया है। सर्वेश यादव पार्टी के प्रति समर्पण भाव रखते हैं जनपद में अपनी अलग पहचान बना रखी है। युवाओं को अपने साथ जोड़ने का काम करते हैं। पार्टी में दिन-रात मेहनत करते हैं,पार्टी ने इसी ईमानदारी और मेहनत को देखकर तेजतर्रार युवा नेता को यह जिम्मेदारी सौंपी है कि अधिक से अधिक युवाओं को अपने साथ जोड़ें और पार्टी को आगे बढ़ाएं। सर्वेश यादव के छात्र सभा राष्ट्रीय सचिव बनने पर युवाओं में काफी जोश है,खबर होते ही लोग बधाइयां दे रहे।

### अव्यवहारिक डिजिटल उपस्थिति से क्षुब्ध शिक्षक संकुलों का सामूहिक इस्तीफा



बहराइच, समृद्धि न्यूज़। परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों और छात्र-छात्राओं की ऑनलाइन उपस्थिति के आदेश पर शिक्षा विभाग और शिक्षको के बीच गतिरोध कायम है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा उत्तर प्रदेश के द्वारा जारी अव्यवहारिक आदेश के विरोध में जरवल विकास खण्ड के संकुल शिक्षकों ने अपने संकुल के अतिरिक्त प्रभार से इस्तीफा दे दिया है। गौरतलब है कि सभी शिक्षक ऑनलाइन हाजिरी और डिजिटलाइजेशन का विरोध कर रहे हैं। मंगलवार को जनपद बह राइच के ब्लॉक जरवल के समस्त संकुल शिक्षकों ने जरवल बीआरसी कार्यालय पहुँचकर खंड शिक्षा अधिकारी जरवल को अपने संकुल प्रभार से इस्तीफा सौंप दिया। सामूहिक रूप से संकुल शिक्षकों ने कह दिया कि वह यह काम नहीं करेंगे। संकुल शिक्षकों ने कहा कि ऑनलाइन हाजिरी में तमाम प्रकार की कमियां है। जिलेभर में नेटवर्क मिलना मुश्किल है। तथा ग्रामीण इलाकों में दूर दराज स्थित स्कूलों के अन्य परेशानियां भी हैं। बहराइच में सभी ब्लॉक के संकुल शिक्षक को एक विद्यालय निपुण बनाने की जिम्मेदारी दी गयी है।

# अनियंत्रित दुग्ध वाहन ने बाइक सवार को रौंदा, मौत

विशेश्वरगंज,बहराइच ,समृद्धि न्यूज़।



थाना क्षेत्र विशेश्वरगंज अंतर्गत गोंडा बहराइच हाईवे पर यादव होटल के पास मंगलवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना पयागपुर अंतर्गत ग्राम एलो निवासी अरविंद शर्मा अपनी बाइक से जनता इंटर कालेज बनगाई गोंडा जा रहे थे। विशेश्वरगंज पहुंचने पर गोंडा की तरफ से आ रही मैजिक अमूल दुग्ध वाहन अनियंत्रित होकर बाइक को रौंद दिया। हादसा इतना भयंकर था कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। मौके पर पहुंची विशेश्वरगंज पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विशेश्वरगंज पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक जनता इंटर कालेज में अनुचर के पद पर कार्यरत था,तथा अपने परिवार का पालन पोषण करता था।अपने पीछे अपनी पत्नी व तीन नाबालिक बच्चों को बेसहारा छोड़ गया।

पुलिस ने दुग्ध वाहन को कब्जे में लेकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की माता मंजू शर्मा ने स्थानीय थाने पर तहरीर दी है।

## 17 लाख की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

बहराइच। भारत नेपाल सीमा पर सशस्त्र सीमा बल और पुलिस के जवानों ने एक स्मैक तस्कर को 37 ग्राम स्मैक के साथ पकड़ा। उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जेल भेज दिया है। भारत नेपाल सीमा पर सशस्त्र सीमा बल के जवान और रुपईडीहा थाने की पुलिस संयुक्त ग्रस्त कर रही थी। सीमा पर उप निरीक्षक विजय कुमार, एसआई संतोष कुमार यादव, देवेंद्र यादव, अभिषेक धर द्विवेदी और एसएसबी के इंस्पेक्टर कुमार ऋतुराज, दिनेश, एसबिंदर, विश्वजीत कुमार, बाला राजू टीम के साथ जांच के दौरान एक व्यक्ति को रोककर तलाशी ली तो उसके पास से 37 ग्राम स्मैक मिला। पूछताछ में युवक ने अपना नाम अब्दुल सलाम पुत्र शमसुद्दीन निवासी शेखपुरवा सहदेव थाना रसिया बताया।

# मवेशियों के बीच दलदल में दबकर ग्रामीण की मौत

▸ मवेशी को इधर-उधर भागने से ग्रामीण रोकने के लिए तालाब में था उतरा

बहराइच ,समृद्धि न्यूज़।



जिले के झाला गांव एक ग्रामीण मवेशियों को घास चराकर वापस आ रहा था। इस बीच तालाब में मगरमच्छ दिखने पर मवेशी इधर-उथर भागने लगे। जिन्हें रोकने के लिए ग्रामीण में तालाब में उतर गया। इस दौरान उसका पैर दलदल जमीन में फंस गया और वह मावेशियों के बीच दब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं परिवार के लोगों ने बिना पोस्टमार्टम कराया उसकी अंतिम संस्कार कर दिया है।मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत झाला निवासी मुंशी लाल यादव (55) पुत्र मंगरे यादव मवेशी पाल रखे थे। प्रतिदिन की तरह सोमवार को भी मवेशियों को घास चराने सिंगहिया गांव के निकट चफरा तालाब के पास गए थे। शाम को मावेशियों के साथ घर लौट रहे थे। इसी दौरान तालाब में मवेशियों को मगरमच्छ दिखा। जिस पर मवेशी इधर-उधर भागने लगे।मवेशियों को रोकने के लिए मुंशी लाल जैसे ही तलाब में उतरा तो वह दलदल में फंस गया। जिससे इधर-उधर भाग रहे मवेशियों ने उन्हें दलदल में दबा दिया। जिससे उनकी मौत हो गई।

जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। गांव के लोगों कू सूचना पर पहुंची पुलिस से परिवार के लोगों ने शव का पोस्टमार्टम करवाने से इंकार कर दिया। चौकी इंचार्ज दिवाकर तिवारी ने बताया कि परिवार के लोगों ने पोस्टमार्टम करवाने पर सहमति नहीं जताई। जिस पर पंचनामा के बाद परिवार के लोगों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। मौके पर पहुंच कर जांच की गई है।

# टीकाकरण अभियान का डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया शुभारम्भ

▸ खुरपका-मुहँपका रोग प्रतिरोधक टीकाकरण के लिए 31 अगस्त तक होगा टीकाकरण

बहराइच ,समृद्धि न्यूज़।



राष्ट्रीय रोग नियंत्रण कार्यक्रम अन्तर्गत खुरपका-मुहँपका रोग प्रतिरोधक टीकाकरण हेतु जनपद में 31 अगस्त 2024 तक संचालित होने वाले निःशुल्क टीकाकरण अभियान के शुभारम्भ अवसर पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कलेक्टेªट परिसर से बहुउद्देशीय सचल पशु चिकित्सा वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी व अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. उपाध्याय ने बताया कि 45 दिवसीय अभियान के दौरान 6,91,000 पशुधन का टीकाकरण किया जाना है। डॉ. उपाध्याय ने बताया कि मुँह से लार आना व तेज बुखार होना, जीभ, मुँह व पैरों में छाले होना, पैर व खुर में घाव तथा थन में दाने व घाव का होनाखुरपका मूँहपका रोग के मुख्य लक्षण हैं। खुरपका मूँहपका रोग होने पर मुख्य रूप से पशुधन की उत्पादक क्षमता में कमी आने से अप्रत्यक्ष रूप से पशुपालकों व कृषकों की आय भी प्रभावित होती है। डीएम ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया कि सर्वप्रथम संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को आच्छादित किया जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि टीकाकरण अभियान के सफल संचालन के लिए नियमित रूप से पर्यवेक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि सभी 28 टीमों द्वारा निर्धारित रूट चार्ट अनुसार टीकाकरण कार्य सम्पन्न कराया जाय। उन्होंने यह भी कहा कि टीकाकरण अभियान का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार भी कराएं ताकि सभी पशुपालकों को निःशुल्क टीकाकरण का लाभ प्राप्त हो सके। जिलाधिकारी ने पशुपालकों से अपील की है कि अपने मवेशियों मुख्यतः गाय, बैल, भैंस, भेड़, बकरी तथा सूकरों का टीकाकरण अवश्य कराएं ताकि खुरपका-मुहँपका जैसी घातक जानलेवा बीमारी से आपके पशुधन सुरक्षित रहें।

# सरैया में डीएम के निर्देश पर प्रारम्भ हुआ कटान रोधी कार्य

बहराइच ,समृद्धि न्यूज़।

सोमवार को जिलाधिकारी मोनिका रानी के जनता दर्शन में जहसील नानपारा के विकास खण्ड बलहा की ग्राम सभा सरैया के रंगी लाल, राम प्रसाद मौर्या, रामादल वर्मा, अमरश कुमार मौर्या, पंकज कुमार, मुरली प्रसाद पाल, नियामत अली व लायक राम इत्यादि ग्रामवासियों द्वारा इस आशय का प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया कि उनकी ग्राम सभा सरैया जिसकी आबादी लगभग 5000 है, सरयू नदी के किनारे व तलहटी में स्थित है। प्रतिवर्ष बरसात के मौसम में नदी द्वारा कटान किये जाने पर सरयू नदी आवासों के निकट आ गई है। एकदम प्रार्थीगण के आवास के नजदीक आ गई है। ग्रामवासियों ने बताया कि यदि ग्रामसभा में कटान रोधी कार्य न होने पर संभावना पायी जा रही है कि इसी वर्ष हमारे कच्चे पक्के आवास व झोपड़िया नदी में समाहित हो जाएंगे। डीएम ने ग्रामवासियों की समस्याओं का त्वरित संज्ञान लेते हुए अधि.अभि. सरयू ड्रेनेज खण्ड जे.पी. वर्मा को निर्देश दिया कि तत्काल मौके पर जाकर स्थिति का जायज़ा लें तथा ग्रामवासियों के आवासों की सुरक्षा के मद्देनज़र कटान रोधी कार्य प्रारम्भ कर दिया जाय।

## सपा मुखिया के निर्देशन में गये प्रतिनिधिमंडल ने न्याय दिलाने की कही बात

# सपा प्रतिनिधि मंडल पहुंचा चुरुवा गांव, ली जानकारी



**बछरावां, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

बीते शनिवार को थाना क्षेत्र के अंतर्गत चुरुवा गांव में घटित हुई शर्मनाक एवं दर्दनाक घटना मे मृतका चांदनी की हत्या एवं ग्रामीणों द्वारा बछरावां पुलिस पर हत्यारोपियों को पुलिस का संरक्षण प्राप्त होने का गंभीर आरोप लगाने के बाद समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के निर्देशन में समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार दोपहर 12:00 बजे के आसपास चुरुवा गांव पहुंचा। जहां पर प्रतिनिधि मंडल ने परिवारी जनों से बातचीत कर ग्रामीणों की बातें भी सुनी इस संदर्भ में अधिक जानकारी देते हुए समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉ वीरेंद्र यादव ने कहा कि चुरुवा गांव में घटित हुई यह बहुत ही दुखद घटना है, और इस घटना ने मानवता को पूर्ण रूप से शर्मसार कर दिया है, जहां एक ओर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की सरकार अपराध मुक्त प्रदेश की बात करती है तो वही उन्हीं के पुलिस कर्मियों के द्वारा यहां पर ऐसा घृणित कार्य किया गया है, जिसकी जितनी निंदा की जाए उतना ही कम है। यह घटना ऐसी घटना है जिसमें पूर्ण रूप से पुलिस की संलिप्तता है और पुलिस की साजिश भी, और यहां के थानेदार ने जिस तरीके से आनन फानन में पेट्रोल डालकर चांदनी की चिता जलवाने और साक्ष्य मिटाने का काम किया है उनका यह कृत्य अक्षम्य है साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा कि हमारे संरक्षक एवं समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए हम सभी इस शर्मनाक घटना का शिकार हुई इस बेटी, इस बहू के लिए लड़ाई लड़ेंगे और निश्चित ही हमारी जीत होगी क्योंकि रायबरेली की पुलिस एवं बछरावां के थानेदार ने इस घटना में जो अपनी भागीदारी निभाई है उसका पर्दाफाश हो सके। इस मौके पर बछरावां सपा विधायक श्याम सुंदर भारती, ब्लॉक अध्यक्ष बृजेंद्र चौधरी, अनुराग वर्मा, सकील मंसूरी, आशीष पटेल, चुरुवा प्रधान प्रतिनिधि अनिरुद्ध कुमार द्विवेदी सहित प्रतिनिधि मंडल के अन्य सदस्य गण, विधायक गण, पार्टी के पदाधिकारी एवं भारी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता व मौजूद रहे।




## चुरुवा गांव में निकाला गया कैंडल मार्च

**बछरावां,रायबरेली।** थाना क्षेत्र के चुरुवा गांव में चांदनी की हत्यारों को कड़ी सजा दिलाए जाने को लेकर ग्रामीणों ने सोमवार की देर शाम कैंडल मार्च निकालाद्द ग्रामीणों का कहना है कि हत्याकांड में शामिल लोगों को फांसी दी जाए। चुरुवा गांव में चांदनी की हत्या के मामले में सैकड़ो लोगों ने कैंडल मार्च निकाला। कैंडल मार्च में चल रहे लोगों ने कहा कि जो भी लोग चांदनी की हत्या में शामिल है उनको फांसी दी जाए, तभी चांदनी की आत्मा को शांति मिलेगी। कैंडल मार्च में शामिल लोगों का कहना था कि चांदनी तो अब दुनिया में नहीं रही लेकिन उसको न्याय मिलना चाहिए। साथ ही इस कैंडल मार्च में चांदनी को न्याय दो और रायबरेली पुलिस मुर्दाबाद के नारे भी लगेद्य कैंडल मार्च में गांव सहित आसपास की सैकड़ो महिलाएं, बच्चे, वृद्धजन और पुरुष भारी संख्या में शामिल रहे।

## जिला सेवायोजन कार्यालय में रोजगार मेला 19 जुलाई को

**रायबरेली।** जिला सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली के द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मिशन रोजगार के अंतर्गत जिला सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 19 जुलाई 2024 को किया जा रहा है। रोजगार मेले में लगभग 03 कम्पनियों द्वारा टेक्निकल एवं नॉन टेक्निकल पदों पर योग्यतानुसार चयन किया जाएगा। जिसमें आयु 18 से 30 वर्ष के अभ्यर्थी हाई स्कूल, इंटर, स्नातक व आई.टी.आई योग्यता के साथ प्रतिभाग कर सकते है। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु विभागीय पोर्टल पर नियोजकों व अभ्यर्थियों का पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। पंजीकरण में किसी प्रकार की असुविधा होने पर जिला सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली में संपर्क कर सकते हैं।

# शीतल पेयजल के लिए डलमऊ में लगे आरो प्लांट



**आम जन की समस्या को देखते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष पं.बृजेश दत्त गौड़ ने इस समस्या से शासन को कराया अवगत**

**डलमऊ, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

नगर वासियों को शुद्ध एवं शीतल पेयजल की सुविधा दिलाने के क्रम में नगरीय पेयजल योजना के तहत डलमऊ कस्बे के शंकर नगर वार्ड सहित अन्य सभी प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर सौर ऊर्जा से चलने वाले आरो प्लांट स्थापित किये जा रहे हैं। आरो प्लांट लग जाने से नगर वासियो राहगीरों एवं आम जनों को शुद्ध एवं शीतल पेयजल मिल सकेगा। इससे पहले डलमऊ कस्बे में शुद्ध एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था को लेकर बड़ी समस्या थी। आम जन की समस्या को देखते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष पं.बृजेश दत्त गौड़ ने इस समस्या से शासन को अवगत कराया।उनके अथक प्रयासों के चलते नगरवासियों को इस समस्या से निजात मिल सकेगी। 50 लाख रुपए की लागत से लगने वाले सोलर आरो प्लांट कस्बे के शंकर नगर वार्ड सहित 13 स्थान पर लगाए जाएंगे।जिनमे शंकर नगर वार्ड के बैंक ऑफ़ बडौदा के पास,दुर्गा मंदिर तथा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर सहित डलमऊ ब्लॉक गेट, कृष्णा नगर सभासद के घर के पास,थाना चौराहा,भागीरथी इंटर कॉलेज गेट, संकट मोचन मंदिर,पुलिस चौकी डलमऊ,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गेट डलमऊ एवं अन्य प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर सोलर आरो प्लांट स्थापित किये जा रहे हैं।

नगर पंचायत अध्यक्ष पं.बृजेश दत्त गौड़ ने कहा कि नगर वासियों की समस्या उनकी अपनी समस्या है नगर के सर्वांगीण विकास के लिए वह हर संभव प्रयास करते रहेंगे।

# प्रभारी मंत्री से मिलकर बताई समस्याएं, निराकरण की मांग

**डलमऊ, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

मंगलवार को रायबरेली के दौरे पर पहुंची प्रभारी मंत्री उत्तर प्रदेश प्रतिभा शुक्ला से नगर पंचायत अध्यक्ष ब्रजेश दत्त गवर्नर मुलाकात की और नगर के विकास कार्यों एवं समस्याओं से अवगत कराते हुए समस्या का निराकरण कराए जाने की मांग की पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस रायबरेली में प्रभारी मंत्री से मुलाकात के दौरान अध्यक्ष नगर पंचायत डलमऊ बृजेश दत्त गौड़ ने धानू का पुरवा से रामलीला मैदान तक रोड का डामरीकरण कराए जाने, संपूर्ण मेला क्षेत्र व नगर क्षेत्र में विद्युत पोल से विद्युत आपूर्ति किए जाने रिवैंप योजना के अंतर्गत विद्युत विभाग से संबंधित कार्य कराये जाने हर घर नल योजना के तहत पेयजल पाइपलाइन व ओवरहेड टैंक बनवाए जाने गंगा नदी में गिर रहे नगर पंचायत डलमऊ के समस्त नालों का पानी को रोकने के लिए एसटीपी के निर्माण कार्य कराए जाने तथा डलमऊ पंप कैनाल द्वारा निकाली गई।

बालू के शील्ट जो अभी तक नहीं हटाई गई है जिसको लेकर कई बार सिंचाई विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई।

प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने नगर पंचायत अध्यक्ष ब्रजेश दत्त गौड़ को अस्वस्थ करते हुए कहा कि जल्द से जल्द समस्याओं का निराकरण कराया जाएगा उन्होंने सभी विभागों को जल्द से जल्द कार्य किये जाने हेतु निर्देशित किया जाएगा।

# वन स्टॉप सेंटर टीम ने सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

भारत सरकार द्वारा निर्गत कार्यक्रम संकल्प एचईडब्लू के अंतर्गत 21 जून से 4 अक्टूबर 2024 तक 100 दिन का विशेष जागरूकता अभियान कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की थीम पर जनपद स्तर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा के निर्देशानुसार आज वन स्टॉप सेंटर टीम द्वारा वैदिक इंटर कॉलेज जनपद रायबरेली में जाकर बालक, बालिकाओं, अध्यापिकाओं को परामर्शदाता श्रद्धा सिंह भदोरिया ने सरकार द्वारा चलाई जा रही।

योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में बढ़ाई गई धनराशि के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया एवं स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित पेंशन योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के बारे में विस्तार से बताया गया ,साथ ही सरकार द्वारा चलाए जा रहे निशुल्क हेल्पलाइन नंबरों जैसे 181 (महिला हेल्पलाइन), 1090 ( वूमेन पावर लाइन), 108 (एंबुलेंस सेवा), 1098 (चाइल्ड लाइन) 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा)आदि की जानकारी देकर जागरूक किया गया जिसमें अमित कुबेले, डॉ ज्ञानेंद्र चतुर्वेदी सखी वन स्टॉप सेंटर ,परामर्शदाता श्रद्धा सिंह भदौरिया केस वर्कर अर्चना सिन्हा विद्यालय के प्रधानाचार्य शिक्षक/शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



## खबरें एक नजर में

### साइकिल सवार बच्चे को ट्रक ने कुचला, मौत



**अमावां, रायबरेली।** तेज रफ्तार ट्रक में मासूम बच्चे को रौंदा हुई मौत धान की बेरन लेकर खेत जा रहे कुंदन उम्र 13 वर्ष को रायबरेली जगदीशपुर हाईवे पर घूराडीह ग्राम पंचायत के अंतर्गत मोहम्मदपुर चराई गांव के पास बेकाबू ट्रक ने 13 वर्षीय बच्चे को कुचल डाला वही ट्रक की टक्कर से घायल बच्चे की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस नेशव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मामला मिल एरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत बताया जा रहा है।

### रेस्क्यू टीम घाघरा नदी में पूर्व प्रधान की कर रही तलाश



**जरवलरोड बहराइच समृद्धि न्यूज़।** करीब तीन दिन पूर्व कैसरगंज क्षेत्र के ग्राम सहबापुर पचलखी के पूर्व प्रधान 70 वर्षीय चंदा सिंह पुत्र हरिप्रसाद सिंह अपने घर से कहीं चले गए थे। छानबीन के दौरान उनकी अंतिम लोकेशन जरवल रोड थाना क्षेत्र में घाघरा पुल के पास मिली थी। परिजनों ने आशंका जताई है कि शायद घाघरा में डूब कर उनकी मौत हो गई है। परिजनों की सूचना पर जरवल रोड पुलिस व पीएसी के जवान गोताखोरों की मदद से घाघरा नदी में सर्च अभियान चला रहे हैं । मंगलवार को भी रेस्क्यू टीम घाघरा नदी में पूर्व प्रधान की तलाश करती रही। इस दौरान कैसरगंज के पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रदीप यादव व चंदा सिंह का प्रपौत्र धर्मेंद्र सिंह रेस्क्यू टीम के साथ मौजूद रहे।

### संभल के डॉक्टर के नाम से बनेगा डायग्नोस्टिक सेंटर

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** शहर के स्टेशन रोड मोड़ पर अलका डायग्नोस्टिक सेंटर का संचालन होता है। यहां की जांच रिपोर्ट को लेकर संभल निवासी युवक ने डीएम से शिकायत की थी। सोमवार शाम को मुख्य विकास अधिकारी और डिप्टी सीएमओ ने जांच की। जांच के दौरान कोई भी चिकित्सक मौजूद नहीं मिला, वहां मिली कई खामियों पर डायग्नोस्टिक सेंटर को सील कर दिया गया है।संभल जिले के सराय मोहल्ला निवासी डॉक्टर सागर उमर फैजान पुत्र कौसर अहमद सादिक ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर अलका डायग्नोस्टिक सेंटर के बारे में शिकायत की थी। उनका कहना है कि उनके नाम पर सेंटर का संचालन हो रहा है। डीएम मोनिका रानी के निर्देश पर सोमवार शाम को मुख्य विकास अधिकारी राम्या आर, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर राकेश कुमार मौर्य और जिला सूचना अधिकारी की टीम ने डायग्नोस्टिक सेंटर में छापेमारी की। अल्ट्रासाउंड मशीन का संचालन अन्य व्यक्ति द्वारा किया जा रहा था, वहां कोई चिकित्सक मौजूद नहीं था। सीडीओ ने बताया कि कुछ देर बाद डॉक्टर रश्मि वर्मा सेंटर पर पहुंची। पूछताछ में उन्होंने बताया कि चिकित्सक के रूप में वाइस सेंटर पर कार्य करने के लिए पूर्व में आवेदन किया था जिसका अनुमोदन अभी प्राप्त नहीं हुआ।

# अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे हुए सम्मानित

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

कस्बे के शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी एवम् विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित शिक्षण संस्थान न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सुरेन्द्र सरस्वती नगर लालगंज में साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन (एसओएफ) द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय स्तर की सामाजिक विज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा में प्रथम स्थान कक्षा 9 की छात्रा स्नेहा सोनी, द्वितीय स्थान रिद्धिमा सिंह व तृतीय स्थान प्रिया पाल ने हासिल किया।

साथ ही विद्यालय के अनंत पराक्रम सिंह, सृष्टि जैसवाल, आदित्य सिंह,उदित बाबू, आद्या पांडेय,अभय प्रताप सिंह,आदित्य शेखर, आरवी सिंह, परिधी सिंह, अर्श प्रताप सिंह, विवेक बाजपई, शौर्य शुक्ला, अथर्व तिवारी, आयुष्मान, मोहम्मद तनवीर, वैष्णवी,अदिति,श्रुति, सोनाक्षी आदि बच्चों ने भी मेडल प्राप्त कर अभिभावकों,विद्यालय एवम क्षेत्र का नाम रोशन किया।

इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया एवम सभी को शुभकामनाये दी, और कहा की बच्चों में असीमित ऊर्जा है बस हम सभी शिक्षकों का कर्त्तव्य है कि उस ऊर्जा को सही दिशा प्रदान करना जो हमारे शिक्षको ने कर दिखाया और आगे भी प्रयास जारी रहेगा।

# रास्ते के विवाद में किया चाकू से वार, तीन घायल

**खीरों , रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

रास्ते के विवाद को लेकर चचेरा भाई ने मंगलवार को सुबह लगभग साढ़े सात बजे अपने दो चचेरे भाइयों और भाभी सहित तीन लोगों पर चाकू से हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया।

परिजनों ने घायलों को आनन-फानन में सीएचसी खीरों पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायलों को गम्भीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। सूचना पर सीएचसी खीरों पहुंची पुलिस ने पीड़ितों से पूछताछ की और मामले की पड़ताल में जुट गई।रायपुर निवासी बबलू पुत्र श्रीकेशन ने बताया कि उसके परिवार के गजोधर प्रसाद पासवान पुत्र हीरामुनि पासवान और उपेंद्र पासवान महेन्द्र पासवान पुत्रगण राम सेवक से पुरानी रंजिश चल रही है। सोमवार की शाम को रास्ते के विवाद को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई थी। मंगलवार को सुबह उपेन्द्र पासवान ने अपने भाई महेन्द्र पासवान की सह पर दूसरे पक्ष के गजोधर प्रसाद पासवान (46), बालगोविन्द पासवान (40) पुत्रगण हीरामुनि पासवान पर अचानक चाकू से जानलेवा हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। बीच बचाव करने पहुंची बालगोविन्द पासवान की पत्नी विद्यावती पासवान (38) को भी चाकू मारकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। शोर शराबा सुनकर ग्रामीण बीच बचाव करने पहुंचे तो हमलावर उपेन्द्र पासवान जान से मारने की धमकी देता हुआ भाग गया। परिजनों ने ग्रामीणों के सहयोग से तीनों घायलों को सीएचसी खीरों पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़ितों से पूछताछ की। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घटना की जांच की जा रही है।

शिकायती पत्र मिला है। आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। उधर, पीड़ित पक्ष ने बताया कि दोनों पक्षों में काफी समय से विवाद चल रहा है। कई बार थाने में शिकायती पत्र दिया। लेकिन पुलिस ने मामले में लीपापोती कर रफादफा कर दिया गया। पुलिस ने गंभीरता के साथ मामले में कोई सार्थक कार्यवाही नहीं की। यदि समय रहते पुलिस सही ढंग से वैधानिक कार्यवाही करती तो शायद उन पर आज जानलेवा हमला न होता।



# बीएसए ने दिया खेल को बढ़ावा देने का आश्वासन

**जनपदीय माध्यमिक विद्यालय खेल समिति की वार्षिक बैठक सकुशल संपन्न**

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह की अध्यक्षता में खेल विभाग माध्यमिक शिक्षा की वार्षिक बैठक वैदिक इंटर कॉलेज रायबरेली के सभागार में सकुशल संपन्न हुई इस बैठक में जिला क्रीड़ा अधिकारी धीरेंद्र पुरुषोत्तम प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज रायबरेली प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज रायबरेली प्रधानाचार्य शिवनारायण सिंह विद्या मंदिर गौरा इंटर कॉलेज रायबरेली प्रधानाचार्य परिषद अध्यक्ष सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी बृजलाल सर जिला में अनुसूचिका रेनू शुक्ला श्री शिव शरण कर सहित विभिन्न जोनों के प्रधानाचार्य एवं शारीरिक शिक्षक उपस्थित रहे सभी ने जोनल स्तर पर ज्यादा से ज्यादा विद्यालयों से खिलाड़ियों को प्रतिभाग कराने पर अपनी सहमति दी। अजय सिंह चंदेल सचिव खेल विभाग माध्यमिक शिक्षा रायबरेली ने बताया कि सत्र 2023-24 में विभिन्न खेलों में 161 बच्चों ने प्रदेश स्तर पर प्रतिभाग किया था जिसमें से 33 बच्चों ने प्रदेश स्तर पर प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया था जिसमें से सात बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया था जिसमें से चांदनी प्रधान ताइक्वांडो ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया था चांदनी प्रधान एम जे गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्र हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक महोदय ने अपने संबोधन में खेल के स्तर के उन्नयन हेतु हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया तथा निर्देशित किया कि सभी लोग एक जुटता के साथ प्रयास करें कि बच्चे ज्यादा से ज्यादा खेल मैदान तक पहुंचे और अपनी प्रतिभाओं का सही प्रदर्शन करें इस अवसर पर कलारी पट्टू के महासचिव प्रशांत सिंह, कराटे एसोसिएशन अध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता भी उपस्थित रहे बैठक बहुत ही सारगर्भित रही एवं निश्चित रूप जिला विद्यालय निरीक्षक महोदय के दिशा निर्देश में माध्यमिक विद्यालय के खेल को एक नई ऊंचाई प्राप्त होगी।





## उत्कर्ष पब्लिक इंटर कॉलेज में हुआ पत्रिका का विमोचन

**बछरावां रायबरेली।** उत्कर्ष पब्लिक इंटर कॉलेज में उत्कर्ष शीर्षक से पुस्तिका का विमोचन पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने किया। इस मौके पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हृदय दीक्षित ने कहा कि विद्यालय ज्ञान और विद्या के केंद्र होते हैं और वहां से उच्च कोर्ट के नागरिक तैयार होकर देश की सेवा करते हैं। उन्होंने कहा कि अध्ययन अध्यापन के साथ छात्रों को रचना धर्म सिखाना बहुत जरूरी होता है। श्री दीक्षित ने कहां कि विद्यालय द्वारा उत्कर्ष पत्रिका के प्रकाशन के लिए विद्यालय परिवार प्रशंसा का पात्र है उन्होंने कहा कि पुस्तकें हम सभी के जीवन में प्रकाश से भर देती हैं। दयानंद पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर सुभाष चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि उत्कर्ष पत्रिका सभी युवा पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक बनकर उजाले का काम करेगी।

# किसानों को आसानी से मिलेगी उपयोग की वस्तुएं

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



जिला सहकारी बैंक लिमिटेड रायबरेली के चेयरमैन विवेक विक्रम सिंह ने लालगंज पहुंचकर सहकारी समितियो के अध्यक्ष , सचिव और किसानों से संवाद करते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा सहकार से समृद्ध योजना संचालित है।

यह योजना तभी सफल होगी, जब गांव गांव में बनी समितियां मजबूत होगी और वहां से किसानों को यूरिया डीएपी सहित अन्य किसान उपयोग की वस्तुएं आसानी से मिलेगी साथ ही उन्हें जब समय से लोन मिलेगा तभी किसान मजबूत होगा और समितियां मजबूत होगी। सहकारी बैंक अध्यक्ष विवेक सिंह ने कहा कि गत वित्तीय वर्ष में सहकारी बैंक ने गत वर्षो की तुलना में काफी अधिक मात्रा में लोन बांटा है और बैंक का भी लाभांश बढ़ा है। उन्होंने कहा कि आज सहकारी बैंक भी 25 लाख तक होम लोन, 25 लाख तक व्यावसायिक लोन और 10 लाख तक पर्सनल लोन कर रही हैं जिनका लोग सहकारी बैंक पहुंचकर फायदा उठा सकते हैं। खासतौर से उन्होंने किसानों को सहकारी बैंक से फसली लोन लेने के लिए प्रेरित किया और कहा कि सहकारी बैंक ही ऐसा बैंक है जो किसानों को तीन फीसदी ब्याज पर लोन देती है। उन्होंने कहा कि यह समिति के अध्यक्ष और सचिवों की जिम्मेदारी है कि सोसाइटी भली-भांति चले और किसानों को इसका फायदा मिले। भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ और भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष देवेंद्र बहादुर सिंह बबलू ने भी बैठक को संबोधित किया और कहा कि भाजपा सरकार में किसानों की स्थिति मजबूत हुई है।

**जानकारी**

## नामांकन 22 व पत्रों की जांच 23 जुलाई, उम्मीदवारी वापसी व प्रतीक आवंटन 24 जुलाई को

# रिक्त पदों पर मतदान छह को व मतगणना आठ अगस्त को: डीएम

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

राज्य निर्वाचन आयोग उप्र लखनऊ की अधिसूचना के क्रम में जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) रायबरेली हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार जनपद रायबरेली की क्षेत्र पंचायतों के सदस्यों एवं ग्राम पंचायतों के प्रधान तथा उनके सदस्यों के वैधानिक रूप से रिक्त स्थानों/पदों, जो न्यायालय के स्थगनादेश से बाधित न हो, पर उप निर्वाचन विनिर्दिष्ट समय सारिणी के अनुसार नामांकन पत्रों को जमा करने की अन्तिम तिथि 22 जुलाई 2024 (पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 04 बजे तक), नाम पत्रों की जांच 23 जुलाई 2024 (पूर्वाह्न 10 बजे से कार्य की समाप्ति तक), 24 जुलाई 2024 को उम्मीदवारी वापसी (पूर्वाह्न 10 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक) एवं प्रतीक आवंटन (अपरान्ह 03 बजे से कार्य की समाप्ति तक), मतदान 06 अगस्त 2024 (प्रातः 07 बजे से अपराह्न 05 बजे तक) तथा मतगणना 08 अगस्त 2024 (प्रातः 8 बजे से कार्य समाप्ति तक) निर्धारित है। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) हर्षिता माथुर ने बताया है कि उपर्युक्त सूचना के अधीन क्षेत्र पंचायतों के सदस्यों एवं ग्राम पंचायतों के प्रधान तथा उनके सदस्यों के रिक्त स्थानों/पदों पर निर्वाचन हेतु प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों का पूर्ण विवरण देते हुए निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) द्वारा 18 जुलाई, 2024 को सार्वजनिक सूचना निर्गत की जाएगी। सार्वजनिक जानकारी हेतु ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत, तहसील कार्यालय और जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय के सूचना पट्ट पर यह कार्यक्रम प्रदर्शित किया जायेगा। निर्वाचन अधिकारी द्वारा सार्वजनिक सूचना निर्गत करने के साथ ही नामांकन पत्रों का विक्रय प्रारम्भ हो जाएगा। जिला मजिस्ट्रेट हर्षिता माथुर ने बताया है कि क्षेत्र पंचायत के सदस्यों के उप निर्वाचन में नामांकन पत्रों का विक्रय, नामांकन पत्रों के दाखिल करने, उनकी जांच करने, उम्मीदवारी वापस लेने तथा चुनाव चिन्ह आवंटन एवं मतगणना का कार्य तथा निर्वाचन परिणाम घोषणा सम्बन्धित क्षेत्र पंचायत मुख्यालय पर होगा। इसी प्रकार उप निर्वाचन में प्रधान ग्राम पंचायत व ग्राम पंचायत सदस्यों के नामांकन पत्रों का विक्रय, नामांकन पत्रों के दाखिल करने, उनकी जांच करने, उम्मीदवारी वापस लेने तथा चुनाव चिन्ह आवंटन तथा मतगणना का कार्य तथा निर्वाचन परिणाम घोषणा सम्बन्धित विकास खण्ड मुख्यालय पर होगा। जिला मजिस्ट्रेट हर्षिता माथुर ने बताया कि समय सारिणी के मध्य पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों पर भी सम्बन्धित कार्यालय खुले रहेंगे और निर्धारित समय सारिणी के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।



## आत्ममंथन करे भाजपा

हालिया लोकसभा चुनावों में प्रभावशाली प्रदर्शन के कुछ ही समय बाद सात राज्यों में हुए विधानसभा उपचुनावों में इंडिया ब्लॉक अपनी कामयाबी से खासा उत्साहित है। विपक्षी गठबंधन में शामिल दलों ने तेरह में से दस सीटें जीत ली हैं। जहां कांग्रेस ने चार सीटें जीती हैं, वहीं पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस ने भी चार सीटें जीती हैं। पंजाब में आम आदमी पार्टी ने जालंधर पश्चिम सीट जीती है तो डीएमके ने तमिलनाडु में विक्रवंडी निर्वाचन क्षेत्र में जीत दर्ज की है। भाजपा को हिमाचल प्रदेश व मध्यप्रदेश में एक–एक सीट मिली है तो बिहार में एक निर्दलीय जीता है। हालांकि, यह एक हकीकत है कि देश में लोकसभा व विधानसभा चुनावों में मतदाता अलग–अलग पैटर्न से वोट देता है। तमाम स्थानीय मुद्दे भी विधानसभा चुनाव में असर डालते हैं। लेकिन फिर भी चुनाव परिणामों की स्थिति को देखते हुए भाजपा आत्ममंथन के लिये मजबूर जरूर होगी। इसकी एक वजह यह भी है कि इस साल के अंत तक जहां हरियाणा, महाराष्ट्र व झारखंड में विधानसभा चुनाव होने हैं, वहीं उत्तर प्रदेश में भी दस विधानसभा क्षेत्रों में भी उपचुनाव होने हैं। भाजपा के लिये चिंता की बात यह भी होगी कि जिस उत्तराखंड में उसकी सरकार है और हालिया लोकसभा चुनाव में पार्टी ने शानदार प्रदर्शन किया था, वहां दो विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनावों में वह क्यों हारी। वहीं दूसरी ओर उत्तराखंड व हिमाचल की जीत कांग्रेस का मनोबल बढ़ाने वाली है क्योंकि लोकसभा चुनाव में उसे दोनों राज्यों में भाजपा के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। पंजाब में आम आदमी पार्टी राज्य में सरकार होने के बावजूद लोकसभा चुनाव में तेरह में सिर्फ तीन सीटें जीत पायी थी। मुख्यमंत्री भगवंत मान के लिये यह राहत की बात होगी कि उनकी पार्टी ने उपचुनाव में सफलता हासिल की है। दूसरी ओर हिमाचल में भी मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू राहत की सांस ले सकते हैं कि चुनाव परिणामों के बाद उनकी सरकार सुरक्षित हो गयी है। बहरहाल, पश्चिम बंगाल के चुनाव परिणामों ने बता दिया कि पश्चिम बंगाल में दीदी का ही एकछत्र राज्य चलेगा। राज्य में टीएमसी ने चार सीटें जीती हैं और तीन सीटें भाजपा से छीनी हैं। वहीं तमिलनाडु में सत्तारूढ़ डीएमके ने भी अपनी स्थिति को मजबूत कर लिया है। बहरहाल, केंद्र में गठबंधन सरकार बनाने के तुरंत बाद आए उपचुनावों के नतीजे निस्संदेह भाजपा को असहज करने वाले ही हैं। वहीं संसद के हालिया सत्र में दमदार उपस्थिति दर्ज कराने वाले पुनर्जीवित विपक्ष के लिये उपचुनाव के नतीजे शुभ संकेत ही कहे जा सकते हैं। हालांकि, विपक्षी खेमे के लिये यहां आत्मसंतुष्टि की गुंजाइश ज्यादा नहीं है क्योंकि भाजपा भारी बाधाओं के बावजूद चुनाव जीतने का दमखम जरूर रखती है। बहरहाल, यह भाजपा के लिये भी ईमानदारी से आत्ममंथन करने का वक्त है ताकि उसे पता हो सके कि पार्टी की नीतियों में कहां चूक हो रही है। साथ ही यह भी कि उसमें कैसे सुधार किया जा सकता है। बहरहाल, इन चुनाव परिणामों का एक पहलू यह भी है कि मतदाताओं ने उत्तराखंड, हिमाचल व पंजाब में दलबदल करने वाले नेताओं को सबक भी सिखाया है। उत्तराखंड की चर्चित बद्रीनाथ सीट को कांग्रेस बचाने में कामयाब रही है। उसके सिटिंग एमएलए ने पाला बदलकर भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ा था, लेकिन इस बार जनता ने उन्हें नकार दिया। हिमाचल प्रदेश में रोचक परिदृश्य उभरा है जहां देहरा सीट पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू की पत्नी चुनाव जीत गई हैं। प्रदेश में यह पहली बार होगा कि मुख्यमंत्री व उनकी पत्नी सदन में एक साथ होंगे।

# किसान, रेल व कृषि उड़ान का हो रहा बंटाधार, अब कोई पूछने वाला नहीं

अरुण कुमार श्रीवास्तव



**उदाहरण के लिए, इससे महाराष्ट्र से फल बिहार या बंगाल जैसे दूर के बाजारों तक कम खर्च पर पहुंच सकते थे। हालांकि, आलोचकों का तर्क है कि इस योजना में उचित हितधारक जुड़ाव की कमी थी। परियोजना की सफलता के लिए महत्वपूर्ण किसानों से पर्याप्त परामर्श नहीं किया गया। आदर्श रूप से, सरकार को पहल की दीर्घकालिक व्यवहार्यता सुनिश्चित करने के लिए किसान संघों और सहकारी समितियों के साथ सहयोग करना चाहिए था। इसके अलावा, लॉन्च से पहले बाजार विकास की कमी के बारे में भी चिंताएं व्यक्त की गई हैं।**

किसान रेल योजना, जिसकी घोषणा 2019-20 के बजट में की गई थी और अगस्त 2020 में बहुत सारे वादों के साथ बड़ी धूम-धाम से पहली ट्रेन शुरू की गई थी, अब पीछे छूटती नजर आ रही है। फलों और सब्जियों जैसे जल्दी खराब होने वाले कृषि उत्पादों के परिवहन के लिए एक क्रांतिकारी तरीके के रूप में परिकल्पित यह परियोजना सुर्खियों से गायब होने और अपने बंटाधार से पहले दो साल तक सफल रही थी। 29 मार्च, 2023 को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संसद को किसान रेल सेवाओं की प्रगति के बारे में जानकारी दी थी। 7 अगस्त, 2020 को अपनी शुरुआत के बाद से, भारतीय रेलवे ने 1 मार्च, 2023 तक 167 मार्गों पर लगभग 2,364 किसान रेल सेवाएं संचालित की थीं।

इस पहल का समर्थन करने के लिए सरकार ने इस अवधि के दौरान 4 करोड़ रुपये की सब्सिडी प्रदान की। किसान रेल के माध्यम से फलों और सब्जियों के परिवहन को प्रोत्साहित करने के लिए, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने वित्तीय वर्ष 2020-21 और 2021-22 के दौरान 50प्रतिशत माल ढुलाई सब्सिडी की पेशकश की थी। रेलवे ने इन वर्षों में क्रमशरू 27.79 करोड़ रुपये और 121.86 करोड़ रुपये वितरित किये, जिसमें खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय ने बाद के वर्ष में 50 करोड़ रुपये की प्रतिपूर्ति की। हालांकि, खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय ने 1 अप्रैल, 2022 से सब्सिडी बंद कर दी। सब्सिडी समाप्त होने के बावजूद, रेलवे ने आंशिक सहायता प्रदान करना जारी रखा। 1 अप्रैल, 2022 और 1 मार्च, 2023 के बीच रेलवे द्वारा लगभग 4 करोड़ रुपये की 45प्रतिशत सब्सिडी वितरित की गई। अब परियोजना के स्पष्ट रूप से खत्म होने के पीछे के कारणों को लेकर सवाल उठ रहे हैं। विशेषज्ञ लॉन्च से पहले जमीनी स्तर पर काम न करने की ओर इशारा करते हैं। भारत की कृषि परिवहन प्रणाली सड़कों पर बहुत अधिक निर्भर है, जिसमें खेतों से बाजारों तक उपज ले जाने के लिए विभिन्न वाहनों का उपयोग किया जाता है। इस स्थापित नेटवर्क ने कई फायदे दिये, जिसमें खराब होने वाले सामानों को कम से कम नुकसान पहुंचाने के लिए सावधानीपूर्वक संभालना शामिल है। किसान रेल का उद्देश्य कृषि उत्पादों के लिए एक राष्ट्रीय रेलवे नेटवर्क स्थापित करना था, जिससे पूरे देश में कुशल और लागत-प्रभावी परिवहन संभव हो सके।

उदाहरण के लिए, इससे महाराष्ट्र से फल बिहार या बंगाल जैसे दूर के बाजारों तक कम खर्च पर पहुंच सकते थे। हालांकि, आलोचकों का तर्क है कि इस योजना में उचित हितधारक जुड़ाव की कमी थी। परियोजना की सफलता के लिए महत्वपूर्ण किसानों से पर्याप्त परामर्श नहीं किया गया। आदर्श रूप से, सरकार को पहल की दीर्घकालिक व्यवहार्यता सुनिश्चित करने के लिए किसान संघों और सहकारी समितियों के साथ सहयोग करना चाहिए था। इसके अलावा, लॉन्च से पहले बाजार विकास की कमी के बारे में भीचिंताएं व्यक्त की गई हैं। कृषि व्यापारियों और सहकारी समितियों के साथ पहले से संपर्क करके माल की न्यूनतम मात्रा की गारंटी प्राप्त की जा सकती थी, जिससे यह सुनिश्चित होता कि ट्रेनें लगातार चलती रहें।

संचालन के लिए सब्सिडी पर निर्भरता विवाद का एक और बिंदु है। एक सफल किसान-रेल आदर्श रूप से व्यावसायिक व्यवहार्यता प्राप्त कर सकती थी। यह सभी हितधारकों के साथ सहयोग के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता था, जिस तरह से निजी कंपनियां काम करती हैं। परियोजना की संरचना भी हैरान करने वाली है। आलोचकों का तर्क है कि यह सब्सिडी के प्राथमिक फोकस के साथ नौकरशाही व्यवस्था जैसा दिखता है। इसके अतिरिक्त, वित्तीय निवेश न्यूनतम लगता है। रिपोर्टों से पता चलता है कि सरकार ने पिछले दो वर्षों में केवल लगभग 50 करोड़ रुपये खर्च किए हैं।

किसान रेल की विफलता भारत में कृषि परिवहन को आधुनिक बनाने के प्रयासों के लिए एक महत्वपूर्ण झटका है। सड़क परिवहन पर अत्यधिक निर्भरता की सीमाएं हैं, जो संभावित रूप से खाद्य सुरक्षा को प्रभावित करती हैं। एक विविध परिवहन नेटवर्क महत्वपूर्ण है। आगे बढ़ते हुए, किसान रेल की कमियों की गहन जांच आवश्यक है। विशेषज्ञों की एक समिति प्रयोग का विश्लेषण कर सकती है और अधिक कुशल कार्यान्वयन रणनीति की सिफारिश कर सकती है। सरकारी कार्यक्रम की विफलताएं भविष्य की पहलों पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती हैं। जनता का भरोसा कम होता जा रहा है, जिससे लोग नये विचारों को अपनाने में हिचकिचा रहे हैं। किसी भी कार्यक्रम की सफलता पूरी तैयारी पर निर्भर करती है। जैसा कि किसान रेल मामले से पता चलता है। सुचारू लॉन्च और दीर्घकालिक स्थिरता के लिए उचित जमीनी कार्य आवश्यक है। इसी तरह, कृषि उड़ान अगस्त 2020 में हवाई परिवहन के माध्यम से कृषि उत्पादों के परिवहन में सुधार के लिए शुरू की गई एक सरकारी पहल है।

इस योजना की योजना किसानों को उनकी उपज के लिए निर्बाध, किफायती और समय पर हवाई परिवहन प्रदान करके लाभान्वित करने के लिए बनाई गई थी, खासकर पूर्वोत्तर, पहाड़ी और आदिवासी क्षेत्रों से। ऐसा करके, इस योजना का उद्देश्य किसानों को उनके उत्पादों के लिए मिलने वाले मूल्य को बढ़ाना था। अक्टूबर 2021 में, पहाड़ी क्षेत्रों, पूर्वोत्तर राज्यों और आदिवासी क्षेत्रों से खराब होने वाले खाद्य उत्पादों पर विशेष ध्यान देने के साथ कृषि उड़ान 2.0 की शुरुआत की गई। इस चरण में कृषि और हवाई परिवहन को एकीकृत करने, कृषि मूल्य श्रृंखला में स्थिरता सुनिश्चित करने और प्रोत्साहनों के माध्यम से कृषि उपज के हवाई परिवहन को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया गया। इस योजना से किसानों के लिए बाजार तक पहुंच का विस्तार करने, कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करने, कीमतों में सुधार करने और कृषि निर्यात को बढ़ावा देने की उम्मीद थी।

कुल मिलाकर, कृषि उड़ान का उद्देश्य कृषि क्षेत्र में बदलाव लाना और हवाई परिवहन का लाभ उठाकर देश भर में किसानों को सशक्त बनाना था। हालांकि, इस योजना के प्रदर्शन के बारे में सार्वजनिक डोमेन में बहुत कम जानकारी उपलब्ध है। समाचार रिपोर्ट और सरकारी संचार दोनों की ही देश में खराब होने वाले कृषि उत्पादों के परिवहन को बढ़ाने के लिए लक्षित इन दो प्रमुख पहलों पर अनुपस्थिति इनकी दुर्दशा के बारे में स्वयं बहुत कुछ कह रही है।

## विचार

# भाजपा को बेचैन करता महाराष्ट्र का घटनाक्रम



**शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट को भी अच्छी सफलता मिली। माना जाता है कि राहुल गांधी की दो यात्राओं, खासकर दूसरी ने (जिसे श्न्याय यात्रा नाम दिया गया था) लोगों पर अच्छा असर डाला था। इसकी समाप्ति मुम्बई में ही हुई थी। समापन अवसर पर तीनों सहयोगी दलों की शिवाजी पार्क में हुई विशाल संयुक्त रैली ने संकेत दे दिये थे कि हवा का रुख किधर है। चूंकि तीनों दल एकजुट रहे तो उसका परिणाम वही रहा जो कि अनुमानित था। लोकसभा के चुनाव परिणाम बतलाते हैं कि जनता एकनाथ शिंदे की नहीं उद्धव की शिवसेना को असली मानती है।**

लोकसभा चुनाव में अपने बूते 370 और अपने सहयोगी दलों के साथ मिलकर बने डेमोक्रेटिक नेशनल एलायंस के बल पर 400 सीटें जीतने का दावा करने वाली भारतीय जनता पार्टी के 240 सीटों पर सिमटने के बाद उसकी सरकार तो बन गई और प्रधानमंत्री का पद फिर से नरेन्द्र मोदी पा गये हैं, लेकिन सच ये है कि तेलुगु देसम पार्टी तथा जनता दल यूनाइटेड के बल पर ही सरकार टिकी हुई है।

राजनीतिक विश्लेषकों के ये अनुमान अब सच होते नजर आ रहे हैं कि भाजपा में इस कमजोरी के खिलाफ असंतोष फूट सकता है। यह भी माना जा रहा था कि महाराष्ट्र में जल्दी नाराजगी दिखाई दे सकती है। इसके प्रारम्भिक चिन्ह दिखलाई देने लगे हैं। खास बात यह है कि महाराष्ट्र में तीन महीनों में चुनाव होने जा रहे हैं। महाराष्ट्र की बात करें तो लोकसभा के चुनाव परिणाम साफ बतलाते हैं कि लोगों को वहां चल रही उद्धव ठाकरे की अविभाजित शिवसेना, शरद पवार की अविभाजित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी तथा कांग्रेस की गठबन्धन की सरकार को भाजपा द्वारा गिराना पसंद नहीं आया। याद हो कि भाजपा ने शिवसेना तथा एनसीपी को तोड़कर एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में सरकार बनाई थी। सरकार के इशारे पर केन्द्रीय निर्वाचन आयोग ने उनके चुनाव चिन्ह भी छीनकर टूटे हुए धड़ों को आवंटित कर दिये थे। इन सबका खामियाजा लोकसभा चुनाव में देखने को मिला। वहां कांग्रेस सबसे ज्यादा सीटें पाकर पहले क्रमांक का दल बन गया, तो वहीं भाजपा को जबरदस्त नुकसान हुआ।

शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट को भी अच्छी सफलता मिली। माना जाता है कि राहुल गांधी की दो यात्राओं, खासकर दूसरी ने (जिसे श्न्याय यात्रा नाम दिया गया था) लोगों पर अच्छा असर डाला था। इसकी समाप्ति मुम्बई में ही हुई थी। समापन अवसर पर तीनों सहयोगी दलों की शिवाजी पार्क में हुई विशाल संयुक्त रैली ने संकेत दे दिये थे कि हवा का रुख किधर है। चूंकि तीनों दल एकजुट रहे तो उसका परिणाम वही रहा जो कि अनुमानित था। लोकसभा के चुनाव परिणाम बतलाते हैं कि जनता एकनाथ शिंदे की नहीं उद्धव की शिवसेना को असली मानती है। वैसे ही उनका भरोसा अजित पवार की एनसीपी में नहीं बल्कि उनके चाचा शरद पवार की एनसीपी में है। उसी महाराष्ट्र में अब चुनाव नजदीक हैं और कुछ ऐसे घटनाक्रम हो रहे हैं जिसे लेकर भाजपा के साथ ही एनडीए के घटक दलों का परेशान होना स्वाभाविक है। सोमवार को शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती उद्धव ठाकरे के निवास मातोश्री पहुंचे, जहां उन्होंने कहा कि वे फिर से उद्धव ठाकरे को ही मुख्यमंत्री की कुर्सी पर देखना चाहते हैं।

शंकराचार्य ने साफ कहा कि उद्धव ठाकरे के साथ छल हुआ है। इस दौरान दिल्ली में बन रहे केदारनाथ धाम के प्रतीकात्मक मंदिर निर्माण पर भी उन्होंने नाराजगी जताई और केदारनाथ धाम ट्रस्ट और उत्तराखंड सरकार से सवाल किया है कि आखिर केदारनाथ धाम के नाम से राजधानी दिल्ली में मंदिर बनाने की जरूरत क्यों पड़ी? शंकराचार्य ने केदारनाथ धाम से चोरी कर लिए गए सोने की पड़ताल की मांग भी की है। हाल ही में आम चुनावों में हिंदुत्व पर राजनीति करने का नुकसान भाजपा ने भुगता है, ऐसे में शंकराचार्य के इन बयानों से भाजपा के लिए मुश्किलें बढ़ सकती हैं। वहीं अब विधानसभा चुनावों से पहले सत्तारुढ़ महायुति के कमजोर होने और विपक्षी महागठबंधन के मजबूत होने की भी खबरें हैं।

महाराष्ट्र की सभी 288 विधानसभा सीटों पर सकाल मीडिया के सर्वे के मुताबिक 48.7 प्रतिशत जनता ने महाविकास अघाडी के पक्ष में अपना मत रखा है, जबकि 33.1 प्रतिशत लोग महायुति यानी भाजपा-शिंदे गठबंधन के पक्ष में दिखे हैं और 4.9 प्रतिशत लोगों ने किसी के भी प्रति अपना मत नहीं रखा। जनता का यह झुकाव बता रहा है कि इस बार महागठबंधन के पक्ष में माहौल बन रहा है और इसका नुकसान कहीं न कहीं भाजपा को होता दिख रहा है। वहीं सोमवार को शरद पवार के साथ अजित पवार गुट के छगन भुजबल ने मुलाकात की। उन्होंने इसका उद्देश्य राज्य में अन्य पिछड़ा वर्गों एवं मराठाओं के बीच आरक्षण को लेकर हो रहे संघर्ष पर चर्चा करना बतलाया। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले ही भुजबल ने आरोप लगाया था कि मराठा आंदोलन के पीछे शरद पवार का हाथ है। भुजबल के अनुसार वे एक विधायक की हैसियत से गये थे क्योंकि वे शांति चाहते हैं।

मराठा ओबीसी की दुकानों से सामान तक नहीं ले रहे हैं। उनका दावा था कि श्जरूरत हुई तो वे पीएम मोदी और राहुल गांधी से भी मिलेंगे। लेकिन इस मुलाकात के कुछ और अर्थ निकाले जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि लोकसभा चुनावों के जो नतीजे निकले हैं उससे सरकार में शामिल शिवसेना (शिंदे) और एनसीपी (अजित) में खलबली है। इसके विधायकों को अपना भविष्य खतरे में दिखाई देने लगा है।

कहा तो यह भी जाता है कि इन दोनों गुटों के कुछ लोग अपने-अपने दलों के मूल नेताओं (उद्धव-शरद) से सम्पर्क में हैं। कई बार तो यह भी बात उठी थी कि लोकसभा चुनाव के पहले यदि फिर से राज्य सरकार में बदलाव हो जाये तो कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिये। वैसे हाल में हुए विधान परिषद के चुनावों में 11 सीटों की गुंजाइश के रहते उद्धव ठाकरे ने अपने 12वें उम्मीदवार मिलिंद नार्वेकर को जिता दिया तो माना जा रहा है कि उनका प्रभाव बना हुआ है।

# युवाओं की नजर से चुनाव में जलवायु परिवर्तन

अमिताभ पाण्डेय

जलवायु परिवर्तन और जलवायु शिक्षा को लेकर पिछले चुनाव में पहली बार वोट देने वाले युवाओं के सर्वे में चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं। इसके मुताबिक दिल्ली में पहली बार वोट देने वाले युवाओं ने जलवायु परिवर्तन को अपने राजनीतिक एजेंडे में सबसे ऊपर रखा है। सर्वे में शामिल 40 प्रतिशत युवाओं का मानना है कि सरकार जलवायु परिवर्तन के मुद्दों से निपटने के लिए पर्याप्त प्रयास नहीं कर रही है। वहीं, 83 प्रतिशत ने उनके स्कूल में दी जा रही पर्यावरण शिक्षा को औसत और बेहद खराब माना है। ये आंकड़े परसेप्शन ऑफफर्स्ट-टाइम वोटर्स ऑन क्लाइमेट एजुकेशन इन इंडिया सर्वे में सामने आए हैं।

सर्वे असर सोशल इम्पेक्ट एडवाइजर्स, क्लाइमेट एजुकेटर्स नेटवर्क और सीएमएसआर कंसल्टेंट्स की ओर से चार राज्यों - दिल्ली, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और महाराष्ट्र के सात शहरों-दिल्ली, मुंबई, पुणे, चेन्नई, कोयम्बटूर, कोलकाता और आसनसोल में किया गया है। सर्वे में शामिल हुए युवाओं की उम्र 18-22 साल के बीच है। टीबीएफ द बनियन फाउंडेशन की एजुकेशन डायरेक्टर स्वाति छात्रा स्कूलों और कॉलेजों में एकीकृत शिक्षा की जरूरत और जलवायु परिवर्तन के असर के बारे में पढ़ाने पर जोर देती हैं। वे कहती हैं, जलवायु परिवर्तन के कारणों और नकारात्मक प्रभावों को गिनाना ही काफी नहीं है। युवाओं को केवल निराशा, भय और चिंता महसूस होगी तो वे बेचैन होंगे। इसीलिए जलवायु शिक्षा को समाधान वाले दृष्टिकोण के साथ और अधिक व्यावहारिक बनाना होगा। साथ ही यह दृष्टिकोण संकट से निपटने, लचीली रणनीतियों और टिकाऊ उपभोग पर केन्द्रित होना चाहिए। इस सर्वे से जलवायु शिक्षा के स्तर का भी पता चलता है। 59 प्रतिशत युवाओं को उनके स्कूलों-कॉलेजों में दी जा रही शिक्षा से जलवायु परिवर्तन के कारण और परिणामों के बारे में पर्याप्त और सही जानकारी नहीं मिलती। हालांकि इनमें से अधिकतर युवाओं ने मीडिया या सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों से इस बारे में पढ़ा है। वहीं, दिल्ली में तमाम पर्यावरणीय चिंताओं के कारण 92 प्रतिशत युवाओं ने कहा कि उन्हें जलवायु शिक्षा को मौजूदा शिक्षा व्यवस्था में शामिल करना बेहद महत्वपूर्ण लगता है।

इसके अलावा दिल्ली में जलवायु संकट की वजह से 61 प्रतिशत युवाओं ने निराशा, डर, गुस्सा और चिंता जताई, जबकि 39 फीसदी युवा जलवायु परिवर्तन के दौर में भविष्य के प्रति आशावादी थे। क्लाइमेट एजुकेटर्स नेटवर्क की संस्थापक सदस्य, सुनयना गांगुली कहती हैं, सर्वे के नतीजों से स्पष्ट है कि स्कूल-कॉलेजों के पाठ्यक्रम में जलवायु शिक्षा आसान भाषा और तरीके से उपलब्ध नहीं है। निकट भविष्य में आने वाले जलवायु संकट की तैयारी भी नहीं है। इसीलिए हमें युवाओं में आशा और भरोसा पैदा करना चाहिए। साथ ही गुणवत्तापूर्ण जलवायु पाठ्यक्रम, कौशल को बढ़ावा देने के लिए स्थान-आधारित और नई शिक्षा प्रणाली का उपयोग करना चाहिए। जलवायु के प्रति जागरूक समाज बनाने के लिए युवाओं में हुनर और ज्ञान का विकास करना पड़ेगा। सर्वे के प्रमुख निष्कर्ष रू सर्वे में शामिल हुए युवाओं में से 58 फीसदी ने कहा कि स्कूल-कॉलेज में उन्हें मिली जलवायु शिक्षा औसत है, जबकि 25 फीसदी ने इसे खराब माना। सर्वे में शामिल 40 प्रतिशत युवाओं का मानना है कि सरकार जलवायु परिवर्तन के मुद्दों से निपटने के लिए पर्याप्त प्रयास नहीं कर रही है। 59फीसदी युवाओं का मानना है कि उन्हें जलवायु परिवर्तन के कारणों और परिणामों के बारे में पर्याप्त सूचना नहीं है। यह जलवायु परिवर्तन की उनकी समझ की रैंकिंग में भी दिखता है, जिनमें से अधिकांश (67फीसदी) ने कहा कि वे इस बारे में कुछ हद तक ही जानते हैं। युवाओं ने जलवायु संकट से निपटने के लिए तीन बड़े तरीके गिनाए। जिसमें 19त्न ने परिवहन में टिकाऊ ढांचे को बढ़ाने, 18 प्रतिशत ने रिन्यूएबल ऊर्जा स्त्रोतों को प्राथमिकता देने और 17 प्रतिशत ने जलवायु शिक्षा और जागरूकता कार्यक्रमों पर जोर देने की बात कही। युवाओं से राजनीतिक मुद्दों को लेकर भी सवाल किए गए।



# राशिफल

**मेष :-** कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। पेशे संबंधी कोई यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार बनेंगे। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है।

**बृषभ:-** स्वयं पर भरोसा रख योजनाओं को सुचारू रुप से क्रियान्वित करें। सगे-संबंधों में सरल व व्यावहारिक बनने की कोशिश करें। अर्थाभाववश चिंता संभव।

**मिथुन:-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध से मन हतोत्साहित होगा। संबंधों के प्रति कुछ नयी शिकायतें संभव। किसी विद्वान के विचारों से प्रभावित मन में उत्साह का संचार होगा।

**कर्क :-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा।

**सिंह:-** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। रोजगार में अति व्यस्तता रहेगी किंतु कायरे को समय से पूर्ण करें।

**कन्या:-** समस्याओं के समाधान हेतु मन नयी-नयी युक्तियों पर केंद्रित होगा। महत्वपूर्ण कायरें के प्रति आलस्य न करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित न हो। जीवन साथी से मधुरता कायम रखें।

**तुला :-** मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में संतुलित वाणी का प्रयोग करें। कोई हितैषी बिगड़े हुए संबंधों को सुधरवायेगा। रोजगार में अपनी क्षमता का लाभ उठाएंगे।

**वृश्चिक :-** सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु संतुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में सगे-संबंधियों का सहयोग प्राप्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयां संभव।

**धनु :-** नये समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय में संतुलन बनाने का प्रयत्न करें। महत्वपूर्ण कायरे में आलस्य का त्याग करें।

**मकर :-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम सार्थक होगा। रोजगार में प्रगति संभव।

**कुंभ:-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर उत्साहित होंगे। नियोजित कार्यकुशलता से प्रगति के लिए आशान्वित होंगे। सुखद कायरें की व्यस्तता रहेगी।

**मीन :-** क्षमता से परे किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना हानिकार हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न करें। रोजगार में लाभ के नये अवसर प्राप्त होंगे।

# संविधान हत्या दिवस की आवश्यकता क्यों?

मृत्युंजय दीक्षित



**स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात देश की राजनीति के सबसे काले अध्याय आपातकाल से वर्तमान और भारी पीढ़ियों को अवगत कराने के लिए अब केंद्र सरकार ने प्रतिवर्ष 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लेते हुए इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी है। यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण निर्णय है, क्योंकि जन सामान्य जिसने आपातकाल का दौर नहीं देखा उसे पता होना चाहिए कि संविधान बदलना और उससे खिलवाड़ करना वास्तव में क्या होता है, जो कांग्रेस ने आज से पचास साल पहले किया था। संविधान हत्या दिवस की अधिसूचना आने के बाद अब हर वर्ष 25 जून को कांग्रेस के काले कारनामे जनता को याद दिलाए जायेंगे स्वाभाविक है इससे कांग्रेस और इंडी गठबंधन असहज है और अनापशनाप बयानबाजी कर रहा है।**

लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के नेतृत्व में इंडी गठबंधन ने एक झूठा नैरेटिव व्यापक स्तर पर चलाया था कि अगर केंद्र में नरेन्द्र मोदी इस बार 400 सीटों के साथ सरकार बनाने में सफल हो जाते हैं तो संविधान बदल दिया जाएगा तथा भविष्य में फिर कोई चुनाव नहीं होगा। इस झूठ ने चुनाव को प्रभावित किया और भाजपा अकेले पूर्ण बहुमत नहीं ला पाई। चुनाव के बाद संसद के प्रथम सत्र में इंडी गठबंधन के नेता संविधान के पॉकेट साइज संस्करण को लहराते दिखाई दिए। संविधान की सुरक्षा को लेकर देश में तीखी राजनीतिक बहस चल रही है। राहुल गांधी, अखिलेश यादव और शशि थरूर आदि ने संविधान के इसी पॉकेट साइज संस्करण को हाथ में लेकर शपथ ली।

विपक्ष का इरादा आगामी विधानसभा चुनाव में भी संविधान की रक्षा करने का नैरेटिव चलाने का है, क्योंकि अब उसे लग रहा है कि संविधान, आरक्षण और लोकतंत्र की रक्षा के झूठे नैरेटिव के सहारे ही भाजपा का विजय रथ रोका जा सकता है। संविधान की रक्षा के नाम पर दलितों, पिछड़ों, अति पिछड़ों आदि को भाजपा से दूर किया जा सकता है। इस वर्ष देश को कांग्रेस द्वारा आपातकाल के अंधेरे में झोंकने के भी पचास वर्ष हो रहे हैं । संविधान के पॉकेट साइज संस्करण को लहराते लोगों को वास्तविकता का स्मरण कराते हुए संसद के प्रथम संक्षिप्त सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और प्रधानमंत्री मोदी ने आपातकाल को याद करते हुए कांग्रेस सहित संपूर्ण विपक्ष को आईना दिखा दिया। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में आपातकाल को सबसे बड़ा काला अध्याय बताया था। आपातकाल कांग्रेस व उसके सहयोगियों की एक दुखती रग है। लोकसभा अध्यक्ष आपातकाल की भर्त्सना का प्रस्ताव लाए और सदन में दो मिनट का मौन रखा।

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात देश की राजनीति के सबसे काले अध्याय आपातकाल से वर्तमान और भारी पीढ़ियों को अवगत कराने के लिए अब केंद्र सरकार ने प्रतिवर्ष 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लेते हुए इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी है। यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण निर्णय है, क्योंकि जन सामान्य जिसने आपातकाल का दौर नहीं देखा उसे पता होना चाहिए कि संविधान बदलना और उससे खिलवाड़ करना वास्तव में क्या होता है, जो कांग्रेस ने आज से पचास साल पहले किया था।

संविधान हत्या दिवस की अधिसूचना आने के बाद अब हर वर्ष 25 जून को कांग्रेस के काले कारनामे जनता को याद दिलाए जायेंगे स्वाभाविक है इससे कांग्रेस और इंडी गठबंधन असहज है और अनापशनाप बयानबाजी कर रहा है। प्रियंका गांधी वाड्रा से लेकर शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे गुट के संजय राऊत तक सभी बहुत ही विकृत बयान दे रहे हैं। इनका कहना है कि जिस घटना को 50 वर्ष हो चुके हैं भाजपा उसे क्यों याद रखना चाहती है? इनका तर्क माने तो फिर स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस भी नहीं मनाना चाहिए क्योंकि उसके तो पचहत्तर वर्ष बीत गए हैं ? कुतर्क कांग्रेस का चरित्र बन गया है।

वास्तविकता यह है कि 25 जून हर उस व्यक्ति और परिवार के घाव पर मरहम लगाने और स्मरण करने का दिन है जो इंदिरा गांधी की सत्ता लोलुपता के लिए लगाए गए आपातकाल की क्रूरता का पीड़ित है। इंदिरा गांधी ने अपनी कुर्सी बचाने के लिए जिस तरह संविधान का गला घोंटा था वह संविधान की हत्या के रूप में ही याद किया जा सकता है। उस दौरान देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को पूरी तरह से छीन लिया गया था। लाखों लोगों को बिना कारण जेल भेज दिया गया था। जेल में लोगों पर क्रूर अमानवीय अत्याचार किए गए थे। लाखों परिवारों को आपातकाल में अथाह दुःख सहन करना पड़ा था। इस दौरान सत्तारूढ़ कांग्रेस के नेताओं ने भयंकर भ्रष्टाचार किया और देश की संपत्ति को अंग्रेजों और मुगल आक्रमणकारियों की तरह लूटी गई। चाहे फिल्म और संगीत जगत रहा हो या समाचार जगत या फिर राजनीति कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं बचा था जहां आपातकाल के अत्याचार न पहुंचे हों। डर और कुंठा के उस माहौल को क्यों भूल जाना चाहिए? देश को पता चलना चाहिए कि आपातकाल और तानाशाह क्या होता है जिससे कोई भी व्यक्ति कभी भी इंदिरा गांधी जैसी हरकत दोबारा न कर सके। जो सबसे जघन्य अपराध संविधान के साथ हुआ वह था उसकी आत्मा की हत्या करके उसकी प्रस्तावना में पंथ निरपेक्ष और समाजवाद शब्द जोड़ा जाना, यह तुष्टीकरण का सबसे घृणित उदाहरण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को हिटलर कहने वाली कांग्रेस की रग-रग में तानाशाही भरी है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
( *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# शासनादेश के विरोध में शिक्षकों ने दिया त्यागपत्र

**मौदहा, हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**



न्याय पंचायत स्तर पर संकुल शिक्षक गठन किया गया था। शासनादेश में वर्णित व्यवस्था के अनुसार संकुल शिक्षकों का कार्यकाल एक वर्ष निर्धारित किया गया था। परफार्मेश रिव्यू के आधार पर यदि संकुल शिक्षक का प्रदर्शन बेहतर पाया जाता है तो अगले एक वर्ष के किए पुनः अवसर प्रदान किया जायेगा।

उपरोक्त शासनादेश के अनुपालन में खण्ड शिक्षा अधिकारी मौदहा द्वारा प्रत्येक न्याय पंचायत में पांच शिक्षक संकुलों को नामित किया गया। तब से अभी तक मौदहा के सभी संकुल शिक्षक अपने कर्तव्यों का पालन करते आ रहे हैं। समय. समय पर महानिदेशक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा विभिन्न तरह के कार्यों के लिए निर्देश दिए गए। जिनका अनुपालन सभी के द्वारा किया गया है। अभी हाल में ही महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना कार्यालय के निर्देशानुसार प्रेरणा पोर्टल पर 12 तरह की डिजिटल पंजिकाओं को विद्यालय स्तर पर करने के निर्देश प्रदान किए गए और धरातल की कठिनाइयों को समझे बिना इस तरह का आदेश शिक्षको के किए मानसिक और शारीरिक परेशानियों उत्वीडन का सबब बना हुआ है।

समस्त संकुल शिक्षको ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हमीरपुर को संबोधित ज्ञापन द्वारा खंडशिक्षाधिकारी मौदहा को न्याय पंचायत की बैठक व संकुल स्तरीय सभी कार्यों का बहिष्कार के संबंध में सामूहिक त्यागपत्र सौंप दिया गया। इस अवसर पर हरिमोहन गुप्ता, विवेक कुमार दीक्षित, रामकृष्ण त्रिपाठी, अम्बरीश कुमार, नेहा सिंह, काजल गुप्ता,तबस्सुम, काजी नईमुद्दीन सुनील सोनी, हरिश्चन्द्र प्रजापति, देवेंद्र कुमार, योगीश राज पाल, सोमनाथ बाजपेई, कृष्णमनोहर गुप्ता बृन्दावन अनुरागी सहित 50 संकुल शिक्षक उपस्थित रहे।

## पिता-पुत्र ने की मारपीट पुलिस से हुई शिकायत

**राठ,हमीरपुर।** कोतवाली के चिल्ली गांव निवासी देवेंद्र अहिरवार पुत्र गिरजा शंकर ने बताया कि वह दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है। छह जुलाई को वह दिल्ली से गांव आया है। शनिवार को गांव के पिता पुत्र उसे पकड़कर दशो मील बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर ले गए और वहां पर मारपीट की। पिता पुत्र कहने लगे कि सारा रुपया दे दो। उसने उससे 15 हजार रुपए उधार लिए थे। जिस पर उसने 25 हजार रुपए लौटा दिए। बताया कि पिता पुत्र कहने लगे कि तुम्हारी पत्नी की रिपोर्ट से उसका 18 हजार रुपए खर्च हो गया है। पिता पुत्र ने सादा कागज में उससे हस्ताक्षर करा लिए हैं। आरोप लगाया कि उसने कोतवाली में तहरीर दी थी। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

# दूल्हे ने दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

**कुरारा,हमीरपुर समृद्धि न्यूज।**



विकास खंड क्षेत्र के बेजे इस्लाम पुर गांव में बारात निकासी के दौरान दूल्हे ने पौध रोपण किया।तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।क्षेत्र के बेजे इस्लाम पुर ; मलहरा गांव निवासी दूल्हा रमाकांत यादव पुत्र लल्लू की बारात की निकासी के दौरान गांव स्थित शिव मंदिर व कालका मंदिर में एक ब्रक्ष अपनी मां के नाम रोपण किया।

तथा दूसरा पौधा अपने पिता के नाम रोपण कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। इसके बाद गांव में निकासी निकली। ब्रक्षारोपण के दौरान सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष अनार सिंह यादव, कमल यादव, प्रेम नारायण यादव, अनिल यादव,फूल सिंह यादव, राजेश यादव, तथा रूबी यादव सहित महिला, व पुरुष मौजूद रहे।

## टीनशेड तोड़कर नगदी समेत पांच पेटी शराब चोरी

**सुमेरपुर,हमीरपुर।** बीती रात फैक्ट्री एरिया के देशी शराब ठेके की टीन शेड तोड़कर अज्ञात चोर नगदी सहित पांच पेटी शराब चोरी करके फरार हो गए। घटना का पता सुबह चलने पर सेल्समैन ने घटना की तहरीर फैक्ट्री एरिया पुलिस चौकी इंचार्ज को सौंपी है। पुलिस आसपास के संस्थानों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। फैक्ट्री एरिया में संचालित देशी शराब ठेके के सेल्समैन राहुल सिंह ने पुलिस को सौंपी तहरीर में अवगत कराया है कि वह रात 10 बजे ठेका बंद करके घर चला गया था। रात में अज्ञात चोरों ने ठेके की टीन शेड को तोड़कर ठेके में रखे 60 हजार नगद तथा 5 पेटी शराब चोरी कर ली है। पुलिस आसपास के संस्थानों में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

# विधायक पर एसडीओ विद्युत ने लगाया धमकाने का आरोप, सौंपा ज्ञापन

**राठ,हमीरपुर समृद्धि न्यूज।**




मंगलवार को विधायक मनीषा अनुरागी ने विद्युत की कटौती को लेकर विद्युत विभाग के एसडीओ को जमकर लताड़ लगाई। इस पर एसडीओ ने विद्युत कर्मचारियों के साथ विधायक पर डरा धमकाने का आरोप लगाते एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के तत्वाधान में उपखंड अधिकारी शिवेंद्र कुमार ने एसडीएम विपिन कुमार शिवहरे से शिकायत की कि मंगलवार को विधायक मनीषा अनुरागी अपने कार्यकर्ताओं के साथ कार्यालय पहुंची और बिजली आपूर्ति के लिए जिम्मेदार ठहरा कर धमकाया। जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर प्रचलित की गई। जिससे विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की छवि धूमिल हुई। एसडीओ शिवेंद्र कुमार ने शिकायत में कहा कि बिजली कर्मचारियों से किए गए व्यवहार की प्रति माफी मांगी जाए और कहा भविष्य में इस तरह के व्यवहार पर विद्युत कर्मी कार्य बहिष्कार के लिए बाध्य होंगे। उनके साथ जेई बीके पांडेए इंण् अजय कुमारए नसीम अहमद सहित समस्त बिजली कर्मचारी मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना में महिला समेत तीन घायल, अस्पताल में भर्ती

**मौदहा,हमीरपुर समृद्धि न्यूज।**

> प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए किया रेफर

क्षेत्र में हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटना में एक महिला सहित तीन लोग घायल होगये। सभी घायलों को लहुलुहान हालत में राहगीरों की मदद से कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के कपसा गांव निवासी अनिल 30 वर्ष पुत्र कल्लू सोमवार की दोपहर बाद गांव जाते समय भैंस्ता के निकट बाइक का संतुलन खो सड़क गिर घायल हो गया लहूलुहान हालत में राहगीरों की मदद से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। इसी प्रकार सुनैचा गांव निवासी बबली पत्नी मंगल एमंगल पुत्र झल्लू नेशनल हाईवे में सोमवार की शाम बाइक का संतुलन को देने से सड़क पर गिर घायल हो गए लहूलुहान हालत में राहगीरों की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# मोहर्रम की आठवीं को निकाला गया मेहंदी ताजिया

**पनवाड़ी/महोबा, समृद्धि न्यूज**



कस्बा के मुहाल शेखोंपुरा एवं मंडी की संयुक्त हुसैनी कमेटी द्वारा मेंहदी जूलूस निकाला गया। इनाम हुसैन की याद में मार्शिए पढ़े गए। मार्शिए सुन अकीदतमंदों की आंखे नम हो गईं।

बता दें सोमवार की रात्रि में मोहल्ला मंडी से मेंहदी उठाने का आगाज करने के लिए सबसे पहले बाद नमाज इंशा मार्शिया पढ़ने वाली गिरोह (सदस्य) द्वारा मर्शिया पढ़ना शुरू किया गया, करीब दो घंटे तक मार्शिया पढ़ने का सिलसिला जारी रहा, मुहाल मंडी से मेंहदी ने शेखोंपुरा में आकर चौक लिया।

ढोलो की बजरोटी के साथ मेंहदी चिन्हित मार्गो से गुजरती हुई स्थानीय थाना के लिए रबाना हुई. जगह जगह ठंडा पानी, कोल्ड ड्रिंक,शर्बत,मिठाई आदि सहित विभिन्न प्रकार के लंगर इमाम हुसैन के नाम पर अकीदतमंदों द्वारा किए गए।

थाना पहुंची मेंहदी का थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार पाण्डेय और अपराध निरीक्षक यशवंत सिंह के साथ पुलिस स्टाप ने एहतराम कर फांतहा दिलाई. वहीं पुलिस स्टाप द्वारा अकीदतमंदों के लिए लंगर, पानी के साथ सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। थाना परिसर में हुसैनी गुलामों द्वारा अखाड़ा खेल अपने अपने जौहर दिखाए गए। थाना से वापस मेंहदी अपने चिन्हित मार्गों से होते हुए मुहाल मुल्लनपुरा लाई गई. जहां क़रीब दो घंटे तक लंगर और बजरोटी का सिलसिला जारी रहा. रात्रि करीब दो बजे मेंहदी जुलूस का अपने मुकाम पर आकर समापन हुआ।

## खबरें एक नजर में

### सीएचसी अधीक्षक की देखरेख में हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**उतरौला,बलरामपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी के निर्देश के तहत उतरौला स्वास्थ्य विभाग तहसील क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांव के लोगों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए दिन-रात काम कर रहा है। उतरौला तहसील क्षेत्र के कई गांव के लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर सीपी सिंह की देखरेख में स्वास्थ्य विभाग लगातार बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोगों से संपर्क कर हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है। मंगलवार को बाल प्रभावित गांव कटरा में बाढ़ राहत मेडिकल हेल्थ टीम के डॉक्टर अताउल्लाह खान, डॉक्टर अमरेंद्र व रेखा द्वारा लोगों का चिकित्सीय परीक्षण कर पेरासिटामोल, मेट्रोजिल, ओआरएस पाउडर, क्लोरीन, एंटी फंगस क्रीम अन्य दवाई वितरित की गई। साथ ही बीमारियों से बचाव के उपाय भी बताए गए। अधीक्षक डॉक्टर सीपी सिंह ने कहा कि चौबीसों घंटे सहायता के लिए मेडिकल टीमें तैनात की गई हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य सुरक्षा की गतिविधियां चलाई जा रही हैं। जिससे बाढ़ प्रभावित लोगों को मदद मिल सके।

### मेडिकल स्टोर संचालक ने लगायी फांसी

**कुरारा,हमीरपुर।** कस्बा कुरारा के मेन बाजार निवासी युवक ने सूने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बीती शाम जब बड़ा भाई घर आया तो घटना की जानकारी हुई।कस्बा के मुख्य बाजार में टीन शेड के पास में विनय गुप्ता का मेडिकल स्टोर संचालित है। इनके तीन पुत्र है। सबसे बड़ा मयंक गुप्ता दूसरे नंबर का सुमित गुप्ता तथा तीसरा पुत्र योगेश गुप्ता (25) है। रविवार की रात 9 बजे तक सबसे छोटा पुत्र योगेश मेडिकल स्टोर में बैठा रहा था। इसके बाद वह दिखाई नही दिया। सोमवार को मेडिकल स्टोर बंद रहा। इसका बड़ा भाई मयंक गुप्ता छोटे भाई सुमित का इलाज कराने कानपुर गया था। सोमवार को शाम मयंक गुप्ता वापस घर आया तो घर का दरवाजा अंदर से बंद मिला। तब उसने पुलिस को सूचना दी। पुलिस की मौजूदगी में दरवाजा खोला गया तो योगेश पंखे में फांसी लगाकर लटक रहा था। घटना की जानकारी मिलते ही बाजार में लोगो की भीड़ एकत्र हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है। घटना के समय वह घर में अकेला था।

### पेड़ काट रहे मजदूर की करंट लगने से मौत

**सुमेरपुर।** थाना क्षेत्र के नरायनपुर गांव के एक होटल में खड़े यूकेलिप्टस के पेड़ काट रहा एक मजदूर की ऊपर से निकले हाई टेंशन लाइन की चपेट में आकर मौत हो गयी। साथी मजदूर की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। कानपुर जनपद के रमईपुर गांव निवासी अब्दुल हसन ने बताया कि नरायनपुर के प्रेम इलाइची होटल के पीछे खड़े पेड़ों की कटान के लिये ठेकेदार रमशाद निवासी रावतपुर कानपुर के साथ छोटे पुत्र कल्लू भी कटान करने आया था। पेड़ काटते समय यूकेलिप्टस का एक लंबा पेड़ ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन में छू गया। पेड़ गीला होने और नीचे हरी घास व नमी के चलते छोटे निवासी रावतपुर करंट लगने से जमीन मे गिर पड़ा और उसकी मौत हो गयी। मजदूर को मृत देख ठेकेदार रमशाद मौके से रफूचक्कर हो गया। तब साथी मजदूर ने घटना से पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

## बंटवारे को लेकर एक ही परिवार में चले लाठी-डंडे

**सुमेरपुर।** बंटवारे के विवाद के चलते पुत्र ने पिता के साथ गाली गलौज कर मारपीट कर दी। बचाने आये दूसरे पुत्र को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने घायलों का डाक्टरी परीक्षण कर मुकदमा दर्ज किया है।थाना क्षेत्र के सुरौली बुजुर्ग निवासी सुकदेव यादव ने तहरीर देते हुये बताया कि उसका लड़का कल्लू यादव व गोलो हिस्सा को लेकर गाली गलौज कर रहे थे। गाली देने से मना किया तो कल्लू यादव ने कुल्हाड़ी व गोलो ने डन्डे से मारपीट की। शोरगुल सुनकर जब उसका दूसरा पुत्र राम बरन यादव बचाने आया तो उसे भी दोनो लोगों ने डन्डे व कुल्हाड़ी से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु की है।

# ज्यादातर गांवों में नमामि गंगे के कनेक्शन नही, गंदा पानी, लीकेज, सड़क उखड़ी

> सीसी रोड की मरम्मत न होने से जलभराव बीमारियां फैलने का बढ़ा खतरा

**हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

जल जीवन मिशन योजना के तहत जल निगम ग्रामीण ने जिले में 98 फीसदी लोगो को पेयजल मिलने की फर्जी दावा किया है मगर पिछले दिनों डीएम के निर्देश पर खंड विकास अधिकारियों की जांच में इस कार्यक्रम की पोल खोल कर रख दी है। ज्यादातर गांवों में कनेक्शन नही दिये गये है यही नही गावों में नब्बे फीसदी सीसी रोड खोदने के बाद उनकी मरम्मत नही की गयी है। कई गांव ऐसे है जिनमे कनेक्शन किये गये है मगर उनमे आज तक पानी नही पहुंच रहा है। जानकारी के मुताबिक खंड विकास अधिकारी सरीला ने बताया कि निरीक्षण में ग्राम परछा में तीन सौ घरो में कनेक्शन देना शेष है,गांव में खुदाई के बाद गली की मरम्मत नही की गयी है जिससे लोगो को निकलना मुश्किल हो रहा है। यही हाल गांव ममना का है। पहरा गांव में नयी बनी टंकी में विद्युत कनेक्शन नही है। गांव में पाइप लाइन नही बिछायी गयी है मगर कागजो में पेयजल मुहैया कराया जा रहा है। चौपरा मोहाल में विद्युत तार जमीन से छू रहे है। विलगांव ग्राम में 403 घरो में कनेक्शन है मगर लीकेज के कारण 150 घरो में पानी जाना बंद है। करियारी गांव में 35 घरों में कनेक्शन नही किया गयाहै। कमला पासवान के मकान से छंगा के मकान के पास तक पाइप लाइन नही बिछायी गयीहै। बंधौली गांव में 55 घरों में कनेक्शन शेष है। परछा में आपूर्ति ही बंद है।

मुस्करा ब्लाक के जांच मे पाया कि गहरौली में नाली टूटी है पानी की किल्लत है राठ ब्लाक में गांव बरदा में कई घरो में पाइप लाइन लीकेज है। रामप्रकाश व सुरेश के घर के पास जलभराव है जिससे बीमारिया फैलने का खतरा है। बाबूलाल के घर के पास विद्युत पोल टूटा है। मवई गांव के प्रधान ने बतायाकि कई मर्तवा कहने के बाद भी नमामि गंगे योजना को हैड ओवर नही कराया गया है। कई घरो में पानी नही आ रहा है। रामसिना व चुन्नी लाल के घरो के पास विद्युत तार नीचे लटक रहे है।

मौदहा ब्लाक के निरीक्षण में बीडीओ ने डीएम को बताया कि मकरांव ग्राम में जो रोड काटा कर बनाया गयाहै उसमे खाना पूरी की गयी है। 15 फीसदी घरों में पानी नही आता है जो आता है उसमे कचरा आता है। पिपरौदा गांव में कनेक्शन तो है मगर कभी कभार पानी आता है गहबरा में तो कनेक्शन तो है मगर उसमे पानी की आपूर्ति नही हो रही है। कुरारा ब्लाक के निरीक्षण मिला कि देवीगंज गोली के नलकूप के पास विद्युत तार नीचे लटक रहे है पाइप लाइन डालने के बाद ही नष्ट हो गयी थी। सभी ब्लाकों में अमृत सरोवर तालाबों की हालत बेहद दयनीय है।

### कुरारा के गांव भौली में नहीं किये गये नल के कनेक्शन

कुरारा के गांव भौली में जांच मे पाया गया कि गांव का आरआर सेंटर बंद है। गांव में पाइप लाइन तो विछी है मगर नल के कनेक्शन नही किये गये है। गौशाला में सफाई नही है गंदगी के चलते संचारी रोग अभियान फ्लाप हो गया है। गोहांड ब्लाक के निरीक्षण में पाया गया कि ग्राम धगवा में आरआरसी सेंटर नही है। यहां पर नमामि गंगे योजना के तहत कई घरो में कनेक्शन नही है। रावतपुरा में चालिस घरो में कनेक्शन तो है मगर उसमे पानी नही आ रहा है। ग्राम चुरहा में यही हालत है। कमोखर गांव में रोड मरम्मत नही की जाती हैपाइप लाइन का अभी तक कनेक्शन नही है। जो है उसमे पेयजल नही हो रहा है। बीरा गांव में समस्या है इटैलियाबाजा गांव में जल जीवन मिशन में जो खुदायी की गयी है सड़क की मरम्मत नही की गयी है जिससे जलभराव है।

# विधायकों ने बाढ़ प्रभावित ग्रामों में बांटी मेडिकल किट

> बाढ़ प्रभावित ग्रामों में चलाया जा रहा विशेष साफ सफाई अभियान, लगाए गए स्वास्थ्य कैंप

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**




राप्ती नदी एवं पहाड़ी नालों का जलस्तर कम होने के बाद जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित ग्रामों में युद्ध स्तर पर राहत कार्य किया जा रहा हैं। इसी क्रम में तहसील बलरामपुर सदर के बाढ़ प्रभावित ग्राम राघवपुर में विधायक पल्टूराम द्वारा प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री एवं मेडिकल किट एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों का वितरण किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार आपदा की घड़ी में सभी प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है।

एक-एक प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। इस दौरान नायब तहसीलदार अनुपम शुक्ल उपस्थित रहे। तहसील तुलसीपुर के बाढ़ प्रभावित ग्राम बुदंतपुर में विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला द्वारा राहत सामग्री, मेडिकल किट एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों का वितरण किया गया। इस दौरान नायब तहसीलदार शिवेंद्र पटेल उपस्थित रहें। बाढ़ राहत कार्य के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा 32 मेडिकल टीम बनाया गया है , मेडिकल टीम द्वारा रोस्टर वाइस प्रभावित ग्रामों में जाकर मेडिकल कैंप पर लगाकर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा रही है। बाढ़ प्रभावित ग्रामों में विशेष साफ सफाई का अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत एंटी लारवा छिड़काव एवं फॉलिंग की जा रही है।

# बिजली कटौती से आम जनमानस बेहाल

**उतरौला बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र में बिजली कटौती से आम जनमानस बेहाल है। रोस्टर से बिजली आपूर्ति का बहाना करके दस से बारह घण्टे की कटौती की जाती है। बाढ़ व गर्मी से भीषण उमस से बिजली उपभोक्ता बिजली कटौती से परेशान हैं। अखिलेश सिंह बताते हैं कि क्षेत्र में बिजली कटौती दिन व रात में होती है। रात में कटौती किए जाने से उपभोक्ता सो नहीं पाते हैं। मुजीब अहमद, मोहम्मद इबरार, श्याम लाल,शिव पूजन, राम नरेश बताते हैं कि दिन में क ई घण्टे बिजली कटौती की जाती है। सरकार के रोस्टर का पालन नहीं किया जाता है। सबसे अधिक दुर्दशा ग्रामीण क्षेत्रों की रहती है जहां बिजली कटौती दिन व रात में कर दी जाती है। श्रीदत्तगंज के जिगना पावर हाउस में चार खम्भे टूट जाने से ग्राम गुमड़ी व अगया बुजुर्ग में कई दिनों से बिजली आपूर्ति नहीं हो रही है वहीं उतरौला पावर हाउस से बाढ़ प्रभावित क्षेत्र ग्राम डाली चौरा, किठूरा व मस्ती जोत में पोल टूट जाने से आपूर्ति ठप रही। बिजली विभाग के अधिकारियों के प्रयास से अलग अलग रास्ते से बिजली लाइन लगाकर बिजली आपूर्ति किसी तरह से की जा रही है। जिगना पावर हाउस के अवर अभियंता अमित चौधरी ने बताया कि क्षेत्र में रोस्टिंग के अनुसार बिजली आपूर्ति अट्ठारह घण्टे की जाती है।

## फर्नीचर आपूर्ति करने वाली फर्म को ब्लैक लिस्टेड कराएंः डीएम

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। विद्यालयों में फर्नीचर की समीक्षा के दौरान डीएम ने नाराज़गी व्यक्त करते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी व जिला समन्वयक को कारण बताओं नोटिस जारी करने तथा जिम्मेदार फर्म के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करते हुए ब्लैक लिस्टेड कराएं जाने के निर्देश दिये गये। विद्यालय निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान कार्यदायी संस्था समाज कल्याण निर्माण निगम, ग्रामीण अभियन्त्रण व राजकीय निर्माण निगम को निर्देश दिया गया कि 01 माह की अवधि सभी अवशेष कार्य पूर्ण करा दिये जायें।



## अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी ने किया परेड का निरीक्षण

**बलरामपुर।** मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी नम्रिता श्रीवास्तव द्वारा पुलिस लाइन में मंगलवार की परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए कराई गई दौड़। निरीक्षण के पश्चात अपर पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार मॉक ड्रिल करवाई गयी। किसी भी विषम परिस्थित अथवा आपराधिक तत्वों से निपटने के लिए विभिन्न प्रकार के शस्त्राभ्यास कराया गया तथा विभिन्न प्रकार के शस्त्रों के बारे में जानकारी दी गई। बाद परेड अपर पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा पुलिस लाइन का भ्रमण किया गया, इस दौरान परिवहन शाखा, पुलिस लाईन परिसर, जीडी कार्यालय, क्वार्टर गार्ड, कैंटीन, आदर्श आरक्षी बैरक, पुलिस भोजनालय तथा पुलिस लाइन में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता परख कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन ज्योतिश्री एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# तालाब बने सीवर टैंक, भू-माफिया कब्जा कर बेंच रहे जमीन

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज।**



केंद्र और प्रदेश की सरकार जहॉ गांव-गांव तालावों की खोदाई के साथ उन्हें मूल स्वरुप में लाने के लिये बीते कई वर्षो से अभियान सा चला रखा है वहीं घाटमपुर नगरीय क्षेत्र के करीब तीन दर्जन से अधिक तालाबों की जमीन पर कब्जा करने का अभियान जैसा जारी है कई बड़े और एतिहासिक महत्व के तालाबों के किनारे बने मकानों के लोग कूड़ा कचरा के साथ गंदगी डाल रहे है। वहीं पालिका भी इस मामले में पीछे नही है उसने भी नगर के अंन्दर कई तालाबों को सीवर टैंक बना रखा है। कुल मिला कर ज्यादातर तालाबों का आस्तिव का खतरा पैदा हो गया है। यहॉ की नगर पालिका का गठन दो ग्राम सभा घाटमपुर व सिहारी को मिला कर किया गया था, तथा दोनों गांव सभाओं में छोटे बड़े 40 तालाब अभिलेखों में दर्ज हैं इनमें कस्बे के पचखुरा मोहल्ले का पचपीरन तालाब भी शामिल है जो 27 बीधे का है, लोगों ने बताया कि पचपीरन तालाब का अपना अलग महत्व है लेकिन अब तालाब का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। सरकारी रिकार्ड की माने तो 27 बीघे के इस तालाब पर शुरू हुए अवैध कब्जों का सिलसिला बदस्तूर अभी भी जारी है। कब्जों के न थमने से 27 बीघे की जगह तालाब सिमट कर 10 बीघा भी मुश्किल से रह गयी होगा। इसी प्रकार मुहल्ला गांधी नगर के सुशील कुमार बताते हैं कि उनके मुहल्ले में पुत्तही गड़ैइया के नाम से जाने जाना वाला तालाब करीब 4 बीघे का है लेकिन तालाब के चारो ओर लोगों ने कब्जा कर पक्के मकान बना लिये है, सुशील कुमार बताते हैं कि वर्ष 2015-16 में नगर पालिका ने उनके मकान से लेकर पुराने अस्पताल तक रास्ते में इंन्टर लाकिंग के साथ नाली बनवायीं थी पर अब रास्ते में लोगों द्वारा डाले गये कूड़ा-कचरा से रास्ता कह गायब हो गयी है। मुहल्ला अशोक नगर पश्चिमी के तालाब आगा ताला का हाल तो सबसे बुरा है, सरकारी अभिलेखों में साढ़े तीन बीधे का यह तालाब अब अपने आस्तिव के लिये जूझ रहा है।

### कब्जा हटवाने के लिये गठित समिति कागजों तक सीमित

घाटमपुर-यदपि रिट याचिका संख्या-8472( एम/बी-12 ओम प्रकाश बर्मा व अन्य बनाम राज्य अन्य में माननीय उच्य न्यायालय के आदेश दिनांक 17. 08. 2012 के अनुपालन के लिये तत्कालीन जिलाधिकारी कौशलराज शर्मा ने 21.09.2016 को आदेश जारी कर नगर निकाय व ग्राम सभाओं की भूमि पर तालाब/पोखरे/चारागाह एंव कब्रिस्तान आदि से अवैध कब्जे हटाने के लिये जिला-तहसील स्तर पर समिति गठित कर दी थी। समिति का अध्यक्ष तहसीलदार को बनाया गया था, नायब तहसीलदारों के अलावा थाना प्रभारी घाटमपुर-सजेती व संवन्धित क्षेत्र के लेखपाल को सदस्य बनाया गया था, लेकिन तालाबों की जमीन पर माफिया लगातार कब्जे कर रहे हैं।

### कब्जे हटवाकर तालाबों के सुन्दरीकरण की सभासद ने भी की है मांग

घाटमपुर नगर पालिका के जवाहर नगर पूर्बी मुहल्ले के सभासद ज्ञानसिंह ने बीते सम्पूर्ण समाधान दिवस मे नगर के अंन्दर स्थित सभी तालाबों से अवैध कब्जा हटवाने और उनके सुन्दरीकरण कराये जाने की मॉग को लेकर शिकायत दर्ज करायी थी, सभासद ने शिकायत की थी कि नगर के अन्दर स्थित ज्यादा तर तालाबों में लोगों ने अवैध रुप से कब्जे कर आवाशीय और ब्यवशायिक भवन बना रखे है, लेकिन नगर पालिका उनको लम्बे समय से बेदखल नही कर रही है यही नही तमाम प्रभाव शाली लोगों ने तालाब की जमीन बेंच डाली है और पालिका में उनके नाम भूमि भी दर्ज हो गयी है।

# अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण ने बाढ़ग्रस्त क्षेत्र की चिकित्सीय व्यवस्थाओं का लिया जायजा

बाराबंकी। समृद्धि न्यूज



जनपद के सूरतगंज ब्लाक के बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र हेतमापुर की चिकित्सीय व्यवस्थाओं का निरीक्षण डा0 सुशील प्रकाश, अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अयोध्या मण्डल अयोध्या एवं डा0 अवधेश कुमार यादव मुख्य चिकित्सा अधिकारी बाराबंकी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि बाढ़ चौकी पर स्थापित चिकित्सीय कैम्प में चिकित्सीय टीम द्वारा जन सामान्य में आवश्यकतानुरूप दवाओं का वितरण किया जा रहा है। निरीक्षण के समय तक 25 मरीजों को टीम द्वारा देखा जा चुका था। चिकित्सीय कैम्प में ए0आर0वी0, ए0एस0वी0, ओ0आर0एस0 व अन्य आवश्यक दवाएँ उपलब्ध थी। डा0 सुशील प्रकाश, अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अयोध्या मण्डल अयोध्या द्वारा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सूरतगंज को निर्देशित किया गया कि नियमित रूप से क्षेत्रीय भ्रमण करना सुनिश्चित करें एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के मरीजों को त्वारित चिकित्सा उपचार प्रदान करना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त अधीक्षक सामु0 स्वा0 केन्द्र सूरतगंज बाराबंकी को यह भी निर्देश दिया गया कि ग्राम विकास विभाग एवं पंचायती राज विभाग से समन्वय स्थापित कर एण्टीलार्वल व ब्लीचिंग का छिड़काव तथा फागिंग कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करें एवं ओ0आर0एस, जिंक की टैबलेट चिकित्सा कर्मियों के माध्यम से वितरित कराना सुनिश्चित करें। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र महादेवा अन्तर्गत सूरतगंज का भी निरीक्षण किया गया है, जिसमें चिकित्सालय पर डा0 माण्डवी कलहंस, प्रभारी चिकित्साधिकारी व अन्य चिकित्सीय स्टाफ उपस्थित रहे। आगामी महोदवा मेला के दृष्टिगत 10 बेड की व्यवस्था, आवश्यक उपकरण, इमरजेंसी दवाओं, आक्सीजन एवं व्हीलचेयर व स्ट्रेचर की आवश्यक संख्या में उपलब्धता हेतु अधीक्षक सामु0 स्वा0 केन्द्र सूरतगंज एवं डा0माण्डवी कलहंस, प्रभारी चिकित्साधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र महादेवा को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान डा0 नासिर कमाल, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा0 कुमार संजय, अधीक्षक सामु0स्वा0 केन्द्र सूरतगंज व अन्य सम्बंधित अधिकारी एवं चिकित्सीय कर्मचारी उपस्थित रहें।

# विकास कार्यों का डीपीआरओ ने किया निरीक्षण

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़



**जिला पंचायत** राज अधिकारी नितीश भोंडले ने मंगलवार को विकास खंड त्रिवेदीगंज की शिवनाम ग्राम पंचायत में कराए गए विकास कार्यों का निरीक्षण किया और विकास कार्यों की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए तत्काल गति बढ़ाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीपीआरओ ने तालाब के किनारे अमरूद का पौधा रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

मंगलवार की दोपहर गांव पहुंचे डीपीआरओ ने सबसे पहले सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण में सामुदायिक शौचालय जर्जर अवस्था में मिला । जिस पर मरम्मत कराए जाने के निर्देश दिए इसके बाद उन्होंने संपूर्ण स्वच्छता अभियान के तहत गांव में बने आर आर सी सेंटर का निरीक्षण किया ।निरीक्षण के दौरान केंद्र का संचालन बन्द पाया गया। यही नहीं केंद्र के कई काम अधूरे पड़े नजर आए। जल जीवन मिशन के तहत बन रही पानी की टंकी और पेयजल पाइपलाइन के निरीक्षण में काम बंद मिला वहीं विद्यालय परिसर में कायाकल्प के तहत कराए गए कार्यों के निरीक्षण में सब कुछ दुरुस्त पाया गया।

जब इस संबंध में जिला पंचायत राज अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान आर आर सी सेंटर का संचालन बंद पाया गया है यहां पर कुछ काम अधूरे भी पड़े हैं जिनके लिए पंचायत सचिव को तीन दिन के अंदर काम पूरे कराकर संचालन शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। यही नहीं शासन की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन परियोजना का काम काफी धीमी गति से चल रहा है। वर्तमान समय में काम बंद पड़ा हुआ है जबकि शासन की मंशा है कि समय से परियोजना को पूर्ण कराकर ग्रामीणों को टोटियों के माध्यम से घर-घर पानी पहुंचाया जाए उन्होंने कहा कि निरीक्षण की रिपोर्ट शासन को प्रेषित की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### छह माह से नही पहुंचे सफाईकर्मी, गन्दगी का लगा अम्बार

**जैदपुर बाराबंकी**। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार द्वारा जिलेभर विशेष संचारी रोग अभियान के तहत साफ सफाई के आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। इसके बावजूद भी हरख ब्लॉक क्षेत्र के मौथरी ग्राम पंचायत में पिछले करीब 6 महीने से सफाई कर्मी गांव की सफाई करने नही पहुंचे। जबकि बजबजाती नालियों से और सड़कों पर जल ठहराव से मच्छर सहित तमाम प्रकार की बीमारियों को उत्पन्न करने वाले कीट उत्पन्न हो रहे हैं। ऐसे में जिलाधिकारी के मंशानुरूप कैसे सफल संचारी रोग अभियान होगा। वही गांव में बेहद फैली गंदगी से परेशान ग्रामीणों ने जब गांव के तैनात सफाई कर्मी वीरेंद्र कुमार से बातचीत की गई तो सफाईकर्मी ने खुद को कार्यालय में कार्यरत होने की बात बताई। वही जब गांव में साफ सफाई की समस्या के बारे में अवगत कराया गया। तो सफाईकर्मी वीरेंद्र भड़क उठे और तमाम तरह की बात बताते हुए सफाई व्यवस्था मैनेज होने की बात बताई। वही इस संबंध में एडीओ पंचायत शंभूनाथ पाठक ने बताया की ग्राम पंचायत के तैनात सचिव अटल बिहारी मिश्रा को तत्काल ग्राम पंचायत में साफ सफाई सहित अन्य आवश्यक कार्य कराने के निर्देश दिए गए हैं। वही खंड विकास अधिकारी प्रीति वर्मा ने बताया की मामला संज्ञान में आया है। उक्त सफाईकर्मी को तत्काल तबादला कर दिया गया है। वही डीपीआरओ रितेश ने बताया की मामले की जांच कराके उचित कार्यवाही की जाएंगी। सूत्रों की मुताबिक उक्त सफाई कर्मी वीरेंद्र कुमार हरख ब्लाक में कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्य कर रहे हैं। और गांव की सफाई व्यवस्था ध्वस्त हैं। ग्रामीणों साफ सफाई की बाट जोह रहे हैं। की कब कोई सफाई कर्मी गांव आयेंगे और नालियों सड़को की साफ सफाई होंगी। पर सफाई कर्मी कार्यालय के बाबू बनकर मस्ती कर रहे। हालांकि शिकायत के बाद खंड विकास अधिकारी प्रीति वर्मा ने कहा की सफाई कर्मी का पहले ही ट्रांसफर हो चुका हैं। लेकिन किन्ही कारणों से अभी तक पदस्थ रहें। और आज तत्काल प्रभाव से ट्रांसफर का आदेश जारी किया गया हैं।

### दो स्थानों पर चोरों ने बोला धावा, लाखों का सामान, नकदी किया पार

**बेलहरा बाराबंकी**। मोहम्मद पुर खाला थाना क्षेत्र में बीती रात चोरों ने जमकर तांडव मचाया।एक ही रात में चोरों ने दो स्थानों पर धावा बोलकर हज़ारों की नकदी,जेवरात और मेंथा आयल सहित लाखों का सामान चोरी कर ले गए। सुबह जानकारी होने पर पीड़ितों ने पुलिस को सूचना दी।जिसके बाद पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।ताबड़तोड़ चोरी की घटनाओं में ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। थाना क्षेत्र की छेदा चौकी अंतर्गत टपरा मजरे बिंदौरा घरथरिया निवासी सरवन कुमार के मुताबिक बीती रात वह खाना खाकर पत्नी और बच्चों के साथ घर के बाहर पड़े टीन शेड में सो रहे थे तभी पड़ोसी कमलेश कुमार के घर से चिल्लाने की आवाज आई,जब मौके पर जाकर देखा तो कमलेश के घर अज्ञात चोर पीछे से छत पर चढ़कर कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़कर रु40000 नगदी,जेवरात और करीब 9 लीटर मेंथा ऑयल चोरी कर ले गए। वापस घर आया तो देखा मेरे भी घर में पीछे टटिया तोड़कर दाखिल हुए चोरों ने कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवरात,करीब 20 लीटर मेंथा आयल,दो मोबाइल फोन और 10 हजार रुपए नकदी चोरी कर ले गए। पीड़ितों घटना की जानकारी पुलिस को कार्रवाई की मांग की है।उधर, इसी थाना क्षेत्र की बेलहरा चौकी अंतर्गत ग्राम घघसी में चोरों ने चार घरों को निशाना बनाया। चोर सोहनलाल के घर से मोबाइल फोन और पायल ले उड़े,तो हुकुमचंद के घर ?3500 की नगदी और एक मोबाइल पर हाथ साफ किया जबकि पड़ोसी राजाराम के घर से तीन जोड़ी पायल और एक मोबाइल चोरी हुआ वहीं राजेश के घर से दो मोबाइल फोन चोर ले गए लेकिन किसी को चोरी की भनक तक नहीं लगी। जब सुबह कमरे के ताले टूटे मिले तो परिजनों को जानकारी हुई। धीरे-धीरे खबर गांव में फैली तो पता चला कि गांव में एक ही रात में चार घरों में चोरों ने तांडव मचाया है। चार घरों में हुई चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। पीड़ितों ने इसकी जानकारी स्थनीय पुलिस को दी है।पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

### बोर्ड की बैठक में भिड़े दो सभासद, रामलीला द्वार के प्रस्ताव पर सभागार बना कुश्ती मैदान

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़**। नगर पंचायत बोर्ड की बैठक का दौरान मंगलवार को नगर पंचायत का सभागार उस समय कुश्ती के मैदान में तब्दील हो गया जब सदन में रामलीला द्वार का प्रस्ताव रख रहे एक सभासद की दूसरे सभासद से झड़प हो गई। मंगलवार को नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी, अधिशासी अधिकारी अशोक खरवार एवं विभिन्न वार्डों के सभासदों की उपस्थिति में दोपहर बाद विकास कार्यों को लेकर बोर्ड की बैठक संपन्न हो रही थी बैठक के दौरान ठाकुरद्वारा वार्ड के सभासद महेश नारायण अग्रवाल,जो कि रामलीला समिति के सदस्य भी हैं, ने बैठक में लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे से ठठराही वार्ड की सीमा में पड़ने वाले रामलीला मैदान की ओर आई सड़क के मुहाने पर रामलीला स्वागत द्वार द्वारा बनाने का प्रस्ताव रखा। सभासद द्वारा प्रस्ताव रखने की देर थी कि तभी बैठक में मौजूद ठठराही वार्ड के सभासद राजू अवस्थी द्वारा दूसरे वार्ड में हस्तक्षेप न करने की हिदायत देते हुए खड़े हो गए इसके बाद दोनों के बीच हाथापाई हो गई। मामला और गंभीर होता है उससे पहले नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी ने दोनों के बीच मामला शांत करा दिया।

### सड़क हादसे में एक की मौके पर दूसरे की उपचार दौरान हुई मौत

**जालौन (उरई)**। कोतवाली क्षेत्र के बंगरा रोड पर सड़क हादसे में एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। तो दूसरे व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई थी। उक्त मामलों में परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मध्य प्रदेश के भिंड जिला के मिहौना निवासी आरिफशाह ने पुलिस को बताया कि उनके पिता सुलतान शाह किसी काम से चलते जालौन आ रहे थे। तभी छिरिया के पास अज्ञात चार पहिया वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी थी। उन्हें पहले सीएचसी से मेडिकल कॉलेज वहां से ग्वालियर रेफर कर दिया गया था। ग्वालियर में उपचार के दौरान तीन दिन पूर्व उनके पिता की मृत्यु हो गई। उधर, माधौगढ थाना क्षेत्र के ग्राम सिरसा दोगढ़ी निवासी कुसमा देवी ने बताया कि उनके पति मनीष कुमार 10 जुलाई को थोक सब्जी मंडी आ रहे थे। रास्ते में छहपुला के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में पति की मौके पर ही मौत हो गई थी। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### तैलिक समाज का मेधावी छात्र सम्मान समारोह 21 को

**कोंच (जालौन)**। तैलिक समाज राठौर सेवा मंडल उरई द्वारा मेधावी छात्र- छात्राओं का सम्मान समारोह आगामी 21 जुलाई को रॉयल गार्डन सिहारी रोड माधौगढ़ में आयोजित किया जा रहा है जिसकी तैयारियों को लेकर सेवा मंडल के सदस्य संपर्क में लगे हुए हैं। मंगलवार को कोंच आए सेवा मंडल के सदस्यों ने राठौर धर्मादा समिति के मंत्री घर्मेंद्र राठौर के आवास पर समाज के लोगों से संपर्क कर कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए चर्चा की।

# युवा बेहतर सामाजिक, आर्थिक स्थिति प्राप्त करना मूल लक्ष्य रखें: सीडीओ

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज



**राजकीय** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान उरई (जालौन) में विश्व युवा कौशल दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम सम्पन्न हुये जिनका पुरस्कार वितरण मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास ने किया। विश्व युवा कौशल युवा दिवस 2024 की थीम ÷शान्ति और विकास के लिये युवा कौशल÷ रखी गयी है। विश्व युवा कौशल युवा दिवस का उद्देश्य विश्व के युवाओं को रोजगार, काम और उद्यमता के लिये आवश्यक कौशल प्रदान करना है। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की मूर्ति पर दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रशिक्षार्थियों को स्किल एवं अप्रेन्टिसशिप के बारे में गूढ़ बातों से अवगत कराया। उन्होंने आईटीआई के प्रशिक्षार्थियों को अप्रेन्टिस किये जाने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि अप्रेन्टिसशिप की अनुभव में गणना की जाती है। अप्रेन्टिसशिप पर जोर देते हुये उन्होंने कहा अप्रेन्टिस एक शिक्षा प्रणाली है जिसमें एक व्यक्ति को किसी क्षेत्र में काम करने का मौका मिलता है जिससे वह काम का अनुभव प्राप्त कर सकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में भारत विश्व में सबसे अधिक युवाओं की संख्या वाला देश है। आज के युवाओं के लिये बेहतर सामाजिक, आर्थिक स्थिति प्राप्त करना इसका मूल लक्ष्य है। युवा शक्ति में लाखों अरमान, उम्मीदें और आकांक्षायें है। देश की नीव युवा शक्ति से ही है। युवाशक्ति देश का उत्थान करने की भरपूर क्षमता रखती है। कार्यक्रम में विभिन्न व्यवसायों के प्रशिक्षार्थियों द्वारा व्यवसायवार प्रदर्शनी लगायी गई जिनका अवलोकन मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किया गया। जिसमें व्यवसाय विद्युतकार के प्रशिक्षार्थियों द्वारा शॉर्ट सर्किट रोकने के लिये बनाये गये मॉडल एवं व्यवसाय पेण्टर के प्रशिक्षार्थियों द्वारा बनाये गये मॉडल की भूरिभूर प्रशंसा की। उक्त के अलावा व्यवसाय, टर्नर, फ्टिर एवं मशीनिष्ट के प्रशिक्षार्थियों द्वारा बनाये गये जॉबों की भी प्रदर्शनी लगाई गयी। साथ ही कॉस्मेटोलॉजी एवं स्वीइंग टेक्नोलॉजी की प्रशिक्षार्थियों द्वारा रंगोली एवं फैशन डिजाइन की प्रतियोगितायें भी आयोजित की गई। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रशिक्षार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। साथ ही कौशल विकास के अंतर्गत संचालित होने वाले विभिन्न कोर्सों को सफ्लतापूर्वक पूर्ण कर चुके छात्रों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# खंभे में लटक रहे तार की चपेट मे आकर दो युवक घायल, इलाज जारी



हैदरगढ़ बाराबंकी। समृद्धि न्यूज़

**थाना लोनी** कटरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा गौरी के सादुल्लापुर गांव में ट्रैक्टर से इंजन ले जाते समय खंभे से लटकते हुए तारों की चपेट में आकर ट्रैक्टर पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायल दोनो युवकों को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज में भर्ती कराया है जहां पर इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक लोनीकटरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गौरी सादुल्लापुर गांव निवासी रामप्रताप सिंह पुत्र रामचन्द्र सिंह व अलंकृत सिंह पुत्र शिव सिंह मंगलवार की शाम खेत में लगे धान की फसल में पानी लगाने के लिए ट्रैक्टर में पपिंग सेट बांधकर ले जा रहे थे की 11 हजार बोल्टेज लाइन के विद्युत पोल में लटक रहे तार के चपेट मे आकर ट्रैक्टर पर सवार दोनो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने आनन फानन में घायल दोनो युवकों को इलाज हेतु सी एच सी त्रिवेदीगंज में भर्ती कराया है जहां पर इलाज चल रहा है।

# प्रधान संघ ने बीडीओ का किया स्वागत



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** नवागत खंण्ड विकास अधिकारी आदिती श्रीवास्तव का प्रधान संघ व रोजगार संघ ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया है। मंगलवार को प्रधान संघ अध्यक्ष बेनी प्रसाद वर्मा राम केदार वर्मा मैकूलाल जयराम मौर्या रामसागर यादव बृजेश सिंह आदि ग्राम प्रधानों ने बीडीओ को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। प्रधान संघ अध्यक्ष ने बीडीओ को आश्वस्त किया है कि प्रधान संघ शासन प्रशासन की मंशानुसार कार्य करने में सहयोग प्रदान करेगा।इसी क्रम में रोजगार सेवक संघ के जिलाध्यक्ष आकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में अंजनी कुमार, राजकुमार रमाकांत, शिवकुमार सहित दर्जनों रोजगार सेवकों ने भी बी डी ओ को भगवान का चित्र भेंट कर स्वागत करते हुए सहयोग प्रदान करते रहने का आश्वासन दिया है। खण्ड विकास अधिकारी ने रोजगार सेवकों के साथ बैठक कर मनरेगा कार्यो की समीक्षा करते हुए मजदूरों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।उसके बाद बीडीओ ने ब्लाक परिसर के कार्यालयों के निरीक्षण भी किया।इस अवसर पर अर्चना वर्मा, अभिषेक कुमार सहित सभी विभागों अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# परम्परागत निकाला गया अलम का जुलूस ड्रोन कैमरे से पुलिस ने किया निगरानी

मसौली बाराबंकी। समृद्धि न्यूज



**मोहर्रम की** नवी तारीख को कस्बा साआदतगंज अनूपगंज में अलम का जुलुस परम्परागत एवं अकीदत के साथ निकाला गया। जुलूस के दौरान शांति बनाये रखने के उद्देश्य से प्रभारी निरीक्षक द्वारा ड्रोन कैमरा से निगरानी ओर वीडियो ग्राफी की गयी शांति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से भारी संख्या मे पुलिस बल तैनात रहा। पैगम्बर ए इस्लाम हजरत मुहम्मद( सल0) के नवासे हजरत इमाम हुसैन( रजि0) एवं उनके 72 साथियों की कर्बला के मैदान में हुई शहादत की याद में प्रति वर्ष मनाये जाने वाले मोहर्रम का चाँद निकलते ही हुसैन के अकीदतमंद शोक में डूब जाते है। कर्बला के मैदान में नवीं मोहर्रम को कर्बला में शहीद हुए दीन इस्लाम के रहबरों की शहादत की याद में अलम का जुलुस निकाला जाता हैं। मंगलवार को कस्बा सआदतगंज,अनुपगंज,में हजरत इमाम हुसैन( रजि0) की शहादत ओर उनके 72 साथियों की याद में अलम का जुलुस मोहरमी ढोल एवं तासे के साथ निर्धारित मार्गो से अकीदत के साथ निकाला गया। जुलुस में हजरत इमाम हुसैन के अकीदतमंदों ने पुलाव,सबील सहित अन्य खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। जुलुस में शांति बनाये रखने के लिए , प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह, चौकी इंचार्ज राजेश गुप्ता, पप्पू दिवान, प्रमोद कुमार मौर्य,प्रशांत सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# इब्राहिमाबाद फीडर की बिजली चोरी का चलाया गया काम्बिंग अभियान

**जैदपुर बाराबंकी।** उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार मोहना उपकेंद्र के 33/ 11 केवी इबराहीमाबाद फीडर पर कांम्बिग अभियान चलाया गया। अभियान में गठित टीम द्वारा 32 विधुत कनेक्शन चेक किये गये। जिसमें 11 बकायादारों के कनेक्शन काटे गये। 83 लाख रूपए राजस्व वसूली करने के साथ चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया।

बताते चलें कि मोहना उपकेंद्र 11 केवी इबराहीमाबाद फीटर पर कांम्बिंग अभियान उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार मंगलवार को चलाया गया। जहां 11 लोगों के अधिक बकाया होने के चलते विधुत कनेक्शन काटने के साथ 83 लाख रुपये राजस्व वसूली की गयी और विक्रम प्रसाद पुत्र सोहनलाल,गौतम पुत्र रामेश्वर,मनीराम पुत्र श्रीराम,जीवन सिंह पुत्र शोभाराम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया।

# अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को न हो कोई दिक्कत,इसका रखा जाएगा पूरा ध्यान: डीएम

अयोध्या। समृद्धि न्यूज

**नवागत जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने संभाला कार्यभार,गिनाई प्राथमिकताएं**

**मंगलवार को** कार्यभार संभालने के बाद जिले के नवागत जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने कहा कि मेले में अयोध्या में सबसे ज्यादा श्रद्धालु और दर्शनार्थी आते हैं।आगामी मेले और त्योहारों के दौरान यहां आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत न हो,इसका हर तरह पूरा ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम की सेवा करने का मौका मिला है तो बजरंगबली के आशीर्वाद से सभी कार्य अच्छे से होंगे।उन्होंने कहा कि अयोध्या धार्मिक और सांस्कृतिक नगरी है।इस नगरी को सजाने संवारने का कार्य चल रहा है।शासन द्वारा जो भी प्रोजेक्ट/कार्य चल रहे हैं उन कार्यो को पूर्ण पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा।अयोध्या के विकास को लेकर उन्होंने कहा कि अयोध्या में जो प्रोजेक्ट चल रहे हैं और जो आने वाले प्रोजेक्ट हैं, उनको सभी अधिकारियों के साथ मिलकर अच्छे से करने का प्रयास किया जाएगा।सावन मेला और कांवड़ यात्रा को लेकर उन्होंने कहा कि मेले में अयोध्या में सबसे ज्यादा श्रद्धालु और दर्शनार्थी आते हैं।उनकी सुरक्षा और उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा। जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जायेगा, जनसुनवाई के दौरान आये हुए मामलों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण कराया जायेगा।उन्होंने कहा कि अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जायेगा तथा शासन और अयोध्या की जनता की अपेक्षाओं पर मैं खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा।अपने बारे में उन्होंने बताया कि वे वर्ष 2012 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।अभी तक वे




सोनभद्र के जिलाधिकारी थे और इसके पहले वे फिरोजाबाद के जिलाधिकारी रह चुके हैं।उन्होंने बताया कि वे मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के एम.डी का भी पदभार संभाल चुके हैं।श्री सिंह ने बताया कि सीडीओ झांसी के रूप में भी उन्होंने दायित्व का निर्वहन किया है।वे मूलरूप से मेरठ के रहने वाले हैं।इससे पहले सर्किट हाउस पहुंचने पर जिलाधिकारी श्री सिंह को गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया।इसके बाद मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज, एडीएम वित्त एवं राजस्व महेन्द्र कुमार सिंह,एडीएम सिटी सलिल कुमार पटेल,एडीएम प्रशासन अनिरूद्ध प्रताप सिंह,मुख्य राजस्व अधिकारी,एडीएम कानून व्यवस्था,नगर मजिस्ट्रेट, एसडीएम बीकापुर और एसडीएम सदर ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।स्वागत के बाद नवागत जिलाधिकारी सर्किट हाउस से निकल कर रामनगरी स्थित हनुमानगढ़ी में हनुमंतलला का और श्रीराम जन्म भूमि जाकर प्रभु श्रीरामलला का दर्शन पूजन कर श्रीराम जन्मभूमि परिसर में चल रहे निमार्ण कार्यो का जायजा लिया।इस मौके पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास, निमार्ण संस्था के पदाधिकारी एवं जिला प्रशासन के लोग उपस्थित रहे।यहां के बाद जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट स्थित कोषागार के डबल लॉक में पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले में चल रहे विकास कार्यों एवं अन्य जरूरी बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की।

## नवागत जिलाधिकारी ने साझा की श्रावण मास की तैयारियां

**अयोध्या।** नवागत जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बताया कि श्रावण मास के अवसर पर कावंड़िया जनपद अम्बेडकरनगर,गोण्डा, बस्ती,बहराइच,बाराबंकी, रायबरेली,अमेठी,सुल्तानपुर व अन्य जनपदों से अयोध्या धाम आकर सरयू स्नान कर नागेश्वर नाथ में जलाभिषेक तथा सरयू जल भरकर पुनः वापस जाते है। इस अवसर पर जिले में शान्ति सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था बनाये रखने हेतु अधिकारियों की उनके नाम के सम्मुख अंकित स्थल के लिए मजिस्ट्रेट के रूप में ड्यूटी लगायी जाती है,जो सम्बन्धित थाना/चौकी एवं पुलिस अधिकारियों/उप जिला मजिस्ट्रेट से समन्वय स्थापित कर भ्रमणशील रहकर शान्ति सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था बनाये रखने हेतु उत्तरदायी होगे।इस ड्यूटी में लगे सम्बन्धित अधिकारी अपने विभागीय वाहन का प्रयोग करेगें (श्रावण मास प्रारम्भ लाखों कावड़ियों की भीड़ अयोध्या में आना संभावित है।श्रावण मास के प्रथम सोमवार 22 जुलाई,द्वितीय सोमवार,29 जुलाई तृतीय सोमवार 05 अगस्त,चतुर्थ सोमवार 12 अगस्त,सावन त्रयोदशी तिथि 17 अगस्त तथा पंचम सोमवार 19 अगस्त को कांवड़ियों/श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहेगी।इसी दौरान 19 अगस्त को रक्षाबन्धन श्रावण पूर्णिमा का स्नान होना है।वहां पर निरन्तर भ्रमणशील रहकर सतर्क दृष्टि रखी जाय।उन्होंने बताया कि स्थल/सेक्टर वार मजिस्ट्रेट को तैनात किया गया है तथा सम्पूर्ण मेला क्षेत्र को पांच जोन में बांटा गया है।जोन प्रथम घाट,जोन द्वितीय नागेश्वरनाथ,जोन तृतीय हनुमान गढ़ी,चतुर्थ जोन कनक भवन तथा पंचम जोन (यातायात/भीड़ नियंत्रण जोन) बनाया गया है।इसके अतिरिक्त आरक्षित मजिस्ट्रेट की तैनाती की गयी है।उन्होंने बताया कि मजिस्ट्रेट ड्यूटी में लगाये गये जिन अधिकारियों का स्थानान्तरण हो गया हो अथवा पूर्व से अवकाश पर हो,उनके स्थान पर उनका कार्य देखने वाले अधिकारी उक्त मजिस्ट्रेट ड्यूटी करेगें तथा तत्काल इस कार्यालय को भी अवगत करायेंगे।

# नाबालिगों को ई-रिक्शा चलाने पर पूर्णतयः प्रतिबंध लगाएंः डीएम

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़




**जिलाधिकारी शुभ्रान्त** कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला पोषण समिति एवं जिला बाल संरक्षण समिति की आयोजित बैठक के दौरान कहा कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अन्तर्गत प्राप्त 172 आवेदन का सत्यापन कराकर लाभार्थियों को लाभान्वित करें। कहा कि वन स्टॉप सेंटर में विद्युत, पानी आदि व्यवस्थाओं को दुरूस्त कराया जाये। बालश्रम कराना कानूनी अपराध है। इस पर अभियान चलाकर रोक लगायी जाये। नाबालिग बच्चों को ई-रिक्शा चलाने पर पूर्णतयः प्रतिबन्ध लगाये। श्रम विभाग ई-रिक्शा स्वामियों को निर्देशित करें, कि 18 वर्ष से अधिक उम्र के युवाओं को ही ई-रिक्शा चलाने की अनुमति दें। उन्होनें निर्देश दिये कि स्कूली वाहनों पर कड़ी नजर रखी जाये। सभी स्कूली वाहनों में मेडिकल किट, फायर सिस्टम यंत्र अनिवार्य रूप से लगा होना चाहिए। कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा 924 कन्याओं के फार्म भराये गये है। इस कार्य हेतु आंगनवाडी कार्यकत्रियों को प्रत्येक फार्म पर 50 रू0 प्रोत्साहन राशि के रूप में दी जा रही है। कहा कि अच्छा कार्य करने वाली आंगनवाडी कार्यकत्रियों को ÷एक पेड़ मॉ के नाम÷ थीम के तहत सम्मानित भी किया जायेगा। कहा कि जिन ग्राम पंचायत/वार्ड में संक्रामक रोग फैलता है तो वहां की संबंधित ए0एन0एम0, आंगनवाडी, आशा, स्वच्छताग्राही, आदि की जिम्मेदारी तय की जायेगी। कहा कि जिला अस्पताल के एनआरसी वार्ड में 05 बेड बढाये जाने की कार्यवाही की जा रही है, इसके अतिरिक्त जल्द ही छिबरामऊ में 10 बेड का एनआरसी वार्ड बनाया जायेगा, जिससे कुपोषित बच्चें जल्द होगें सुपोषित। कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा अतिकुपोषित बच्चों को घर से लाने व ले जाने का कार्य बहुत ही अच्छा है। कुपोषित को सुपोषित करना ही हमारा कर्तव्य है। माह अप्रैल से अभी तक 86 बच्चों को सुपोषित किया जा चुका है। उन्होनें कहा कि दस्तक अभियान के अन्तर्गत संक्रमित रोगियों को चिन्हांकन किया जायेगा। उन्होनें पोषण टैऊक्रर पर समस्त प्रकार की फीडिंग करने के निर्देश दिये। कहा कि प्रत्येक सीएचसी, जिला अस्पताल, मेडिकल कालेज में 01 अगस्त 2024 से अच्छी गुणवत्ता का भोजन समूह की महिलायें द्वारा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है। अब जल्द ही जननी सुरक्षा योजना की महिलाओं को गुणवत्तायुक्त भोजन मिलेगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, क्षेत्राधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# 'प्रभु की कृपा भयउ सब काजू, जन्म हमार सुफल भा आजू'

▸ उपाध्याय भवन में हुआ सुंदरकांड पाठ

छिबरामऊ, कन्नौज। समृद्धि न्यूज



**मोहल्ला न्यू** टीचर्स कॉलोनी स्थित उपाध्याय भवन में %प्रभु की कृपा भयउ सब काजू, जन्म हमार सुफल भा आजू% संपुट के साथ मां सरस्वती जागरण पार्टी कन्नौज ने संगीतमय सुंदरकांड पाठ प्रस्तुत किया। सुप्रसिद्ध आचार्य पंडित प्रदीप कुमार द्विवेदी व उनकी टीम ने भक्ति भाव की गंगा बहाई। सहायक आचार्य गौरव द्विवेदी एवं सहयोगी शुभम द्विवेदी ने विधिविधान पूर्वक अनुराग उपाध्याय एवं सौम्या उपाध्याय से राम दरबार का पूजन कराया। संगीतमय सुंदरकांड के बीच-बीच में प्रस्तुत भजन %हारा हूं बाबा पर तेरा भरोसा है, जीतूंगा एक दिन मेरा दिल ये कहता है... सच्चे दिल से लगा ले फरियाद सहारा हनुमान देगा... हे बंदे तुझे क्या है गम, बोल मुख से अगर बोल बम बम... हनुमान तेरे दर से कोई गया न खाली... कितना सुंदर ममता रूपी बाबा का दरबार%... आदि भजन प्रस्तुत करके सभी को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान गुरसहायगंज म्यूजिकल ग्रुप के पंकज दुबे ने नाल पर, शिवम गुप्ता ने पैड पर और इंद्रेश ने ऑर्गन पर संगत दी। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में पंडित बनारसीदास शास्त्री, अनूप दुबे, हर्ष आर्य, ज्ञान प्रकाश उपाध्याय, उषा उपाध्याय, संजीव बाजपेई, प्रांतिका बाजपेई, सरोज गुप्ता, विमलेश उपाध्याय, अशोक कुमार सिंह, सहदेव भदौरिया, रामनारायण शर्मा, कमलेश वाजपेई, दिनेश उपाध्याय, अजय उपाध्याय, नेहा उपाध्याय, रामकिशोर दुबे, संध्या त्रिपाठी व अलकेश त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# एमीम पदाधिकारियों नें जनाक्रोश धरना-प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

▸ बुलडोज़र नीति में सौतेला व्यवहार बंद करे सरकारः इशरत खॉन

कन्नौज, समृद्धि न्यूज



एसडीएम को ज्ञापन सौपते एआईएमआईएम पदाधिकारी

**ऑल इंडिया** मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर जिलाध्यक्ष ईशरत खॉन की अगुवाई में पदाधिकारियों नें कलेक्ट्रेट में दरी बिछाकर जनाक्रोश धरना-प्रदर्शन करनें के उपरान्त राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। मंगलवार को कलेक्ट्रेट में पदाधिकारियों के साथ राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौपनें के उपरान्त एआईएमआईएम जिलाध्यक्ष इशरत खॉन ने कहा कि राज्य में व्याप्त आतंक और दहशत को समाप्त किया जाये और प्रत्येक नागरिक की जान और माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जाये। मुसलमानों, दलितों और गरीबो को झूठे मुकदमो में फ़साना बंद किया जाये। राज्य सरकार की बुलडोज़र नीति के तहत कानूनी प्रक्रिया को ताक पर रख कर मुसलमानों, दलितों और गरीबो के खिलाफद्वेष पूर्वक सुनियोजित तरीके से सौतेला व्यवहार बंद किया जाये। देश और प्रदेश में फैलने वाले नफ़रत के माहौल को समाप्त किया जाये और धर्म और जाति के नाम पर समाज में नफ़रत फ़ैलाने वालों के खिलाफबिना किसी भेद-भाव के कठोर करवाई की जाये। मोब-लिंचिंग की घटना को रोकने के लिए उचित कदम उठाये जायें और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(2) के तहत कडी कार्रवाई की जाये। इस दौरान युवा जिलाध्यक्ष अकबर खान, वसीम ओवैसी, इकबाल सिद्दीकी, हाशिम हुसैन, जीशान अंसारी, खालिद ओवैसी, जीशान सिद्दीकी, जगजीवन राम दोहरे, ऐनुद्दीन खान, रईस अहमद, शमीम खान, फैजुद्दीन, अफ़ज़ल मंसूरी, शादाब अली, फैजान सिद्दीकी, हैदर अली, अशरफ़ मुकद्दर सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की पूर्व विधायक



छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**विगत** दिवस पूर्व तालाब में डूब कर चार बच्चों की मौत पर समधन पहुंचे पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव प्रशासन से पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता देने की मांग की। समधन में नहाने के लिए गए चार बच्चे तालाब में डूब गए घटना की जानकारी होते ही समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव पीड़ित परिजनों से मिले और प्रदेश सरकार से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की हुई दुखद घटना की जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल घटना स्थल पर पहुंच छिबरामऊ विधायक अरविन्द सिंह यादव डी एम साहब और एसपी साहब से फोन पर वार्ता कर पीड़ित परिजनों की हर संभव मदद का आश्वासन दिया. और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव वार्ता करके मामले की अबगत कराया।

## प्रभारी निरीक्षक को दिया लिखित प्रार्थना पत्र

**छिबरामऊ कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लालकपुर निवासिनी संध्या पुत्री प्रमोद ने कोतवाली में लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए ससुरालियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की लिखित प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि प्रार्थना की शादी राममिलन पुत्र शुगर सिंह के साथ 7 वर्ष पूर्व एरबेकटरा औरैया के साथ हिंदू रुदाव से की गई थी प्रार्थिनी अपनी ससुराल से मायके शादी समारोह में आई थी 147 को पति शराब पीकर रात में आया और मारपीट करने लगा मायके वालों ने विरोध किया तो अपने घर पर फोन कर दिया पिता सहित अन्य परिजन आए और और अपने साथ निभा ले गए मायके वालों को ससुराल जन फोन करके लड़का वापस करने की मांग कर रहे हैं जबकि अपने साथ ले गए संध्या ने प्रभारी निरीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई।

# खबरें चलते-चलते

## पुरस्कार वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ

**छिबरामऊ कन्नौज।** सौरिख तिराहे पर स्थित गैलेक्सी पब्लिक स्कूल में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें कार्तिक यादव ,अथर्व शाक्य, वंश वर्मा ,तेजस्वी पाल, विदुषी चौहान, वैभव गुप्ता, अनुष्का शाक्य, कांक्षल यादव , आतूफा ने अपनी कक्षाओं में प्रथम , आरुष अग्निहोत्री, मिष्ठी राजपूत ,ओम जी गुप्ता ,काव्या सिंह बैस, आरती शर्मा ,कीर्ति यादव, वेदिका गुप्ता, रागिनी यादव ,तौकीर रजा , मुबसरा ने द्वितीय , एवम विनायक गुप्ता, शिद्रा फातिमा ,स्वर्णिम दुबे ,सृष्टि पाल ,रूद्र शर्मा ,आरव वर्मा, तौसीफ राजा, दिव्या वर्मा, रिया शाक्य ने अपनी कक्षाओं में तृतीय स्थान प्राप्त किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉक्टर अनीता सिंह रहीं ,उन्होंने अपने उद्बोधन में बच्चों को मोबाइल फोन का अधिक प्रयोग न करने एवम नियमित योग व्यायाम कर उचित दिनचर्या का पालन करने की सलाह दी , इस अवसर पर प्रबंधक सुखवीर सिंह , संचालक संजीव चौहान, विजय चौहान , अलका शाक्य , ओजस्वी तिवारी ,शाजिया खान ,रश्मि बानो, जतिन दीक्षित ,रीना शाक्य ,अभिषेक तोमर एवम समस्त स्टाफ मेंबर्स उपस्थित रहे ।

## अभियुक्त को 4 वर्ष का साधारण कारावास व 5000/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया

**छिबरामऊ कन्नौज।** अभियुक्त द्वारा लाठी डंडों से मारपीट करना जिससे दौराने इलाज मृत्यु हो जाना पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ के निर्देशन में अभियुक्तों को सजा दिलाने हेतु प्रभावी पैरवी के लिये सम्बन्धित थाना प्रभारी व पैरोकारों को अपराधियों को अधिक से अधिक सजा दिलाने हेतु निर्देशित किया गया था । कन्नौज पुलिस टीम एवं अभियोजन पक्ष तथा मॉनीटरिंग सेल व कोर्ट पैरोकार के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी कराते हुये जिला जज द्वारा अभियुक्त रुखसार पत्नी शाहिद निवासी उग विरतिया जनता मंदिर के पास कस्बा वह थाना छिबरामऊ जिला कन्नौज को 4 वर्ष का साधारण कारावास व 5,000/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## जमीनी विवाद में दोनों पक्षों से आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**तिर्वा।** कोतवाली क्षेत्र के सेंगरनपुर्वा गांव में जमीनी विवाद में दो पक्षों में मारपीट हुई थी। तिर्वा कोतवाली में दोनो पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने दोनो पक्षों से आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी जितेन्द्र सिंह ने बताया कि सेंगरनपुर्वा गांव में जमीन के विवाद में दो पक्षों में मारपीट हुई थी। मारपीट में दोनो पक्षों से मिली तहरीर पर आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। एक पक्ष से अपर्णा देवी पत्नी शिव प्रताप सिंह ने गांव निवासी शिवा, शुभम, संतोष व सुमन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। दूसरे पक्ष से संतोष कुमार ने अंश कुमार, सिद्धार्थ, शिव प्रताप व कल्लू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने दोनो पक्षों से मिली तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## दुघर्टना में घायल बालक की इलाज दौरान हुई मौत

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** बीती शाम अनियंत्रित गति से आ रही कार के अज्ञात चालक नें सडक किनारे जा रहे बालक के टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज दौरान मृत्यु हो गई। पडोसी थाना तालग्राम के ग्राम नरमऊ निवासी ज्ञान चंद्र पुत्र चंदन द्वारा कोतवाली में दर्ज कराये गये मुकदमें में कहा गया है कि सोमवार की शाम 05 बजे उसका नाती अनिल कुमार पुत्र सुनील कुमार की सर्विस रोड के किनारे ग्राम भावनियापुर के पास खडा था तभी अनियंत्रित गति से आ रहे स्विफ्ट डिजायर के अज्ञात चालक नें टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसकी इलाज दौरान मृत्यु हो गई। घटना के संबन्ध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

## प्रधान के भाई ने महिला को पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव दूंदेमई निवासी माधुरी जाटव उम्र 27 वर्षीय पुत्र मानसिंह जाटव ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि घर का पानी नाली से निकलता है। आज पड़ोसी प्रधान प्रमोद के भाई हरिओम व उसकी पत्नी जमुना देवी ने मेरी नाली बन्द कर दी। जब हमने इसका विरोध किया, तो उक्त प्रधान के भाई प्रमोद व उसकी पत्नी जमुनादेवी ने माधुरी को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़िता के प्रार्थना पत्र के आधार पर माधुरी का मेडीकल परीक्षण करवाया।

## टीबी की बीमारी से पीड़ित युवक की मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** टीबी की बीमारी से जूझ रहे युवक की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार अजीत पुत्र सव0 अनोखे लाल (33) मूल निवासी कोतवाली कायमगंज के मोहल्ला बड़ी चिलौली तथा हाल निवासी बंधौआ कोतवाली फतेहगढ़ मजदूरी कर अपना व अपने परिवार का भरण पोषण करते थे।इनको टीबी की बीमारी थी। जिसके चलते आज इनकी मौत हो गयी। परिजनों ने पीएम हाउस पहुंचकर शव की शिनाख्त की।

## मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार घायल

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** तेज रफ्तार वाहन से बाइक सवार की टक्कर हो जाने पर युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार ग्राम बलीपट्टी गांव के सामने राजेपुर अमृतपुर मार्ग पर ग्राम भुवनपुर निवासी बाइक सवार ओमकार पुत्र विजेंद्र अमृतपुर बाजार से शाम 6 बजे के बाद वापस अपने घर जा रहा था। अचानक उसकी तेज रफ्तार पिकअप से टक्कर हो गई।

# आग के दहकते हुए शोलों पर मातम



**छिबरामऊ सौरिख कन्नौज।** मोहर्रम की नौ तारीख शबे आशूरा को मोहल्ला ऊंचा इमामबाड़े पर ताज़िए रखे गए और अकीदत मंदो ने मन्नतें मांगी तथा प्रसाद वितरण किया गया उसके बाद मजलिस हुई जनाबे अली असगर का झूला उठा नोहा और आग पर मातम हुआ जब अंजुमने हुसैनी के लोग आग पर चल रहे थे जिसमे छोटे बच्चे भी आग पर चल रहे थे तो देखने वालों की आंखे नम हो गई ।मोहर्रम कमेटी अध्यक्ष अली अब्बास ने कहा कि जब इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत हो गई थी उसके बाद यज़ीदी फौजों ने इमाम हुसैन के खैमों में आग लगा दी थी खैमो के अंदर इमाम हुसैन के घर की औरतें व बच्चियां थीं और मर्दो में जनाबे ज़ैनुल आवेदीन बचे थे जानबे ज़ैनब ने वक्त के इमाम से पूछा कि हम लोग क्या करें तब जैनुल आबेदीन ने कहा कि खैमों से बाहर निकलो तभी जनाबे ज़ैनब ने कहा कि वक्त के इमाम का हुक्म है सभी बच्चे और शैदानियां जलते हुए खैमो से बे मकनाओ चादर बाहर निकली यज़ीदी फौजें खैमों के अंदर घुस गई और बीबियों की चादरें छीन लीं उन्हीं की याद में आग पर मातम करके उनको खिराजे अकीदत पेश करते हैं।इस मौके पर दिलशाद हुसैन,निसार हुसैन, नाज़िम हुसैन,मोहर्रम कमेटी अध्यक्ष अली अब्बास,दिलदार हुसैन,हैदर अब्बास,मजहर अब्बास ,शान नकवी, आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे तथा थाना अध्यक्ष महोदय श्री दिग्विजय सिंह जी ब सिटी इंचार्ज सहित थाने का पुलिस फोर्स की चाक चौबंद व्यवस्था रही।

# काले अलम का जुलूस हजरत अब्बास की याद में निकाला गया

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज



मोहर्रम की आठवीं तारीख को काले अलम का जुलूस मोहल्ला ऊंचा निसार हुसैन के घर से शुरू होकर दोनो इमामबाड़ों से होता हुआ नगर का भ्रमण कर रास्ते में रुक रुक कर नौहा ख्वानी और मातम करते हुए इब्ने हसन और दिलशाद हुसैन के इमामबाड़ों पर समाप्त हुआ। मोहर्रम कमेटी अध्यक्ष अलीअब्बास ने कहा कि जुल्म करना या जुल्म सहना दोनो गुनाह हैं यही पैगाम इमाम हुसैन ने अपने इकहत्तर साथियों को दिया था जुल्म के खिलाफ जितनी देर से आवाज़ उठाओगे उतनी ही ज़्यादा कुर्बानियां देनी पड़ेंगी इमाम हुसैन के इस कथन से सारी दुनिया को आतंकवाद के खिलाफ लड़ने के लिए मानवता को यह संदेश दिया कि चाहे जैसा आतंकवाद क्यों न हो ,आतंकवाद के खिलाफ हौसलों की दीवार बनकर खड़े हो जाना चाहिए ।इमाम हुसैन के भाई हजरते अब्बास ने अपने दोनो हाथों को कटवाकर इस्लाम के रहबर पर आंच नहीं आने दी और अपनी कुर्बानी देकर यह साबित कर दिया कि भाई को भाई से ऐसी ही मोहब्बत होनी चाहिए ।तभी तो श्री रवीन्द्र नाथ टैगोर जी ने कहा था कि इंसाफ और सच्चाई को जिंदा रखने के लिए फौजों या हथियारों की ज़रूरत नही होती कुर्बानियां देकर भी जीत हासिल की जा सकती है जैसा कि इमाम हुसैन ने कर्बला में किया ।इस मौके पर निशात हुसैन, नुसरत हुसैन, शीलू नकवी, हैदर अब्बास, अनवर रज़ा, असगर अब्बास ,शमसुल हसन, विक्की, दिलदार हुसैन, ज़हीर अब्बास , अल्फीखार नकवी आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे तथा यस आर गौतम इंस्पेक्टर साहब सायबर थाना कन्नौज ,थाना अध्यक्ष दिग्विजय सिंह जी, राकेश कुमार पटेल सिटी इंचार्ज एवम समस्त पुलिस स्टाफ की चाक चौबंद व्यवस्था रही तथा नगर पंचायत ने साफ सफाई की व्यवस्था बहुत ही अच्छे से करबाई।

## तालाब में डूबे युवक की हुई मौत

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** देरशाम शौच क्रिया की बात कहकर गये युवक की तालाब में डूबकर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस की मौजूदगी में मृतक के शव को ग्रामीणों द्वारा तालाब से बाहर निकलवाया गया। घटना की खबर पर परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली पुलिस नें मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेजा गया। मंगलवार की सुवह क्षेत्र के ग्राम पनगवां स्थित तालाब में गांव के ही प्रवेश कुमार सैनी पुत्र वीरेंद्र कुमार सैनी का शव पडे होनें की खबर पर ग्रामीणों में हडकम्प मच गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस द्वारा ग्रामीणों की मदद से युवक के शव को तालाब से बाहर निकलवाया गया। वहीं मौके पर मौजूद परिजनों में कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजनों ने बताया कि प्रवेश कुमार सैनी सोमवार की रात्रि 10:30 बजे शौच क्रिया जानें की बात कहकर घर से गया था। वहीं ग्रामीणों में चर्चा थी कि मृतक युवक की शराब के नशे में तालाब में डूबकर मृत्यु हो गई है।

प्रबंध समिति ने अनेकों गंभीर आरोप लगा किया निलंबित

# आर्यकन्या कालेज प्रबंधन से जंग लड़ना प्रधानाचार्या को पड़ा भारी

कालपी (जालौन)। समृद्धि न्यूज




**कालेज प्रबंधन** से जंग आखिर आर्यकन्या पाठशाला इण्टर कालेज की प्रधानाचार्या को भारी पड़ ही गयी। मंगलवार को प्रबन्ध समिति ने कई गंभीर आरोप लगाकर उन्हें निलंबित कर दिया है। आर्यकन्या पाठशाला इण्टर कालेज की प्रबंध समिति और प्रधानाचार्या की जंग कोई नयी नही बल्कि कई वर्ष से जारी है जिसमें प्रधानाचार्या नुजहत जहां विद्यालय की प्रबंधिका प्रीति जैतिली को प्रबंधक नही मानती है जबकि शिक्षा अधिकारी विद्यालय की प्रबंधन समिति को वैध मानते है और उन्होंने इस आशय के पत्र प्रधानाचार्या को भेजकर विद्यालय के समस्त कामकाज प्रबंधन के माध्यम से ही कराए जाने के निर्देश दिए थे लेकिन प्रधानाचार्या ने विभाग के आला अधिकारियों के आदेशों को भी दरकिनार कर दिया था जिसके चलते विगत पाच माह से विद्यालय की शिक्षिकाओं के साथ शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को वेतन भी नहीं मिला है जिसके चलते उन्होंने गत 1 जुलाई से कार्य बहिष्कार कर दिया था अनशन पर बैठ गए थे। हालांकि मामला प्रशासन के संज्ञान में आया तो जिलाधिकारी डा. राजेश पाण्डेय ने जिला विद्यालय निरीक्षक को समस्या का समाधान कराए जाने के निर्देश दिए थे और इसी के चलते 3 जुलाई को प्रबंधिका प्रीति जैटिली ने उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह की मौजूदगी में शिक्षिकाओ और कर्मचारियों को 10 दिनों में समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए थे और प्रधानाचार्या को सभी का वेतन विल भेजने के लिए कहा था पर कार्यवाही आगे नहीं बढ़ सकी थी जिसके चलते प्रबंध समिति की बैठक 7 जुलाई को बुलाई गई थी जिसमें प्रधानाचार्या पर मिड डे मील में गड़बड़ी, शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों के वेतन न मिलने तथा कर्मचारियों का उत्पीड़न, स्कालर रजिस्टर गायब करना, विद्यालय की शिक्षिका चंचल को योगदान कराने और कार्यमुक्त करने में शिक्षा नियमावली का उल्लंघन के अलावा कर्तव्य में लापरवाही, कदाचरण एवं अनुशासनहीनता सहित कई गम्भीर आरोप लगाये गए थे जिसके लिए जाँच समिति का भी गठन हुआ था और इसी दौरान सेवा शर्तो में निहित प्रावधान के के तहत माध्यमिक शिक्षा अधिनियम 1921 की धारा 16 (छ) की उपधारा 2 (क) के तहत निलम्बित कर दिया गया था। मंगलवार को प्रबन्धिका ने इस आशय का नोटिस विद्यालय में चस्पा कर कार्यवाही की जानकारी समस्त कर्मचारियों के साथ समस्त प्रशासनिक जिम्मेदारों को भी दी है। इस संबंध में प्रबंधिका प्रीति जैतिली ने बताया कि निर्देश के बाद भी प्रधानाचार्या वेतन विल नही भेज रही थी न ही वह प्रबंधन का कोई भी आदेश मान रही थी। वही प्रधानाचार्या नुजहत जहां के अनुसार प्रबंधन की समिति बैध नही है इसलिए उनका कोई भी आदेश मायने नही रखता है और वह अब भी विद्यालय की वैध प्रधानाचार्या है।

## अब रजनी पुरवार होगी प्रभारी प्रधानाचार्या

कालपी। प्रधानाचार्या नुजहत जहां के निलंबन के साथ प्रबंधन ने विद्यालय की बरिष्ठ शिक्षिका रजनी पुरवार को प्रभारी प्रधानाचार्या बनाया है। मंगलवार को प्रबंधिका प्रीति जैतिली ने विद्यालय जाकर इस आशय का पत्र प्रधानाचार्या बनाई गई शिक्षिका रजनी पुरवार और कार्यालय लिपिक एवं अन्य कर्मचारियों को भी सौंपा है जिसमें समस्त कामकाज अब नई प्रधानाचार्या से कराए जाने के निर्देश दिए है साथ ही निलंबित प्रधानाचार्या को अग्रिम आदेश तक किसी भी कार्य में हस्तक्षेप न करने के लिए कहा है।

## किशोरी के साथ जबरन दुष्कर्म, सोशल मीडिया पर किया वायरल

**तिर्वा।** नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के बाद उसकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर देने व पिता द्वारा उलाहना देने पर उसके साथ मारपीट करने के मामले में तिर्वा कोतवाली में पिता-पुत्र के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। मामला तिर्वा कस्बे का है। पीड़िता के पिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि कस्बे के एक मोहल्ला निवासी युवक ने उसकी 15 बर्षीय पुत्री के साथ जबरन दुष्कर्म किया। इसकी फोटो भी सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। जब वह इसकी उलाहना देने के लिए उनके घर गया, तो युवक के पिता ने उसके साथ गाली-गलौज की। जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके जांच पड़ताल शुरू कर दी है। तिर्वा कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पीड़िता के पिता की तहरीर पर जवाहर नगर मोहल्ला निवासी इलैक उर्फ दाऊद व उसके पिता वाजिद उर्फ राजू के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

**कार्यालय ग्रा0पं0 रुखैया खालिकादादपुर फर्रुखाबाद।**

पत्रांकः /गौशाला भूसा क्रय/निविदा सूचना/2024-25 दिनांक 16/07/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

गौशाला हेतु भूसा भण्डारण/क्रय किये जाने हेतु निम्नविवरणानुसार पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मो से दिनांक 17/07/2024 से 23/07/2024 की अपरान्ह 3:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 24/07/2024 की अपरान्ह 12:00 बजे ग्राम पंचायत के कार्यालय में ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक एवं उपस्थिति निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 17/07/2024 से 23/07/2024 की अपरान्ह 12:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित निविदा शुल्क 500/- नकद जमा कर प्राप्त किए जा सकते है। नियम व शर्ते कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

| क्रं. सं. | कार्य का नाम | मांग के अनुसार भूसे की मात्रा 10 माह हेतु | दर अनुमानित कु0 में | निविदा मूल्य जीएसटी सहित | आपूर्ति मांग के अनुसार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गौवंश आश्रय रुखैया खालिकादादपुर हेतु भूसा क्रय | 10750.00 | 650.00 | 500-00 | सचिव की मांग के अनुसार |

ग्राम विकास अधिकारी
रुखैया खालिकादादपुर, फर्रुखाबाद।

# अनियंत्रित बाइक पत्थरों से टकराई, बाइक सवार की मौत



मृतक का फाइल फोटो



गुमशुम बैठे मृतक के परिजन — समृद्धि न्यूज

कंपिल/कायमगंज, समृद्धि न्यूज

**अनियंत्रित बाइक** सड़क किनारे रखे पत्थरों से टकरा गयी। जिसमें एक युवक की मौत हो गयी एवं साथी भी घायल हो गया। ग्रामीणों ने एम्बुलेंस की सहायता से दोनों को सीएचसी भेज दिया। जहां डॉक्टर ने एक को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने साथी पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव पीएम हेतु भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जनपद एटा के थाना राजा का रामपुर के गांव विजयपुर निवासी राजवीर यादव का 22 वर्षीय पुत्र मोहित सोमवार शाम गांव के ही चंद्रदेव यादव के साथ जनपद बदायूं के उसहैत थाना क्षेत्र के गांव तितुरी में अपनी रिश्तेदारी में दावत खाने गया था। वापस आते समय रात्रि करीब 10.00 बजे कंपिल-बदायूं मार्ग पर गांव राईपुर चिन्हटपुर के निकट बाइक अनियन्तत्रित होकर टूटी निर्माणाधीन पुलिया के किनारे लगे पत्थरों से टकरा गयी। जिससे मोहित उछलकर पत्थरों में जा गिरा। जिससे उसका सिर व मुंह फट गया। साथी ने मोहित को गड्ढे से बाहर निकाला। बाइक सवार हेलमेट नहीं लगाए थे। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी। ग्रामीणों ने मामले की सूचना थाना पुलिस व एम्बुलेंस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को इलाजे के लिए सीएचसी कायमगंज भेज दिया। जहां मोहित को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। हालात गंभीर होने पर चंद्रदेव को लोहिया रेफर किया गया। पुलिस ने युवक की मौत की खबर परिजनों को दी। मौत की खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने युवक की हत्या की आशंका व्यक्त की है। मृतक के चाचा रूपराम ने बताया कि गांव का ही लड़का चंद्र देव शाम को बुलाने घर आया था।रात को सूचना मिली कि मेरा भतीजा कायमगंज में भर्ती है जिसकी मृत्यु हो चुकी है मुझे लगता है कि मेरे भतीजे की हत्या की गयी है। पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव पीएम हेतु भेज दिया। थाना प्रभारी जितेंद्र चौधरी ने बताया शव पीएम हेतु भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# संदिग्ध अवस्था में सड़क पर पड़ा मिला अधेड़ का शव



पीएम हाउस में मौजूद मृतक के परिजन — समृद्धि न्यूज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**संदिग्ध अवस्था** में अधेड़ का शव सड़क पर पड़ा मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के अंतर्गत गांव हरजू नगला निवासी समरपाल राजपूत (50) पुत्र हरीराम सुबह करीब 3 बजे खेतों की तरफ गये थे। सुबह करीब 4 बजे भाई प्रताप सिंह, जगदीश, कालीचरण, बबलू आदि लोग मंडी करने जा रहे थे, तभी रास्ते में सड़क पर समरपाल का शव पड़ा मिला। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के दो बेटे पंकज व विपिन हैं।

# खबरें चलते-चलते

## पुत्री की ससुराल गये पिता के साथ ससुरालीजनों ने की मारपीट

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** पुत्री के साथ मारपीट की जानकारी पर पुत्री की ससुराल पहुंचे पिता के साथ ससुरालवालों ने जमकर मारपीट की। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर दी है। कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के गांव भरतपुर निवासी जयवीर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया 5 वर्ष पूर्व उसने अपनी पुत्री अनु की शादी थाना नवाबगंज के गांव बिरसिंहपुर निवासी भूपेंद्र पुत्र श्रीपाल के साथ विधिवत दान दहेज के तहत की थी। पुत्री के साथ आए दिन ससुरालीजन मारपीट करते रहते थे। जिसकी जानकारी उसे कई बार उसकी पुत्री ने दी, लेकिन वह समझा बुझाकर मामले को शांत कर देता था। बीती रात उसकी पुत्री के साथ उसके पति, देवर, सास, ससुर ने मिलकर पुत्री को जमकर पीटा। पुत्री ने फोन कर जयवीर सिंह को घटना की जानकारी दी। सुबह जयवीर सिंह गांव बिरसिंहपुर पहुंचे और उन्होंने अपने दामाद और समधन से बात करनी चाही। इसी बात से नाराज दामाद ने ससुर के साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में उसके भाई, माता-पिता ने भी सहयोग किया। थाने पहुंचकर जयवीर सिंह ने दामाद, उसके भाई, समधन और समधी के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई की बात कही है।

## छोटे भाई की पत्नी पर 1 लाख 20 हजार की नकदी चोरी करने का आरोप

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** घर में रखे 120000 रुपए गायब हो गये। गृह स्वामी ने छोटे भाई की पत्नी पर रुपए ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम दनियापुर हीरामन निवासी पुष्पेंद्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार सुबह वह दरवाजे पर बैठा हुआ था। घर में 1,20,000/- रुपये की नकदी कमरे में रखी हुई थी। दूसरे गेट से उसके भाई की पत्नी पूजा देवी घुसकर आई और घर में रखी रकम उठा ले गई। जब वह तैयार होकर उक्त रकम पाइपलाइन के लिए निकालकर ले जाने को हुआ, तो वहां पर पैसे न पाकर उसके होश उड़ गए। पत्नी से जानकारी के बाद उसे पता चला उसका पैसा उसकी छोटे भाई की पत्नी उठा ले गई है। पुष्पेंद्र ने थाने पहुंचकर छोटे भाई की पत्नी के विरुद्ध तहरीर दी है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई की बात कही है।

## लाइब्रेरी के बाहर लगे जनरेटर का अल्टीनेटर चोरी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के नवाबगंज-मोहम्मदाबाद रोड निवासी कुणाल यादव की बाईपास रोड फौजी होटल के पास यूनिक डिजिटल लाइब्रेरी है। बीती रात वह अपनी लाइब्रेरी बंद कर घर चले गए। अज्ञात चोरों ने लाइब्रेरी के बाहर लगे जनरेटर का अल्टीनेटर चोरी कर लिया। सुबह जब कुणाल यादव लाइब्रेरी खोलने पहुंचे, तो उन्हें जनरेटर का अल्टीनेटर चोरी होने की जानकारी हुई। उन्होंने थाने में अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर दी है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई की बात कही है।

## बिक्की व बाइक की भिड़ंत में दो घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव मीरगंज निवासी प्रदीप कुमार राजपूत उम्र 25 वर्षीय पुत्र झब्बूलाल राजपूत बाइक द्वारा घर के लिए सब्जी खरीदने कुआँखेड़ा जा रहा था। गाँव से निकलते ही कुछ ही दूरी पर वह पहुँचा, तभी सामने से आ रहे सूरज उम्र 16 वर्ष पुत्र सोवरन निवासी अहमदगंज की बिक्की से आमने सामने टक्कर हो गयी। जिससे बाइक व विक्की सवार दोनो लोग गंम्भीर से घायल हो गये। आसपास के ग्रामीणो की मदद से दोनो के परिजनो ने कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया।

## शराबी युवक ने लगायी फांसी, हालत गंभीर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव रामनगर निवासी नेत्रपाल उम्र 28 वर्षीय पुत्र खुशीराम ने शराब के नशे में घर में फॉसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। चीखने चिल्लाने पर परिजनो ने फाँसी के फंदे से नीचे उतारकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ डाक्टर जितेन्द्र ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# एआरटीओ प्रवर्तन के साथ प्रबंधक के पुत्र ने की गाली-गलौज

- बगैर परमिट चल रही आधा दर्जन बसों की करने गये थे चेकिंग
- सूचना पर पहुंची पुलिस प्रबंधक के पुत्र को पकड़कर ले गयी कोतवाली



विद्यालय में मौजूद एआरटीओ प्रवर्तन आदि — समृद्धि न्यूज

कायमगंज, समृद्धि न्यूज

**स्कूल में** बिना परमिट चल रहीं बसों की चेकिंग करने पहुंचे एआरटीओ प्रवर्तन के साथ प्रबंधक के पुत्र ने स्कूल का गेट बंद कर गाली-गलौज कर दी। एआरटीओ प्रवर्तन की सूचना पर पहुंची पुलिस प्रबंधक के पुत्र को पकड़कर कोतवाली ले गयी। जहां देर शाम तक दोनों पक्षों में समझौता हो गया।

जानकारी के अनुसार एआरटीओ प्रवर्तन सुभाषचन्द्र राजपूत प्रवर्तन सुपरवाइजर राजीव कुमार के साथ नगर के चिलौली पठान स्थित किरन पब्लिक स्कूल में चल रहीं बिना परमिट छः डग्गामार वाहनों की चेकिंग करने विद्यालय पहुँचे। जहाँ डायरेक्टर के पुत्र मृदुल गंगवार ने विद्यालय का गेट बन्द करके एआरटीओ के साथ गाली-गलौज कर बंधक बना लिया। जिसकी सूचना फोन द्वारा एआरटीओ ने उपजिलाधिकारी व कोतवाली प्रभारी को दी। तत्काल उपजिलाधिकारी रवेन्द्र कुमार, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रामअवतार, उपनिरीक्षक नितिन यादव, कस्वा चौकी इन्चार्ज विद्या सागर तिवारी, कास्टेबिल विनीत कुमार, कास्टेबिल सिन्धु सिंह सहित पुलिस बल के साथ विद्यालय पहुँचकर एआरटीओ ने मृदुल गंगवार को पुलिस के सुपुर्द करवाया। पुलिस मृदुल को जीप में बैठालकर कोतवाली ले गई।

# बेटी को पीटने की सूचना पर पहुंचे पिता को कमरे में बंद कर पीटा



घटना की जानकारी देते पिता-पुत्र

कायमगंज, समृद्धि न्यूज

**जनपद एटा** के थाना जैथरा क्षेत्र के गॉव लालपुर जोगीराबाद निवासी चन्द्रपाल शाक्य उम्र 70 वर्षीय पुत्र दिवारीलाल ने कोतवाली कायमगंज पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि उसने अपनी बेटी जसोदा का विवाह 27.11.2023 को धर्मेंद्र पुत्र घनश्याम निवासी छोटी पैथान थाना कायमगंज के साथ किया था। शादी के कुछ माह बीत जाने पर ससुरालीजन पति धर्मेंद्र, देवर सुरेन्द्र, देवेन्द्र, ससुर घनश्याम, सास रामश्री दहेज में मोटर साइकिल की अतिरिक्त मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करते थे तथा दहेज की मांग पूरी न होने पर उक्त ससुरालीजनों ने मेरी बेटी के साथ मारापीट की। सूचना फोन द्वारा हमें मिली। मामला शान्त करने के लिए चन्द्रपाल अपने बेटे संजय व देवराज के साथ बेटी की ससुराल पहुँचे। वहाँ पर बेटी के ससुरालीजनों ने चन्द्रपाल को कमरे में बन्दकर लात-घूसों व धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर चन्द्रपाल का मेडीकल परीक्षण करवाया।

# सांप के काटने से डेरी कर्मचारी की मौत



मृतक का फाइल फोटो



रोते बिलखते मृतक के परिजन — समृद्धि न्यूज

मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज

**सांप के** काटने से डेरी कर्मचारी की हालत बिगड़ गयी। उसे लोहिया अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उपचार के कुछ समय बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार जनपद फिरोजाबाद के बहारोल भोगापुर निवासी 23 वर्षीय अभ्युदय मिश्रा पुत्र चंद्रशेखर मिश्रा बीते 1 जनवरी 2024 से मोहम्मदाबाद के निसाई स्थित आनंदा डेरी पर कर्मचारी था। जानकारी के मुताबिक बीती रात लगभग 8 बजे वह लघुशंका के लिए गया था। जहाँ उसे सांप ने पैर की ऊँगली में काट लिया। जिस पर कर्मचारियों ने सर्प को मौके पर ही मार दिया। इसके बाद गंभीर हालत में उसे करीब 9 बजे लोहिया अस्पताल में भर्ती किया गया। जहाँ कुछ समय उपचार के बाद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मृतक की माँ गुड्डो देवी, पिता चन्द्रशेखर व अन्य परिजन मौके पर पहुंचे। उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक अभ्युदय दो भाई था। बड़ा भाई विपलव मिश्रा फतेहगढ़ ड्रग वेयर हाउस में कार्यरत है। उपनिरीक्षक चमन सिंह ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# 24 वर्षों से बंद कताई मिल को नहीं मिली संजीवनी

- कर्मचारियों ने बैठक कर मांगा बकाया वेतन, पेंशन व वीआरएस



बंद पड़ी कम्पिल की कताई मिल — समृद्धि न्यूज

कंपिल, समृद्धि न्यूज

**विगत 24** वर्षों से बंद पड़ी सहकारी कताई मिल को पुनः शुरू कराने की योजनाएं तो कई बार बनीं, लेकिन उनका क्रियान्वयन नहीं हुआ। मिल के एक हजार से अधिक श्रमिक व कर्मचारियों आज तक बकाया वेतन, पेंशन, वीआरएस आदि के भुगतान को लेकर चक्कर काट रहे हैं।

उत्तर प्रदेश सहकारी कताई मिल संयुक्त संघर्ष मोर्चा के बैनर तले बीते दिन सहकारी कताई मिल गेट पर एक सभा का आयोजन किया गया। इसमें श्रमिकों की वेतन से काटे गए फंड का भुगतान करने, ग्रेच्युटी का भुगतान, स्वैच्छिक सेवानिवृत्त में वेतन भुगतान की मांग की गई। संघर्ष मोर्चा के उपाध्यक्ष विनोद शुक्ला, महामंत्री मानसिंह ने सरकार से बकाया भुगतान जल्द से जल्द करने की मांग की अन्यथा की स्थिति में धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी। विदित है कि वर्ष 1986 में कंपिल में सहकारी कताई मिल की स्थापना की गयी थी। क्षेत्रीय युवकों को रोजगार मुहैया कराने वाली कताई मिल से जनपद की अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा, लेकिन भ्रष्टाचार व अन्य कारणों से मिल लगातार लगातार घाटे में चली। श्रमिकों की हड़ताल के बाद वर्ष 2000 में शासन के निर्देश पर मिल में तालाबंदी कर दी गयी। सभी श्रमिक व कर्मचारी बर्खास्त हो गये। 14 वर्ष के संचालन के दौरान 36 करोड़ का घाटा अर्जित करने वाली मिल पर कर्मचारियों के फंड, बोनस, ग्रेच्युटी आदि का भी करीब लाखों रुपये बकाया है। बर्खास्त कर्मचारियों व क्षेत्रीय लोगों ने मिल के पुनर्संचालन के लिए काफी प्रयास किये लेकिन सफल नहीं हुए।

# भाकियू ने मुख्यमंत्री व डीएम को संबोधित ज्ञापन बीडीओ को सौंपा




बीडीओ को ज्ञापन सौंपते जिलाध्यक्ष व गुड्डी देवी व अन्य पदाधिकारी

शमसाबाद, समृद्धि न्यूज

**भारतीय किसान** यूनियन (अराजनैतिक संगठन) ने मुख्यमंत्री/जिलाधिकारी को संबोधित सात सूत्रीय मांग पत्र खण्ड विकास अधिकारी को सौंपा।

भाकियू कार्यकर्ताओं की बैठक जिला अध्यक्ष राम बहादुर राजपूत की अध्यक्षता में कार्यालय शमशाबाद गंगा रोड पर सम्पन्न हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि किसान भाइयों की समस्याओं से संबंधित चर्चा करने के बाद 22 जुलाई को लखनऊ गन्ना आयुक्त कार्यालय, 23 जुलाई मैहर शारदा माता परिसर तथा 20 जुलाई कर्वी तहसील चित्रकूट में पंचायत होगी। जिसमें किसान भाई बगैर टिकट रेल द्वारा पंचायत में भाग लेने जाएंगे। समस्यायें निम्नवत हैं। स्वामीनाथन रिपोर्ट को लागू किया जाए, कायमगंज का चीनी मिल छोटा और जर्जर है जिसकी क्षमता को बढ़ाया जाए, नहरों, रजबहों में पानी नहीं है तत्काल पानी छोड़ा जाए, विधवा, विकलांग, वृद्धा पेंशन 3000 प्रतिमाह दी जाये, चकबंदी कार्यालय में तहसील कर्मचारियों द्वारा किसानों के हो रहे शोषण को रोका जाए, आवारा गौवंश से किसानों की फसलें सुरक्षित की जायें, सभी आवारा गोवंशों को गौशालाओं में बंद किया जाए, विद्युत कटौती को समाप्त किया जाये, किसान भाइयों का घरेलू विद्युत बिल सरकार द्वारा माफ किया जाए, आदि मांगें शामिल हैं। बैठक में जिला अध्यक्ष रामबहादुर राजपूत, नन्हें लाल, कैलाशचंद्र, रामबरन यादव, गुड्डी देवी, संजय गंगवार, बृजेश राजपूत, सलमान अहमद आदि मौजूद रहे।

## मोबाइल चोरी करते तीन युवकों को पकड़ा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** मोबाइल शॉप से मोबाइल चोरी करके भाग रहे युवकों को आसपास के दुकानदारों ने दौड़कर पकड़ लिया। दुकानदारों ने उन्हें चौराहे पर तैनात पुलिस को सौंपा दिया। जानकारी के अनुसार कस्बा चौराहे पर प्रिंस गुप्ता की मोबाइल की दुकान है। मंगलवार को 4.00 बजे दुकान पर तीन युवक मोबाइल लेने आए। काफी देर तक मोबाइल देखते रहे। एक युवक ने तब तक एक मोबाइल दुकानदार का गायब कर दिया और वह जाने लगा। इसी बीच दुकानदार की नजर मोबाइल डिब्बे पर पड़ी उसने युवक को आवाज दी। तब तक अन्य दोनों युवक भी भागने लगे। चौराहे का मामला था। दुकानदारों को आवाज दी। दुकानदारों ने दौड़कर मोबाइल चोरी करके भाग रहे युवकों को दौड़कर पकड़ लिया और हाथापाई करने के बाद चौराहे पर तैनात पुलिस बल को तीनों को सौंप दिया। पुलिस के जवान तीनों को थाने लेकर गए। जहां पूछताछ के दौरान तीनों ने अपना गांव मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव खलवारा बताया। फिलहाल तीनों युवकों को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

छथछथछथछथ | पीड़ित ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना

# डीएम व एसपी ने बाढ़ संभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण



ग्रामीणों से बातचीत करते जिलाधिकारी व मौजूद पुलिस अधीक्षक — समृद्धि न्यूज




फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी डॉ0** वी0के0 सिंह व पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी द्वारा जनपद के अमृतपुर तहसील के बाढ़ संभावित क्षेत्रों व कड़क्का तटबंध का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा रामगंगा के किनारे बसे अलादादपुर भटौली गाँव का निरीक्षण किया व ग्रामीणों से बात कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि कटान से प्रभावित लोगों का सर्वे कर वह जिस श्रेणी में पात्र हैं उसमें उन्हें आवास दिया जाये। जिनके आवास कटान में कटे हैं उनको मुआवजा मिले ये सुनिश्चित करें। कटान से प्रभावित व्यक्तिओं द्वारा बताया गया कि उनको जमीन का आवंटन हो गया है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि एडीओ तत्काल गाँव में रुककर सभी पात्र व्यक्तिओं की सूची बनाकर उपलब्ध करायें। जिससे पात्रों को तत्काल योजना का लाभ दिलाया जा सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त व राजस्व व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# शिक्षकों के विरोध के चलते ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था स्थगित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**शिक्षकों के** विरोध के चलते आखिर सरकार को बैकफुट पर आना ही पड़ा। दो वर्ष पूर्व केंद्र सरकार के खिलाफ किसानों ने एमएससी सहित अपनी मांगों को लेकर साल भर चले प्रदर्शन के बाद आखिर सरकार को झुकना पड़ा। लोगों का कहना है कि एकता में बहुत दम होती है वह साबित होते दिखी। परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों की ऑन लाइन उपस्थिति दर्ज कराने को लेकर शिक्षकों में आक्रोश था। शिक्षक संगठनों व कर्मचारियों के अलावा अन्य एसोसिएशनों का सहयोग मिलने से आंदोलन को गति मिलने लगी थी। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिन्हा ने शिक्षक संगठनों की बैठक के बाद फैसले को फिलहाल स्थगित कर दिया है। इसमें मुख्य भूमिका निभाने वाले प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश चन्द्र शर्मा और बीटीसी शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव की मेहनत रंग लायी। 15 जुलाई को शिक्षकों की हुंकार के आगे आखिर शासन ने उनकी ऑन लाइन उपस्थिति व्यवस्था को स्थगित कर दिया है और अपनी पीठ थपथपाने के लिए एक कमेटी का गठन होने की बात कह दी है। पूर्व से ही अटेवा सहित सभी संगठन पुरानी पेंशन बहाली की मांग कर रहे है। ऐसे में शिक्षकों ने अपनी मांगों को आगे रखते हुए लागू कराने की बात रखी। जिस कारण शासन को डिजिटाइजेशन व्यवस्था को दो माह के लिए स्थगित करना पड़ा, जबकि शिक्षकों में अभी भी नाराजगी है। दो माह का आदेश मंजूर नहीं है। हमेशा के लिए थोपे गये आदेश को स्थगित किया जाये।



ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी भूपेश पाठक नरेन्द्र सिंह जाटव राजकिशोर शुक्ला

अटेवा के प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि थोपी गई व्यवस्था को हम स्वीकार नहीं करेंगे। सरकार हमारे कार्य करने का वेतन देती है। उसके अतिरिक्त हम पर जो भी बोझ डाला जायेगा वह अव्यवहारिक है। समझौते के आधार पर शासन-प्रशासन हमारी मांगों को पूर्ण करें उसके बाद कोई प्रक्रिया को लागू करने के लिए शिक्षकों के साथ मध्यक्षता बैठाये, तभी हम कोई शर्त को मंजूर कर पायेगें।

उत्तर प्रादेशीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भूपेश प्रकाश पाठक की मेहनत रंग लायी। उनके अनुरोध पर सभी शिक्षक संगठन एकजुट हुए और काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराते हुए कार्य करते रहे। उनके नेतृत्व में कोई शिक्षक झुका नहीं। किसी ने भी जनपद में ऑनलाइन उपस्थिति नहीं दर्ज करायी। परिणाम स्वरुप आखिर शासन को बैकफुट पर आना पड़ा। ऐसे में दो माह के लिए यह आदेश स्वीकार नहीं करेंगे। विरोध जारी रहेगा।

अटेवा के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह जाटव ने शिक्षकों के साथ एकजुटता दिखाते हुए हुंकार भरी और बैठकों के दौर में शिक्षकों को एकजुटता के साथ आंदोलन को गति दी। उन्होंने कहा कि जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं होती है तब तक ऐसे आदेश को हम स्वीकार नहीं करेगें। वर्तमान समय में बच्चों की पठन-पाठन प्रक्रिया शुरु हो गयी है। ऐसे थोपे गये आदेश के चलते वह भी प्रभावित होने लगी थी।

प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री राजकिशोर की मेहनत रंग लायी। उन्होंने भी अपने संगठन के माध्यम से ब्लाक स्तर पर विरोध किया और ट्विटर पर भी अभियान चलाकर ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध दर्ज किया। थोपे गये आदेश का विरोध इतना हावी रहा कि शिक्षक संगठनों के आगे सरकार ने ऑन लाइन उपस्थिति कार्यक्रम को स्थगित किया। इस खुशी में शिक्षकों ने सरकार का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## गंगा में डूबे अधेड़ का मिला शव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गंगा स्नान के दौरान पैर फिसलने से डूबे अधेड़ का शव मंगलवार को इकलहरा के पास मिला। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने शव की शिनाख्त की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार गंजडुवारा जिला कासगंज निवासी पवन उम्र करीब 42 वर्ष पुत्र होरीलाल राजपूत 10 जुलाई को गंगा नहाने कादरगंज घाट पर गये थे, तभी उनका पैर फिसल जाने से वह गंगा में डूब गये थे। काफी खोजबीन करने पर उनका शव नहीं मिला था। मंगलवार को करीब 3 बजे कम्पिल के ग्राम इकलहरा के पास उनका शव मिला। घटना की सूचना परिजनों को दी गयी। सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के दो बच्चे एक बेटा प्रांशु व एक बेटी काजल है।

# भ्रष्टाचार व कार्यों में शिथिलता के खिलाफ भाकियू ने प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**भारतीय किसान** यूनियन भानू द्वारा कलेक्टर पहुंचकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। 7 सूत्रीय दिये गये ज्ञापन में मांग की गई कि जनपद में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। किसान, मजदूर, छोटे व्यापारी से धन उगाही के साथ-साथ सरकारी कार्य कराने में कमीशन व सुविधा शुल्क लिया जा रहा है। राजमार्ग व जल जीवन मिशन से बनी पानी की टंकी के निर्माण में खुलेआम भ्रष्टाचार हुआ है। ठेकेदारों ने गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया है। 38 प्रतिशत तक कमीशन ऊपर तक दिया गया है। किसान मजदूर को नौकरशाही और



डीएम को ज्ञापन सौंपते भाकियू नेता

जनप्रतिनिधि लूट रहे। नौकरशाही भ्रष्टाचार के आगे किसानों, गरीबों का खून चूसा जा रहा है। बड़े उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। राष्ट्रीय मार्ग 730सी इटावा बरेली हाइवे पर घटिया निर्माण कार्य हो रहा है। ब्रिक घटिया क्वालिटी की लगायी गई है। नाला निर्माण की घोर निंदा की जा रही है। ठेकेदार के प्रति लोगों में रोष है, आदि मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सोमवंशी, प्रदेश महासचिव संजय सोमवंशी, छविनाथ सिंह, जगपाल सिंह राठौड़, सर्वेश सिंह राठौड़, पूरन सिंह राठौड़, योगेश कुमार सिंह, राजेश, बबलू दीक्षित, लकी खान मुन्ना, शिवपाल सिंह, अमरेश कुमार शुक्ला, अजय कुमार शुक्ला, मुन्ना सिंह राठौड़, नेत्रपाल सिंह, आशीष कुमार उर्फ बबलू यादव, राजू यादव, राजू ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# डीएम व एसपी ने कांवड़ यात्रा की तैयारी को लेकर गंगा व रामगंगा पुल तक किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी डॉ0** वी0के0 सिंह व पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने सावन माह में होने वाली कांवड यात्रा व गंगा स्नान के मद्देनजर संयुक्त रूप से पांचाल घाट व पांचाल घाट से रामगंगा पुल तक कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया गया।

डीएम ने निर्देशित किया कि नगर मजिस्ट्रेट व सी0ओ0 सिटी अपनी देखरेख में पांचाल घाट पर स्नान वाले क्षेत्र में दोनों तरफ बैरिकेटिंग कराये, गहरे पानी वाले स्थानों पर पानी गहरा है स्नान प्रतिवंधित है के चेतावनी बोर्ड लगाये जाये। घाट पर प्रकाश व सफाई की व्यवस्था ग्राम पंचायत द्वारा की जाएगी। चौराहे से घाट तक प्रकाश व सफाई की व्यवस्था नगर पालिका द्वारा की जाएगी। गंगा के दोनों तरफ पी0ए0 सिस्टम लगाया जाये। डीएम ने रामगंगा पुल से पांचाल घाट पुल तक रोड की पटरी को सही करने व रोड के गड्ढो को भरने के एनएचएआई को



रामगंगा पुल का निरीक्षण करते डीएम व एसपी समृद्धि न्यूज

निर्देश दिये। मुख्य चिकित्साधिकारी को यात्रा के दौरान डबरी, जमापुर मोड़, राजेपुर व अमृतपुर पर 24वाई7 मेडिकल कैम्प संचालित करने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व संवंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला कारागार में भाविप पदाधिकारियों ने अपर जिला जज के साथ किया वृक्षारोपण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारत विकास परिषद के 62वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर पांचाल शाखा द्वारा जिला कारागार में फतेहगढ़ में अपर जिला जज संजय कुमार व जिला कारागार अधीक्षक भीमसेन मुकुंद के मार्गदर्शन में अध्यक्ष कन्हैया लाल जैन एवं वित्त सचिव अनुपम पुरवार, संयोजक बृजेश सिंह, श्याम प्रकाश श्रीवास्तव ने वृक्षारोपण किया। भारत विकास परिषद की ओर से 100 फलदार वृक्षों को लगाया गया। प्रकृति को सुंदर बनाने के लिए वृक्षारोपण बहुत जरुरी है। वृक्षों से हमें



आक्सीजन व शुद्ध जल वायु मिलती है। भाविप पदाधिकारियों ने आम, अमरुद, जामुन, कटहल, अनार, नींबू अन्य पेड़ लगाए। अपर जिला जज संजय कुमार, जिला कारागार अधीक्षक भीमसेन मुकुंद को स्मृति चिन्ह एवं पटका उढ़ाकर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष कन्हैया लाल जैन, सचिव देवेन्द्र नारायण श्रीवास्तव, वित्त सचिव अनुपम पुरवार, नारायण प्रसाद अग्रवाल, नमन गर्ग, योगेश वर्मा, आयुष गुप्ता, संयोजक बृजेश सिंह आदि लोग मौजूद रहे। संचालन सचिव देवेन्द्र नारायण श्रीवास्तव ने किया।

# ग्राम प्रधान व सदस्य पदों के उपचुनाव के लिए अधिसूचना जारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**राज्य निर्वाचन** आयोग के निर्देशानुसार जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी डा0 वीके सिंह ने ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य के उपचुनाव की तिथि निर्वाचन हेतु घोषित की है। नाम निर्देश पत्रों को जमा करने की अंतिम तिथि 22 जुलाई को सुबह 10 बजे से सायं 4 बजे तक, नाम निर्देशन पत्रों की जांच तिथि 23 जुलाई को सुबह 10 बजे से कार्य समाप्ति तक, उम्मीदवारी वापस लेने की दिनांक 24 जुलाई को सुबह 10 बजे से सायं 3 बजे तक, प्रतीक आवंटन करने की दिनांक 24 जुलाई को 3 बजे से कार्य समाप्ति तक, मतदान तिथि 6 अगस्त को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक, मतगणना 8 अगस्त को सुबह 8 बजे से कार्य समाप्ति तक होगी। ग्राम पंचायतों के प्रधानों एवं सदस्यों को रिक्त स्थानों/पदों पर निर्वाचन हेतु प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों का विवरण देते हुए निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) द्वारा 18 जुलाई को सार्वजनिक सूचना निर्गत की जायेगी। उप निर्वाचन में ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायतों के सदस्यों के नामांकन पत्र दाखिल करने, उनकी समीक्षा करने, उम्मीदवारी वापस लेने, चुनाव चिन्ह आवंटन, मतगणना का कार्य संबंधित विकास खण्ड मुख्यालय पर होगा। ब्लाक नवाबगंज के ग्राम अल्हादादपुर में वार्ड-2 सदस्य पद (अनारक्षित), ग्राम हथौड़ा में वार्ड-1 सदस्य पद (अनुसूचित जाति महिला), ग्राम ककिउली वार्ड-6 सदस्य पद (त्याग पत्र) (महिला), ग्राम परिउली खरिदाई वार्ड-2 में सदस्य पद (अनारक्षित), ब्लाक कायमगंज के ग्राम जिजपुरा वार्ड-12 में सदस्य पद (अनुसूचित जाति महिला), ग्राम सिवारमुकुट वार्ड 9 में सदस्य पद (अन्य पिछड़ा वर्ग), ग्राम नरायनपुर वार्ड 5 में सदस्य पद (अनारक्षित), ब्लाक राजेपुर के ग्राम सवासी वार्ड 6 सदस्य पद (अन्य पिछड़ा वर्ग महिला) व वार्ड 10 में सदस्य पद (अनारक्षित), ग्राम कमालुद्दीनपुर वार्ड 5 में सदस्य पद (अनारक्षित), ग्राम रतनपुर पमारान वार्ड 4 सदस्य पद (अनुसूचित जाति महिला), ब्लाक शमशाबाद के ग्राम ललौर राजपूतान वार्ड 3 (त्याग पत्र) (अनुसूचित जाति महिला), ग्राम नैगवां वार्ड 8 सदस्य पद (अनुसूचित जाति महिला), ग्राम बॉबखेड़ा वार्ड 2 सदस्य पद (अनारक्षित), ग्राम छिछौनापुर पट्टी वार्ड 4 (महिला), ब्लाक कमालगंज के ग्राम अभयपुर प्रधान पद (अनारक्षित), ग्राम जहांगीरपुर वार्ड 13 सदस्य पद (अनुसूचित जाति महिला) व वार्ड 12 (अन्य पिछड़ा वर्ग महिला), ग्राम रायपुर वार्ड 4 सदस्य पद (अनुसूचित जाति), ग्राम कुम्हौल वार्ड 7 सदस्य पद (अनारक्षित), ब्लाक मोहम्मदाबाद ग्राम नगला सूदन प्रधान पद (अनुसूचित जाति), ग्राम कुबेरपुर जुन्नारदार वार्ड 9 सदस्य पद (महिला) है। वहीं मोहम्मदाबाद के क्षेत्र पंचायत सदस्य वार्ड 10 (अन्य पिछड़ा वर्ग) के पदों पर उपचुनाव होंगे।

# मांगों को लेकर प्रदर्शन कर भाकियू नेताओं ने दिया धरना



**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** तहसील सभागार अमृतपुर में भारतीय किसान यूनियन टिकैट गुट द्वारा अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया गया। तहसील परिसर में भाकियू नेताओं ने मांग उठायी कि लेखपाल सावन यादव का स्थानांतरण किया जाए, वह भ्रष्टाचार में लिप्त है। ग्राम कमालुद्दीनपुर में रामनारायण पांडे की खड़ी सरसों की फसल इन्हीं के द्वारा जुतवायी गई। सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत मांगी गई सूचना खंड विकास अधिकारी राजेपुर एवं तहसील अमृतपुर द्वारा अभी तक प्राप्त नहीं हुई है। ग्राम कोलासोता, अमैयापुर, गुडेरा (सातों मजरा), खाखिन, बेचेपट्टी, हरपालपुर, भावन, अस्लानपुर, वजीरपुर, बथुआ की मड़ैया, डांडीपुर की मड़ैया हीरानगर आदि ग्रामों में राम गंगा का जलस्तर बढ़ने के कारण बाढ़ की स्थित्ति उत्पन्न हो गई है। जिससे वहां खड़ी मक्के एवं मूंगफली की फैसले जलमग्न हो गई है। लेखपाल द्वारा सर्वे कराकर किसानों को फसलों का उचित मुआवजा दिलवाया जाए। ग्राम बेचेपट्टी निवासी कमलेश तिवारी के घर में बिजली के तार से आग लगने के कारण उनकी पुत्री शिवानी एवं भैंस जल गई थी। भैंस की स्थिति मरणासन्न है उनका सर्वे कराया जाए एवं उनको उचित मुआवजा दिलाया जाए। तहसील अमृतपुर में बाढ़ कंट्रोल रूम खोला जाए। 24 घंटे कर्मचारियों की ड्यूटी रहनी चाहिए। जिससे बाढ़ पीड़ित किसान अपनी समस्याओं से कंट्रोल रूम को अवगत करा सके। गंगा एवं रामगंगा से बाढ़ की स्थिति को देखते हुए प्रशासन से मांग कि वह अभी से उचित संसाधनों की व्यवस्था करके बाढ़ से निपटने की तैयारी कर ले। जिससे बाढ़ के समय बाढ़ पीड़ितों की त्वरित गति से मदद कर सके। तहसील में विरासत और मेड बंदी के मामले लेखपालों की उदासीनता के कारण काफी समय से लंबित पड़े हैं। इनका तीव्र गति से निस्तारण होना चाहिए। अमृतपुर तहसील के अंतर्गत आने वाले तमाम गांव प्रत्येक वर्ष बाढ़ से प्रभावित होते हैं। संज्ञान में आया है कि तहसील प्रशासन द्वारा किसानों से लोन की वसूली की जा रही है। बाढ़ की स्थिति को देखते हुए किसानों से किसी भी तरह की कोई वसूली न की जाए, आदि मांगों को शामिल किया गया। खबर लिखे जाने तक भारतीय किसान यूनियन टिकैट गुट का धरना प्रदर्शन जारी है। इस मौके पर प्रभाकांत मिश्रा, जिलाध्यक्ष अरविन्द शाक्य, अजय कटियार सहित बड़ी संख्या में किसान नेता मौजूद रहे।

# उप चुनाव में जीत की खुशी पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने किया कन्याभोज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**सात राज्यों** में हुए उपचुनाव को लेकर 13 सीटों में 11 सीट इंडिया गठबंधन ने जीत दर्ज की। इस खुशी को लेकर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देशानुसार जनपद में मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया गया। साथ ही कांग्रेस की जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी ने उपचुनाव में इंडिया गठबंधन की भारी जीत को लेकर अपने आवास पर कन्याभोजका आयोजन किया। साथ ही बड़ी संख्या में कांग्रेसियों ने पहुंचकर भोज भाग लिया। शकुंतला देवी ने कहा कि राहुल गांधी के



भोज के दौरान मौजूद कन्यायें व कांग्रेसी समृद्धि न्यूज

नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी का जनाधार बढ़ा है। आने वाले 2027 के चुनाव में इंडिया गठबंधन की सरकार प्रदेश में बनेगी। आज कार्यकर्ता कांग्रेस में अपने आपको को सुरक्षित महसूस कर रहा है। धीरे-धीरे लोग कांग्रेस में पुनः वापसी कर रहे है। कन्याओं ने भोज के दौरान शकुंतला देवी को आशीर्वाद भी दिया। उन्होंने संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस मौके पर शहर अध्यक्ष पुन्नी शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष मृत्युंजय शर्मा, विधि विभाग जिला अध्यक्ष वरुण त्रिपाठी, सिविक सोशल आउटरीच विभाग प्रदेश सचिव डा0 अरुण अग्निहोत्री, धर्मेंद्र शाक्य, मनोज, आसिफ खान, जुबैर, राजवीर सिंह पाल, मदन लाल, धर्म पाल, शिशु पाल, संजू अग्निहोत्री, कैलाश यादव, विकास यादव, अभिषेक, गुड्डू, हिलाल शफीकी आदि लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति के संयोजक संजय अरोड़ा का जनपद में हुआ जोरदार स्वागत

▸ प्रमोद वाजपेयी को मिला प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

**राष्ट्रीय हिन्दू** शक्ति संगठन के राष्ट्रीय संयोजक संजय अरोड़ा द्वारा प्रमोद वाजपेयी को प्रदेश अध्यक्ष मनोनित किया गया है। फर्रुखाबाद आये राष्ट्रीय संयोजक संजय अरोड़ा ने संगठन का विस्तार करते हुए पदाधिकारियों को दायित्व सौंपा और कहा कि संगठन को मजबूत करें और सनातन धर्म को मजबूत करें। डा0 ऋषि नाथ गुप्त को वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। राष्ट्रीय संयोजक के जनपद के आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष लखन दीक्षित, कोषाध्यक्ष डा0 सोमनाथ गुप्ता, आदेश दीक्षित, गौरव शुक्ला, कौशलेन्द्र सिंह, ज्योति प्रकाश वाजपेयी, सुबोध वाजपेयी, मृदुल चतुर्वेदी, आनन्द कुशवाहा, आयुष कुशवाहा, संतराम कुशवाहा, अनुराग कनौजिया, अमित पाण्डेय, सुनील तिवारी, अखिलेश पाण्डेय, नीरज दीक्षित, ओम मिश्रा, अजय दीक्षित, रामतीर्थ अवस्थी, लक्ष्मीकांत अवस्थी, आनन्द अवस्थी, रामबाबू मिश्रा, ब्रजमोहन मिश्रा, संजू गिहार, सुरेश गिहार, मनीषा गुप्ता, कुमकुम वाजपेयी, रूचि वाजपेयी, सुषमा कनौजिया, अनीता कनौजिया आदि लोग उपस्थित रहे।

# छह माह का मानदेय दिलाने जाने की कर्मचारियों ने डीएम से लगायी गुहार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कर्मचारियों ने छह माह का मानदेय भुगतान दिलाये जाने को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारी व स्वास्थ्य कर्मी कलेक्ट्रेट पहुंचकर छह माह का वेतन दिलाये जाने के लिए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया कि कोविड-19 के दौरान कर्मचारियों ने कठिनाइयों के चलते कार्य किया। ऐसे में छह माह का वेतन रुक जाने के कारण परिवार का पालन पोषण करने में कठिनाइयां आ रही है। कई कर्मचारियों का परिवार भुखमरी की कगार पर आ गया है। कुछ कर्मचारियों के पास



ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते कर्मचारी समृद्धि न्यूज

ड्यूटी जाने के लिए किराया तक नहीं है। शीघ्र भुगतान कराये जाने की मांग की गई है। इस मौके पर गौतम सिंह, मुकेश कुमार, आशीष कुमार, रीता देवी, राहुल कुमार, मंगल सिंह, परमेन्द्र, अंकित कुमार, मनीष कुमार, शबनम, सगुना देवी आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

जागरुकता — घर-घर जाकर स्वास्थ्य कर्मी खिलायेगें फाइलेरिया की दवा

# फाइलेरिया उन्मूलन जागरुकता के तहत बच्चों को किया गया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

▸ जिले में 1013 फाइलेरिया रोगी

**जनपद सहित** प्रदेश के 27 जिलों में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम 10 अगस्त से 28 अगस्त के बीच चलाया जायेगा। प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरिया रोग के बारे में जागरूक करेंगे साथ ही अपने सामने दवा खिलाएंगे और किसी भी स्थिति में दवा का वितरण नहीं किया जाएगा। यह दवा आपको फाइलेरिया रोग से सुरक्षित रखेगी। सीएमओ ने कहा कि जनपद में लोगों को फाइलेरिया से सुरक्षित रखने के लिए डीईसी और अल्बेंडालोल की निर्धारित खुराक मानकों का पालन करते हुए खिलाई जाएगी। साथ ही विद्यालयों में फाइलेरिया उन्मूलन जागरुकता की शपथ दिलायी गई। अभियान की सफलता के लिए पीसीआई संस्था की तरफ़ से मगंलवार को प्राथमिक विद्यालयों में फाइलेरिया अभियान के दौरान खिलाई जाने वाली दवा के बारे में जागरूक किया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय, समविलियन प्राथमिक विद्यालय लिंजीगंज और प्राथमिक विद्यालय अंगूरी बाग में बच्चों को



शपथ लेते बच्चे समृद्धि न्यूज

फाइलेरिया रोग के बारे में जानकारी देते हुए कहा गया कि आप सभी को यह दवा खानी है साथ ही अपने माता पिता और पड़ोस में रहने वाले लोगों को भी खिलानी है। उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 आरसी माथुर ने बताया हाईड्रोसील हो जाना, हाथी पांव हो जाना, महिलाओं के स्तन में सूजन आ जाना यह सब फाईलेरिया रोग के लक्षण हैं। फाईलेरिया रोग मच्छरों द्वारा फैलता है। खासकर क्यूलैक्स मादा मच्छर के जरिए। जब यह मच्छर किसी फाइलेरिया रोग से ग्रसित व्यक्ति को काटता है तो वह संक्रमित हो जाता है फिर यह मच्छर रात के समय किसी स्वस्थ्य व्यक्ति को काट लेता है तो फाइलेरिया रोग के परजीवी रक्त के जरिए उसके शरीर में प्रवेश कर उसे भी फाइलेरिया रोग से ग्रसित कर देते हैं। जनपद में फाइलेरिया के अब तक 1013 रोगी है। इस दौरान प्रधानाचार्य सुशील मिश्र, दीप्ति त्रिवेदी, मंजरी शाक्य, पीसीआई से अनुपम मिश्र आदि लोग मौजूद रहे।

# छिंदवाड़ा को आधुनिक छिंदवाड़ा में बदलने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : सीएम मोहन यादव

**अमरवाड़ा चुनाव जीतने के बाद पहली बार अमरवाड़ा पहुंचे मुख्यमंत्री**

एजेंसी



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा विधानसभा दौरे पर रहे। इस दौरान डॉ. यादव ने कहा कि छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा विधानसभा में चुनाव जीतने के बाद हमारा पहला दौरा हुआ। मेरे साथ खजुराहो के सांसद एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष माननीय वीडी शर्मा जी उपस्थित रहे।

डॉ यादव ने कहा कि हम सब मिलकर, आज अमरवाड़ा चुनाव जीतने का जनता के बीच आभार मनाने आए और जनता के साथ जो हमने कमिटमेंट किया था कि हम सब मिलकर चुनाव जीतने के बाद सरकार के द्वारा किए गए सभी घोषणाओं के पालन की दिशा में काम करेंगे। उस दिशा में आज सबसे पहले औद्योगिक निवेश को लेकर मीटिंग की है, न केवल छिंदवाड़ा, पांढुर्णा बल्कि पूरे जबलपुर में जो रीजनल समिट होने वाली है उसकी प्री मीटिंग की है। डॉ यादव ने कहा कि अलग-अलग क्षेत्र में उद्योग की जो संभावना है, उन सभी उद्योगपतियों को एक टेबल पर बैठकर बातचीत की है। ऑनलाइन जिलों से जुड़े हुए लोगों से भी बात की है। जो उद्योग चला रहे हैं, उनकी कठिनाइयों को भी समझने का भी प्रयास किया और सभी सेक्टर में विस्तार के संभावनाओं को लेकर भी बताया गया। डॉ यादव ने कहा कि फूड इंडस्ट्री, माइनिंग आधारित उद्योग, एग्रीकल्चर बेस जो अन्य संभावनाएं हैं उन सभी क्षेत्रों में समान रूप से सरकार प्रोत्साहन देकर हमारे छिंदवाड़ा को आधुनिक छिंदवाड़ा के रुप में बदलने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। डॉ यादव ने कहा कि इस चुनाव में जनता ने प्राण पण से, भाजपा के प्रति जो विश्वास व्यक्त किया है, सरकार और संगठन के प्रदेश अध्यक्ष, हम दोनों मिलकर पूरा करेंगे।

## डबल इंजन की सरकार में तेजी से हुआ प्रदेश का विकास : अनुराग ठाकुर

**शिमला।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता अनुराग ठाकुर ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में प्रदेश में तेज विकास होता है। पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने डबल इंजन की सरकार को लेकर बोला, मैं उत्तर प्रदेश का उदाहरण देता हूं। 2017 से पहले केंद्र की कितनी योजनाएं होती थी, चाहे वो यूपीए की सरकार के समय की ही क्यों न हो, अखिलेश यादव जी काम नहीं करते थे। लेकिन जब 2017 के बाद योगी जी की सरकार बनी तो मोदी-योगी की जोड़ी और डबल इंजन सरकार ने उत्तर प्रदेश में जहां एक ओर कानून व्यवस्था को संभाला, निवेश रिकॉर्ड लाए, वहीं उत्तर प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छूता चला गया। भाजपा नेता ने आगे कहा, ष्मैं हिमंता जी के राज्य असम की बात करता हूं। हमारी कभी वहां पर सरकार नहीं थी, लेकिन असम में और केंद्र में यूपीए की सरकार थी। डॉ. मनमोहन सिंह असम से ही राज्यसभा में थे, लेकिन इसके बावजूद असम की हालत बहुत खराब थी। उन्होंने आगे कहा, आज असम में भी डबल इंजन की सरकार है। बीजेपी के शासन में असम नई ऊंचाइयों को छू रहा है। सेमीकंडक्टर को लेकर कई सौ करोड़ों का निवेश वहां पर आया है। बड़े-बड़े उद्योग वहां पर जा रहे हैं। आखिर ये उद्योग झारखंड में क्यों नहीं जाते, क्योंकि वहां खाने वालों की संख्या ज्यादा और विकास करने, उद्योग लगाने वालों की कम है। इसके अलावा अनुराग ठाकुर ने मंत्री नहीं बनने के सवाल पर कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। हम सभी पहले कार्यकर्ता हैं, उसके बाद कोई पद है। मेरा सभी बीजेपी कार्यकर्ताओं से अनुरोध है कि पूरे तन-मन से पार्टी के साथ जुट जाएं और बीजेपी सरकार बनाएं।

# संरक्षा ही रेलवे की प्राथमिकता : महाप्रबंधक

**रेल यातायात में व्यवधान पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश**

समृद्धि न्यूज



**नई दिल्ली।** उत्तसर रेलवे के महाप्रबंधक, शोभन चौधुरी ने उत्तर रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्षों एवं मण्डल रेल प्रबंधकों के साथ प्रधान कार्यालय बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली में उत्तर रेलवे की कार्य-प्रगति की समीक्षा की। महाप्रबंधक ने इस बात पर जोर दिया कि संरक्षा, रेलवे की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी प्रयास करते हुए ट्रैक, रोलिंग स्टॉक और सिग्नलिंग को शीर्ष वरीयता दी जानी चाहिए।

उन्होंने अधिकारियों को बारिश के कारण उत्पन्न होने वाले रेल यातायात में व्यवधान पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से संरक्षा से समझौता किए बिना रेल यातायात सुचारू बनाए रखने को कहा। श्री चौधुरी ने रेलपथों, वेल्डों, और ज्वाइंट्स के अनुरक्षण के मानकों को बेहतर बनाने और ट्रैक के पास पड़े स्क्रैप को हटाने के लिए जोन स्तर पर किए गए कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने मंडलों को गतिशीलता बढ़ाने से संबंधित कार्यों में तेजी लाने और प्रगति की जांच करने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए।

महाप्रबंधक ने पेड़ों की छंटाई और ट्रैक के किनारे उग आई वनस्पतियों को हटाने के लिए किए गए कार्यों का भी जायजा लिया। उन्होंने मानसून के मौसम के दौरान संरक्षा बनाए रखने पर जोर दिया और कहा कि ट्रेनों के संचालन के दौरान किसी भी तरह की बाधा को रोकने के लिए हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए। महाप्रबंधक ने बुनियादी ढांचे में सुधार के बारे में कहा कि लाइनों के दोहरीकरण, सिग्नलिंग आदि से संबंधित परियोजनाओं को समय पर पूरा करने पर अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि निर्माण परियोजनाओं की प्रगति की निगरानी प्राथमिकता के आधार पर होनी चाहिए क्योंकि रेलवे का विकास/सुधार इन परियोजनाओं पर बहुत अधिक निर्भर है। बैठक के दौरान श्री चौधुरी ने बेहतर क्रू प्रबंधन और मानव-शक्ति के अधिकतम उपयोग पर भी जोर दिया। उन्होंने ट्रेनों की समयबद्धता का बेहतर रिकॉर्ड बनाए रखने और गतिशीलता बढ़ाने से संबंधित कार्यों में तेजी लाने तथा प्रगति की जांच के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए। उत्तर रेलवे अपने उपयोगकर्ताओं को सुरक्षित, सुगम और बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# मंत्रालय ने देश में ही बनाए जाने वाले रक्षा उत्पादों की पांचवीं सूची की जारी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढावा देने तथा आयात पर निर्भरता को लगातार कम करने के सिलसिले को जारी रखते हुए भविष्य में देश में ही बनाये जाने वाले 346 रक्षा उत्पादों की पांचवीं सूची मंगलवार को यहां अधिसूचित कर दी।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार इनमें रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण लाइन रिप्लेसमेंट यूनिट, सिस्टम,सब-सिस्टम, असेंबली, सब-असेंबली, कलपुर्जे और उपकरण तथा कच्चे माल शामिल हैं, जिनका आयात मूल्य 1,048 करोड़ रुपये है। भविष्य में इन उत्पादों की खरीद केवल देश से ही की जायेगी। रक्षा मंत्रालय इससे पहले भी 4666 रक्षा उत्पादों के स्वदेशीकरण की चार सूची जारी कर चुका है जिनमें से 3,400 करोड़ रुपये मूल्य के आयात वाले 2,972 उत्पाद पहले ही देश में बनाये जा रहे हैं। इन सूचियों में अत्यधिक जटिल प्रणालियां, सेंसर, हथियार और गोला-बारूद शामिल हैं। इसके परिणामस्वरूप सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों ने घरेलू विक्रेताओं को 7,572 करोड़ रुपये का ऑर्डर दिया है।

इन उत्पादों का विनिर्माण सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रमों तथा लघु और सूक्ष्म इकाईयों में किया जायेगा। इससे अर्थव्यवस्था में विकास को गति मिलेगी, रक्षा क्षेत्र में निवेश बढ़ेगा और आयात पर निर्भरता कम होगी। इसके अलावा, इससे शिक्षा जगत और अनुसंधान संस्थानों की भागीदारी के कारण घरेलू रक्षा उद्योग की डिजाइन क्षमताओं में वृद्धि होगी। रक्षा मंत्रालय ने इसके लिए 2020 में सृजन पोर्टल की शुरूआत की थी इस पोर्टल पर सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सेवा मुख्यालय स्वदेशीकरण के लिए एमएसएमई और स्टार्ट-अप सहित उद्योगों को रक्षा उत्पादों की पेशकश करते हैं।

## जोजिला दर्रे पर वाहन सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिरा, तीन पर्यटकों की मौत

**श्रीनगर।** श्रीनगर-लद्दाख राजमार्ग पर जोजिला दर्रे पर मंगलवार को एक वाहन के सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर जाने से तीन पर्यटकों की मौत हो गई और एक नाबालिग घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि जोजिला दर्रे पर कैप्टन मोड़ के पास पानीमाथा में मंगलवार को एक सूमो वाहन चालक के नियंत्रण खोने के बाद सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर गया और दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वाहन सोनमर्ग से कारगिल जा रहा था। इस हादसे में दो महिलाओं सहित तीन पर्यटकों की मौके पर ही मौत हो गई और एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्होंने बताया कि गंभीर रूप से घायल बच्चे को नजदीकी स्वास्थ्य सुविधा में प्राथमिक उपचार देने के बाद विशेष उपचार के लिए श्रीनगर के सौरा स्थित शेर-ए-कश्मीर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसकेआईएमएस) में स्थानांतरित कर दिया गया है।

# मॉरीशस की प्रगति के लिए भारत प्रतिबद्ध

**विदेश मंत्री जयशंकर मॉरीशस के पीएम प्रविंद जगन्नाथ से मिले**

एजेंसी



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मंगलवार को मॉरीशस की प्रगति और समृद्धि को निरंतर समर्थन जारी रखने की भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया। विदेश मंत्री वर्तमान में मॉरीशस के दौरे पर हैं।

उन्होंने पोर्ट लुईस में मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ से मुलाकात की। इस दौरान प्रधानमंत्री जगन्नाथ ने भारत और मॉरीशस की विशेष और स्थायी साझेदारी की समीक्षा के साथ इसे व्यापक बनाने की सराहना की। साथ ही निरंतर सहयोग और मजबूती के लिए आशा व्यक्त की। विदेश मंत्री ने मॉरीशस के प्रधानमंत्री के साथ संयुक्त पत्रकार वार्ता को भी संबोधित किया। इसमें विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि वर्तमान कार्यकाल की शुरुआत में वे मॉरीशस की यात्रा पर हैं। यह भारत-मॉरीशस द्विपक्षीय संबंधों की ताकत और गहराई को रेखांकित करता है। जयशंकर ने बताया कि उनकी यात्रा के दौरान द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। इसमें विकास साझेदारी, रक्षा और समुद्री निगम, आर्थिक और व्यापार संबंध और लोगों से लोगों के बीच संबंध शामिल हैं। कार्यक्रम में भारतीय मूल की सांतवीं पीढ़ी के दो व्यक्तियों को ओसीआई कार्ड दिए गए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस वर्ष मॉरीशस राष्ट्रीय दिवस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में मॉरीशस का दौरा किया था। इस दौरान ओसीआई संबंधित घोषणा की गई थी। इस कार्यक्रम में भारत द्वारा वित्त पोषित 12 उच्च प्रभाव सामुदायिक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया। इसके अलावा शिक्षा, संस्कृति, आप्रवासन अभिलेखागार के डिजिटलीकरण, अंतरिक्ष और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान हुआ। विदेश मंत्री ने कहा कि केवल एक वर्ष की अवधि में ऐसी 96 सामुदायिक परियोजनाओं में से 37 चालू हो गई हैं।

## खबरें एक नजर में

### न्यायिक हिरासत में मुंबई हिट एंड रन के आरोपी मिहिर शाह

**मुंबई।** वर्ली हिट एंड रन मामले के मुख्य आरोपी मिहिर शाह को मंगलवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। आरोपी को 9 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था। बता दें कि मिहिर ने कुछ दिन पहले अपनी बीएमडब्ल्यू से एक स्कूटर को टक्कर मारी थी, जिससे एक महिला की मौत हो गई थी। मिहिर शाह एकनाथ शिंदे की पार्टी के शिवसेना नेता राजेश शाह के बेटे हैं। इन्हें भी पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया था, जबकि बाद में जमानत पर रिहा कर दिया था। हादसे के समय मिहिर गाड़ी चला रहा था, जबकि उनका ड्राइवर, राजऋषि बिदावत कथित तौर पर यात्री की सीट पर था। साथ ही यह भी कहा जा रहा है कि हादसे के वक्त मिहिर शाह शराब के नशे में था। हादसे से पहले मिहिर ने अपने दोस्तों के साथ जुहू के एक बार में पार्टी की थी। पुलिस ने मिहिर के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया है. मामले में उनके ड्राइवर को भी गिरफ्तार किया गया है और 11 जुलाई को उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### मारपीट के आरोप में कोलंबियाई फुटबॉल प्रमुख गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** कोलंबियाई फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष रेमन जेसुरुन फेंको और उनके बेटे रेमन जमील को मियामी में रविवार को कोपा अमेरिका फाइनल के दौरान हुए झगड़े के बाद मारपीट के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। हार्ड रॉक स्टेडियम में कोलंबिया और अर्जेंटीना के बीच मैच के बाद मीडिया-एक्रीकरण क्षेत्र से लोगों को दूर रखने का प्रयास कर रहे कई सुरक्षा गार्डों के साथ पिता-पुत्र की कथित रूप से हिंसक झड़प हुई थी। जब सुरक्षा अधिकारी ने जेसुरुन और उसके बेटे को पीछे हटने के लिए कहा तो यह विवाद शारीरिक रूप से बढ़ गया। अधिकारी ने कहा कि दोनों तुरंत क्रोधित हो गए और गार्ड पर चिल्लाने लगे। जेसुरुन ने गार्ड को धक्का दिया, जिसके बाद उसके बेटे ने गार्ड की गर्दन पकड़ ली, उसे मुक्का मारा और उसके सिर पर लात मारी। जेसुरुन के बेटे ने कथित तौर पर एक महिला अधिकारी को पकड़ लिया और धक्का दे दिया, जिसने हस्तक्षेप करने की कोशिश की।

### संघ प्रमुख 'अथातो बिंब जिज्ञासा' पुस्तक का 20 को करेंगे विमोचन

**मुंबई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत मंदिर वास्तु रचना तथा मूर्ति शास्त्र के शोधकर्ता डॉ. गो. बं. देगलूरकर की पुस्तक अथातो बिंब जिज्ञासा का 20 जुलाई को सुबह दस बजे विमोचन करेंगे। यह जानकारी स्नेहल प्रकाशन के निदेशक रवींद्र घाटपांडे ने दी। अथातो बिंब जिज्ञासा नामक अनुवादित पुस्तक में महाराष्ट्र की अद्वितीय मूर्तियों की जानकारी है। मूल पुस्तक डॉ. देगलूरकर ने अंग्रेजी में लिखी है जबकि आशुतोष बापट ने उसका मराठी अनुवाद किया है। इस मराठी पुस्तक का विमोचन समारोह 20 जुलाई को पुणे के कोथरूड स्थित बाल शिक्षण मंदिर प्रशाला एम.ई.एस. ऑडिटोरियम में सुबह 10 बजे शुरु होगा।

### तमिलनाडु के राज्यपाल ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। कार्यालय ने एक्स पर पोस्ट किया, तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। वहीं राज्यपाल के आधिकारिक एक्स हैंडल से पोस्ट किया गया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलकर और तमिलनाडु के लोगों की सेवा में उनकी चिंता, दूरदर्शिता और मार्गदर्शन का लाभ पाकर अत्यंत प्रसन्न हूं।

### कार्यकर्ताओं पर हमला, कांग्रेस ने नियुक्त किए पर्यवेक्षक

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने त्रिपुरा में पार्टी पदाधिकारियों तथा कांग्रेस कार्यालय पर हुए हमले के मद्देनजर दो पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी के वरिष्ठ नेता तारिक अनवर तथा गौरव गोगोई को यह जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने बताया कि राज्य में पंचायत चुनाव की घोषणा होने के बाद प्रदेश में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों तथा पार्टी के कार्यालयों पर हमले हुए हैं।

### बाढ़ का पानी कम होते ही वाहनों के लिए खुला काजीरंगा क्षेत्र

**गुवाहाटी।** असम में बाढ़ की स्थिति में सुधार के बाद हल्के वाहनों और बसों को राष्ट्रीय राजमार्ग पर काजीरंगा क्षेत्र से गुजरने की अनुमति देने का फैसला किया गया है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी। सीएम सरमा ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, बाढ़ की स्थिति में सुधार के मद्देनजर आज से हल्के मोटर वाहनों और बसों को राष्ट्रीय राजमार्ग के काजीरंगा खंड से गुजरने की अनुमति दी जाएगी। साथ ही क्षेत्र में गति प्रतिबंध लागू रहेगा और ट्रकों को केवल काफिले में ही चलने की अनुमति होगी।卐 वहीं, एक अन्य एक्स पोस्ट में उन्होंने कहा कि बाढ़ के पानी के घटने का एक मुख्य संकेतक जानवरों का पलायन है।

## हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की



**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक्स पर पोस्ट किया, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। वहीं मुख्यमंत्री ने भी एक्स पर पोस्ट किया, आज दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रदेश व प्रदेशवासियों के हित के संदर्भ में विस्तृत चर्चा हुई।

## अनुप्रिया पटेल ने 19.61 करोड़ की विकास परियोजना का किया शिलान्यास

**मीरजापुर।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने मंगलवार को 1961.44 लाख रुपये (19.61 करोड़) की छह विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में विंध्याचल धाम के दीवान घाट पर 1. 98 करोड़ लाख रुपये की लागत से शौचालय का निर्माण और धाम के चारों ओर 407.79 लाख रुपये की लागत से शौचालयों के निर्माण कार्य भी शामिल हैं। मीरजापुर में संस्कृत संध्या आरती मंच के निर्माण कार्य कराए जाएंगे। काली खोह व अष्टभुजा रोपवे पर पर्यटन अवस्थापना किया जाएगा। 494.54 लाख की लागत से विकास कार्य कराए जाएंगे। नारायणपुर बैकुंठ महादेव स्थान का 330.29 लाख रुपये की लागत से विकास कार्य कराए जाएंगे। चिन्दलिख गहरवार में हनुमान मंदिर का सुंदरीकरण 77.90 लाख रुपये की लागत से कराया जाएगा। साथ ही मां विंध्यवासिनी से जुड़े पौराणिक कथानक पर आर्ट गैलरी का निर्माण कार्य 452.16 लाख रुपये से कराए जाएंगे।

# अभियान के तहत अदाणी ग्रुप इंदौर में वितरित करेगा 11 लाख पौधे

समृद्धि न्यूज

**इंदौर।** साल 2030 तक 10 करोड़ पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने के अपने संकल्प के तहत अदाणी समूह मध्य प्रदेश सरकार की मुहिम में शामिल हो गया है। इंदौर में ग्रीन कैंपेन के तहत 51 लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य है। अदाणी समूह इस ग्रीन कैंपेन के लिए 11 लाख पौधे उपलब्ध कराएगा।

इस साल बढ़ते तापमान पर चिंता व्यक्त करते हुए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और राज्य के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मध्य प्रदेश के 55 जिलों में 5.5 करोड़ पेड़ लगाने का संकल्प लिया था। यह देश भर में 140 करोड़ पेड़ लगाने के लक्ष्य के साथ प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए एक पेड़ माँ के नाम अभियान का हिस्सा है। एक पेड़ माँ के नाम को भी आगे बढ़ाएगा। इंदौर में लगाए जाने वाले 51 लाख पेड़ों में से 11 लाख पौधे अदाणी समूह उपलब्ध कराएगा। ये पौधे 25 विभिन्न प्रजातियों के होंगे, जो शहर के ग्रीन जोन में जैव



विविधता (बायोडायवर्सिटी) विकसित करने में मदद करेंगे।

**अदाणी समूह का 10 करोड़ पेड़ लगाने का संकल्प**

अदाणी समूह ने वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के ट्रिलियन ट्रीज प्लेटफॉर्म lt.org पर साल 2030 तक 10 करोड़ पेड़ लगाने का संकल्प किया है। ये संकल्प lt.org पर अब तक की गई सबसे महत्वाकांक्षी कॉर्पोरेट प्रतिबद्धताओं में से एक है। समूह, पहले ही करीब 3 करोड़ पेड़ लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प ले चुका है। एक जिम्मेदार बिजनेस ग्रुप के रूप में, अदाणी ग्रुप का लक्ष्य वैश्विक स्थिरता में योगदान देना है। अदाणी समूह का ये संकल्प भविष्य में नेट जीरो कार्बन के लक्ष्य को पूरा करेगा।

## शेयर बाजार में रिकॉर्डतोड़ तेजी जारी, फिसले सेंसेक्स और निफ्टी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में रिकॉर्ड बनने का सिलसिला आज भी जारी रहा। आज शेयर बाजार ने ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाने के साथ ही ओपनिंग और क्लोजिंग का भी नया रिकॉर्ड बना डाला। हालांकि कमजोर ग्लोबल संकेतों और बाजार में बजट पूर्व की सतर्क खरीदारी की वजह से शेयर बाजार सीमित दायरे में ही कारोबार करता रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.06 प्रतिशत और निफ्टी 0.11 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज दिन भर के कारोबार के दौरान एफएमसीजी, आईटी और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। इसी तरह मेटल और टेलीकॉम इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। दूसरी ओर हेल्थकेयर, ऑयल एंड गैस, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, यूटिलिटी और कैपिटल गुड्स शेयरों में आज मुनाफा वसूली होती नजर आई। ब्रॉडर मार्केट में भी आज मिला-जुला कारोबार होता नजर आया।

# कावेरी जल विवाद पर डीके शिवकुमार ने तमिलनाडु से सहयोग की अपील की

एजेंसी

**बेंगलुरु।** कावेरी जल विवाद को लेकर कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने खुलकर अपनी बात रखी है। कावेरी जल विवाद पर डीके शिवकुमार ने तमिलनाडु से सहयोग की अपील की न्होंने इस विवाद पर तमिलनाडु से सहयोग की अपील की है। दरअसल, सीपीआई और सीपीएम कावेरी जल को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

इस संबंध में सवाल करने पर डीके शिवकुमार ने कहा, ÷जिस तरह से हमारी जरूरतों की पूर्ति की जाती है, ठीक उसी प्रकार से तमिलनाडु के जरूरतों की पूर्ति हो, यह उनका संवैधानिक अधिकार है। अब वो इस संबंध में बैठक कर रहे हैं, तो कर सकते हैं। हमें इसमें कोई आपत्ति नहीं है। उन्हें अपनी बैठक करने का पूरा अधिकार है। उन्होंने आगे कहा, मुझे नहीं लगता है कि इस मुद्दे पर टिप्पणी



की जानी चाहिए। मैं चाहता हूं कि इस विवाद का जल्द से जल्द निपटारा हो। कुछ लोग इस मुद्दे को तूल देकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने की फिराक में हैं, जो कि मैं बिल्कुल नहीं चाहता हूं। लेकिन यहां पर मैं तमिलनाडु के संबंध में एक टिप्पणी करना चाहता हूं कि जो जल हमारे द्वारा संचित किया जाएगा, उसे आप ही इस्तेमाल करेंगे। आप मेरा यकीन मानिए, उसमें हम बिल्कुल भी दखलंदाजी नहीं करेंगे। यह कर्नाटक के लोगों की तरफ से मेरी खास अपील है और मुझे पूरी उम्मीद है कि तमिलनाडु के लोग मेरी बातों पर ध्यान जरूर देंगे। हम चाहते हैं कि इस मुद्दे का समाधान हो। उन्होंने आगे कहा, मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है, तो ऐसी स्थिति में हम इस पर कोई भी टिप्पणी करने से बचना चाहेंगे, लेकिन मैं एक बात कहना चाहता हूं कि कोर्ट का जो भी फैसला आएगा, उसे हम सम्मान पूर्वक स्वीकार करेंगे। हमने अभी किसी पानी को रोककर नहीं रखा है। वहीं, हमारे पास जो भी पानी प्रवाहित होकर आ रहा है, उसे छोड़ा जा रहा है, उसमें हम किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं कर रहे हैं।

## सुमित नागल ने करियर की सर्वोच्च एटीपी रैंकिंग हासिल की, शीर्ष 70 में पहुंचे

**नई दिल्ली।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने सोमवार को जारी नवीनतम एटीपी रैंकिंग में 68वां स्थान हासिल किया है, जो उनके करियर की सर्वोच्च रैंकिंग है। इसी के साथ वह 1973 में इस प्रणाली की शुरूआत के बाद से चौथे सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय पुरुष खिलाड़ी बन गए। ऐतिहासिक ग्रैंड स्लैम प्रदर्शनों के बाद नागल पांच पायदान ऊपर चढ़कर शशि मेनन से आगे निकल गए, जिनके नाम सर्वकालिक सूची में संयुक्त रूप से चौथी सर्वोच्च रैंकिंग 71 थी। 26 वर्षीय नागल से आगे सोमदेव देववर्मन (62), रमेश कृष्णन (23) और विजय अमृतराज (18) हैं। नागल ने फ्रेंच ओपन में पदार्पण किया, लेकिन शुरुआती दौर में हार गए। उन्होंने विंबलडन में पुरुष एकल मुख्य ड्रॉ में भी अपनी पहली उपस्थिति दर्ज की, लेकिन पहले दौर में ही बाहर हो गए।

# पटना : हाइवा से टकराई तेज रफ्तार स्कॉर्पियो, छह की मौत, पांच घायल

एजेंसी

**पटना।** बिहार के पटना जिले में बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर ओवरब्रिज के नज़दीक आज तड़के तेज रफ़्तार स्कॉर्पियो के सड़क किनारे खड़े हाइवा से टकराने से छह लोगों की मौत हो गई तथा पांच अन्य घायल हो गए।

बाढ़ (दो) के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) अभिषेक सिंह ने मंगलवार को बताया कि नवादा से बख्तियारपुर की ओर आ रही स्कॉर्पियो राष्ट्रीय राजमार्ग-31 के किनारे खड़े हाइवा से टकरा गई। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में स्कॉर्पियो पर सवार कुल 11 लोगों में चार की मौके पर ही मौत हो गई। श्री सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही मौक़े पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल सात लोगों को बख्तियारपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। चिकित्सकों ने घायलों को बेहतर इलाज की लिए पटना चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल (पीएमसीएच) रेफर किया, जहां एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई।

एसडीपीओ ने बताया कि अन्य पांच घायलों का इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि घटना के वास्तविक कारणों का पता नहीं चल पाया है। स्कॉर्पियो के चालक को नींद आ गई या अन्य कारण से दुर्घटना हुई इसका पता लगाया जा रहा। आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। मृतकों की पहचान की जा रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक नवादा जिले के हिसुआ से एक स्कॉर्पियो आ रही थी। इस पर 11 लोग सवार थे। सभी बाढ़ के उमानाथ घाट गंगा स्नान करने जा रहे थे। इस दौरान बख्तियारपुर फोरलेन पर सड़क के किनारे खड़ी एक हाइवा से जा टकराई।

## बंगाल विधानसभा का मानसून सत्र होगा हंगामेदार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा का मानसून सत्र 22 जुलाई से शुरू होने वाला है। इसके काफी हंगामेदार रहने की संभावना है। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस सत्र के दौरान सदन में दो विशेष प्रस्ताव पेश कर सकती है। पहला प्रस्ताव नीट को खत्म करने और अलग-अलग राज्य सरकारों द्वारा प्रवेश परीक्षा आयोजित करने की पुरानी प्रणाली को बहाल करने की मांग पर होगा। हाल ही में नीट-यूजी पेपर लीक और इसमें कई तरह की अनियमितताओं का मामला सामने आया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 24 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र भेजकर यही मांग उठाई थी। तृणमूल कांग्रेस के अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, दूसरा प्रस्ताव तीन नए आपराधिक कानूनों के लागू करने को लेकर है। पार्टी का कहना है कि इसे जल्दबाजी में लागू किया गया और इस पर संसद में बहस भी नहीं हुई। मुख्यमंत्री ने पिछले महीने इसी मुद्दे पर प्रधानमंत्री को पत्र भी लिखा था।